* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



राजगीर के भूटानी मंदिर में पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 71 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, बुधवार, 6 अगस्त 2025 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को नम आंखों से अंतिम विदाई, उमड़ा जन सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नेमरा (रामगढ़)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके पैतृक गांव नेमरा में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए श्मशान घाट पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। नम आंखों से लोगों ने दिशोम गुरु को अंतिम जोहार कहा। अंतिम यात्रा में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव आदि शामिल हुए। अंतिम विदाई में लोगों का जनसैलाब उमड़ा। नम आंखों से लोगों ने गुरुजी को विदाई दी। इससे पूर्व मंगलवार अपराह्न करीब 2.30 बजे दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव नेमरा पहुंचा। वाहन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बेटे बसंत सोरेन अपने पिता के सिरहाने बैठ थे। पैतृक घर पहुंचने के बाद संथाली रीति रिवाज से अंतिम विदाई की तैयारी की गई। सोरेन परिवार के पूर्वजों का अंतिम संस्कार जिस घाट पर होता है, वहीं दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी मुखाग्नि दी गई। मुखाग्नि के दौरान भारी बारिश के बीच हजारों नम आंखों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। शिबू सोरेन अमर रहे का नारा पूरे इलाके में गुंजायमान होता रहा। दिशोम गुरु की अंतिम यात्रा उनके घर से अपराह्न करीब 3.40 बजे निकली। करीब 4.15 बजे उन्हें मुखाग्नि दी गई। गुरुजी की अंतिम यात्रा में कई नेता, मंत्री, सांसद, विधायक, राज्य की चीफ सेक्रेटरी अलका तिवारी, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव अविनाश कुमार के अलावा कई जिलों के एसपी, डीसी सहित अन्य अधिकारी और वीआईपी मौजूद थे। शिबू सोरेन के प्रति लोगों का जुनून, दीवानगी या सम्मान ही कह लें, नेमरा गांव में लोग बारिश को मात देकर उनके अंतिम संस्कार में पहुंचे। लोगों को छाता लिए



उनके अंतिम क्रिया के लिए बेचैन होते देखा गया। कुदरत भी शायद झारखंड की इस महान शख्सियत पर आज भावुक हो गई। शिबू सोरेन से झारखंड की जनता कितना प्रेम करती थी इसकी बानगी उनकी अंतिम यात्रा में दिख रही थी। लोगों का सड़क किनारे विशाल हुजूम अपने गुरुजी की एक झलक पाने को आतुर दिखा। पूरे रास्ते में झारखंड के कोने-कोने से आए लोग 'गुरुजी अमर रहें' के नारे लगाते दिखे। रांची के ओरमांझी में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री चौक दड़दाग ओरमांझी मैं जन सैलाब उमर पड़ा। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के नेतृत्व में झामुमो, कांग्रेस, भाजपा, झारखंड विकास जंतत्रिक मोर्चा, आजसू सहित अन्य राजनीतिक पार्टी के नेता सामाजिक कार्यकर्ता और आम जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शिबू सोरेन के करीबियों में गिने जाने वाले पूर्व सीएम चंपाई सोरेन भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इसके साथ ही पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, आप सांसद संजय सिंह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के पार्थिव शरीर को लेकर मोरहाबादी स्थित अपने आवास से झारखंड विधानसभा के लिए रवाना हुए। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ झारखंड विधानसभा परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। यहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, केंद्र एवं राज्य सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, पूर्व सांसद, पूर्व विधायकगण तथा विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नीतीश कैबिनेट की बैठक में 36 एजेंडों पर लगी मुहर, स्कूल में रसोइया, शारीरिक शिक्षक व अनुदेशकों का बढ़ा मानदेय

# अब बिहार के लोग ही बनेंगे शिक्षक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने शिक्षकों की बहाली में यहां के स्थानीय लोगों के लिए विशेष मौका दिया है। बीपीएससी के स्तर से शिक्षकों की बहाली के लिए इस वर्ष आयोजित होने वाली टीआरई-4 की परीक्षा से ही बिहार मूल के अभ्यर्थियों को डोमिसाइल का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित मसौदे को मंजूरी दी गई है। इसके तहत बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानान्तरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) (संशोधन) नियमावली, 2025 में इस नई व्यवस्था से संबंधित एजेंडे पर मुहर लगी। इसकी जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। बताया कि कैबिनेट की बैठक में कुल 36 एजेंडों पर मुहर लगी है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार की इस नई घोषणा के बाद शिक्षक बहाली में बिहार के मूल निवासियों को मिलने वाले कुल लाभ का प्रतिशत देखें तो यह 85 फीसदी से अधिक साबित होता है। उन्होंने कहा कि टीआरई-5 की परीक्षा वर्ष 2026 में होगी लेकिन इससे पहले एसटीईटी आयोजित की जाएगी। जबकि टीआरई-4 की परीक्षा इस वर्ष आयोजित होगी। कैबिनेट से डोमिसाइल नीति से संबंधित प्रस्ताव की मंजूरी मिलने के बाद शिक्षा विभाग के स्तर से इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके अलावा राज्य सरकार ने रसोइया से लेकर शारीरिक अनुदेशकों तक के मानदेय में बढ़ोतरी करने की घोषणा पर भी कैबिनेट की मुहर लग गई है। अब स्कूलों में कार्यरत रात्रि प्रहरी के मानदेय को 5 हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दिया गया है। इनकी



संख्या राज्यभर में 6 हजार है। शारीरिक शिक्षक एवं अनुदेशकों के मानदेय को 8 हजार मासिक से बढ़ाकर 16 हजार रुपये कर दिया गया है। इनकी संख्या 2 हजार 350 है। साथ ही इनके मानदेय में 400 रुपये वार्षिक की बढ़ोतरी की जाती है। इसके अलावा स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोइयों के मानसिक मानदेय को बढ़ाकर 3 हजार 300 रुपये कर दिया गया है। इनकी संख्या 2 लाख 18 हजार 622 है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रति महीने कर दिया गया है। इसी तरह ममता कर्मियों के मानदेय को दोगुणा करते हुए 600 रुपये प्रति प्रसव कर दिया गया है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत नियमित सफाई कर्मियों का मानदेय बढ़ाकर 9 हजार रुपये प्रति महीने और अंशकालिकों का मानदेय 5 हजार रुपये प्रति महीने कर दिया गया है। राज्य के सरकारी एवं गैर-सरकारी सहायता प्राप्त अनुदानित (अल्पसंख्यक समेत) मध्य एवं उच्च माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 7वीं से 12वीं तक की छात्राओं को मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना के तहत डीबीटी के जरिए मिलने वाले आर्थिक लाभ के लिए 75 फीसदी उपस्थिति के आधार पर दिया जाता है। यह अवधि 1 अप्रैल से 31 जुलाई 2025 तक के लिए मान्य होगी। इसी तरह मुख्यमंत्री बालक या बालिका छात्रवृति योजना तथा मुख्यमंत्री बालक या बालिका साइकिल योजना की छात्र या छात्राओं के लिए भी उपस्थिति की अवधि यही मान्य होगी। बिहार के बच्चों और युवाओं की पढ़ाई को आसान और बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना शुरू की है। इस योजना के लिए सरकार ने 94 करोड़ 50 लाख 47 हजार रुपए मंजूर किए हैं। अब राज्य के हर विधानसभा क्षेत्र में एक डिजिटल लाइब्रेरी सेंटर खोली जाएगी, ताकि छात्र और युवा ऑनलाइन पढ़ाई कर सकें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। इसके अलावा अब बिहार में साइकिल और छात्रवृत्ति का पैसा भी सीधे खातों में ट्रांसफर किया जाएगा।

## रिश्वतखोरी में महिला सब इंस्पेक्टर और चौकीदार रंगेहाथ गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खगड़िया।** जिले के पुलिस महकमे को शर्मसार करने वाली एक बड़ी कार्रवाई में निगरानी विभाग की टीम ने नगर थाना में पदस्थापित एक महिला सब इंस्पेक्टर और एक चौकीदार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई महिला अधिकारी की पहचान सब इंस्पेक्टर सीमा कुमारी के रूप में हुई है, जबकि गिरफ्तार चौकीदार का नाम वीरू पासवान बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को दोनों आरोपियों के खिलाफ घूसखोरी की शिकायत पहले से मिल रही थी। इसी सूचना के आधार पर मंगलवार को जाल बिछाया गया और जैसे ही दोनों ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने मौके पर ही उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद दोनों को निगरानी विभाग की टीम पटना ले गई है, जहां उनसे आगे की पूछताछ की जा रही है। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर पुलिस मुख्यालय या जिला पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस घटना के बाद खगड़िया जिले के पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है, और आम लोगों में भी इस मामले को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### समस्तीपुर के पटोरी थानाध्यक्ष निलंबित

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पटोरी थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर कुणाल चंद्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनपर शराब माफिया से सांठ-गांठ का आरोप है। विभागीय कार्रवाई का भी आदेश जारी किया है। एसपी के अनुशंसा पर दरभंगा परिक्षेत्र की डीआईजी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने निलंबित कर दिया। इसके साथ ही एक अन्य थानेदार पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

### सांप के काटने से दो बहनों की मौत

**मधुबनी (नबिटा ब्यूरो)।** साहरघाट थाना क्षेत्र के पिहवाड़ा लक्ष्मी टोल गांव सोमवार देर रात सांप के काटने से एक ही परिवार की दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। मृतक बच्चियों की पहचान देवेंद्र साह की 12 वर्षीय बेटी रौशनी कुमारी और 10 वर्षीय नेहा कुमारी के रूप में हुई है।

### सड़क दुर्घटना में दो कांवरियों की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के बैरिया बस स्टैंड के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो कांवरियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के चिपुरा गांव निवासी 20 वर्षीय गोलू कुमार और उसके एक साथी के रूप में हुई है।

### बारिश के पानी में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली जिले के जंदाहा थाना अंतर्गत बिजरौली गांव में बारिश के पानी में डूबने से दो सहेलियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान विनोद साहनी की बेटी आयुषी कुमारी और रुदल साहनी की बेटी स्वर्गनिक कुमारी के रूप में हुई है।

## बिहार में बचे हैं केवल तीन हथियारबंद नक्सली : एडीजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नक्सलियों का पूर्ण सफाया करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। कई कुख्यात नक्सलियों की मौत मुठभेड़ में हो चुकी है जबकि कई दुर्दांत नक्सलियों ने सरेंडर भी किया और अभी जेल में हैं। बिहार पुलिस के एडीजी (ऑपरेशन) कुंदन कृष्णन ने दावा किया है कि अब केवल तीन हथियारबंद नक्सली बिहार में बचे हैं। इन नक्सलियों को पकड़ने की समय सीमा भी उन्होंने बता दी है। श्री कृष्णन ने बताया कि केंद्र सरकार ने हथियारबंद नक्सलियों को जड़ से उखाड़ने की डेडलाइन तय कर दी है। केंद्र सरकार की गाइलाइन है कि अगले साल 2026 में मार्च महीने तक हथियारबंद नक्सलियों को मिटाना है। एडीजी ने कहा कि बिहार में केवल तीन हथियारबंद नक्सली बचे हैं। बिहार चुनाव के पहले ही इन नक्सलियों को मनाकर सरेंडर करवा लिया जाएगा। अगर ये नक्सली सरेंडर नहीं करते हैं और जंगलों में अभियान के तहत घूम रहे हमारे जवानों पर फायरिंग करेंगे, तो वो भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाएंगे। बिहार में कई दुर्दांत नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। बालेश्वर कोड़ा, अर्जुन कोड़ा और नागेश्वर कोड़ा ऐसे ही खूंखार नक्सलियों की लिस्ट में रहे। तीनों ने पहले ही पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है और अभी जेल में हैं। वहीं इसी साल झारखंड के बोकारो में बड़ी मुठभेड़ हुई थी जिसमें बिहार का बेहद खूंखार नक्सली अरविंद यादव मारा गया। इसी साल जून महीने में तीन लाख रुपये का इनामी नक्सली और नक्सली संगठन के एरिया कमांडर रावण कोड़ा ने भी सरेंडर कर दिया है।

## बिहार की प्रशासनिक मशीनरी में बड़े बदलाव की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की प्रशासनिक मशीनरी में इसी महीने बड़े स्तर पर बदलाव की तैयारी है। इस बाबत उच्च स्तर पर विमर्श भी शुरू है। विधानसभा चुनाव की अधिसूचना के पहले इस बारे में निर्णय लिया जाना तय है। वर्तमान में विकास आयुक्त के पद पर कार्यरत प्रत्यय अमृत एक सितंबर को मुख्य सचिव का कामकाज संभालेंगे। उनके मुख्य सचिव बनने के बाद विकास आयुक्त का पद रिक्त हो जाएगा, इसलिए एक सितंबर से पहले विकास आयुक्त के पद पर किसी अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी को पदस्थापित किया जाएगा। स्वास्थ्य व आपदा प्रबंधन विभाग में भी नए अपर मुख्य सचिव को पदस्थापित किया जाएगा। दोनों विभागों का जिम्मा फिलहाल प्रत्यय अमृत के पास है। उनके मुख्य सचिव बनने के बाद इन दोनों महत्वपूर्ण विभागों में वरीय अधिकारी को अपर मुख्य सचिव के रूप में तैनात किया जाएगी। मुख्य सचिव को छोड़ दें तो वर्तमान में अपर मुख्य सचिव स्तर के अभी सात अधिकारी हैं। अमृत लाल मीणा के अवकाश ग्रहण करने के बाद किसी एक वरीय अधिकारी को अपर मुख्य सचिव स्तर में प्रोन्नत किया जाएगा। वर्तमान में अपर मुख्य सचिव स्तर के जो सात अधिकारी हैं उनके पास दो-दो महकमों का प्रभार है। इनमें कुछ के पास तो तीन-तीन विभाग का जिम्मा है। दीपक कुमार सिंह के पास ग्रामीण कार्य और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग जैसे दो महकमे का जिम्मा है। हरजोत कौर बम्हारा के पास पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पास राजस्व पर्षद का भी प्रभार है। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह के पास तीन विभागों का प्रभार है। वह परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं और महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त भी हैं। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी के पास भी तीन विभाग हैं। वह निगरानी विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं साथ में बिहार राज्य संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद के परीक्षा नियंत्रक भी हैं। इनके बाद डॉ. एन विजयलक्ष्मी की वरीयता है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंदर के पास भी कई महकमों का अतिरिक्त प्रभार है। नए विकास आयुक्त के रूप में डॉ. एस सिद्धार्थ और दीपक कुमार सिंह का नाम चर्चा में है। वरीयता के लिहाज से डॉ. सिद्धार्थ मुख्य सचिव के बाद पहले नंबर पर हैं, मगर महत्वपूर्ण यह है कि वह इसी वर्ष नवंबर में रिटायर हो रहे। उनके बाद दीपक कुमार सिंह का नाम वरीयता में है। अगर दीपक कुमार सिंह को विकास आयुक्त बनाया जाता है तो दो अन्य महकमों में अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी की तैनाती होगी।

## अगले माह होगा पटना मेट्रो का उद्घाटन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना मेट्रो का उद्घाटन अब अगले माह होगा। सुरक्षा ऑडिट में कमी के चलते 15 अगस्त को उद्घाटन की तिथि टाल दी गई है। नगर विकास मंत्री जिवेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि सुरक्षा खामियों को दूर करने के बाद ही उद्घाटन होगा। उससे पहले मेट्रो परिचालन का ट्रायल किया जाएगा। रेल परिचालन की केंद्रीय सुरक्षा टीम ने मेट्रो परियोजना का जायजा लिया है। टीम ने सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई अहम सुझाव दिये हैं, जिनपर काम चल रहा है। सुरक्षा उपायों को दुरुस्त करने के बाद इस माह ट्रायल शुरू किया जा सकता है। इसके बाद अगले माह सितंबर में मेट्रो उद्घाटन की तारीख तय की जाएगी। बता दें कि 15 अगस्त को मेट्रो परिचालन शुरू करने की तैयारी जोर-शोर से चल रही थी।

## कम होगी पटना से राजगीर की दूरी : नीतीश

### सीएम ने सालेपुर-राजगीर फोरलेन हाइवे के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिले के राजगीर में सालेपुर-राजगीर फोरलेन हाई-वे के निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा राष्ट्रीय उच्च पथ 82 पर नवनिर्मित आरओबी का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने राजगीर के सिलाव के बेलौआ में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 862.63 करोड़ रुपये की लागत से नालंदा जिला अंतर्गत सालेपुर (एसएच-78) से नूरसराय-अहियापुर-सिलाव होते हुए एनएच-120 के बेलौआ (राजगीर) तक फोर लेन हाई-वे (बौद्ध सर्किट को जोड़नेवाला राजगीर का पर्यटन मार्ग) के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के पश्चात् मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ का निर्माण हो जाने से पटना से राजगीर की दूरी लगभग 20 किमी कम हो जाएगी। इसके बन जाने से राजगीर में निर्माणाधीन/निर्मित अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर व हवाई अड्डा, नालंदा विश्वविद्यालय एवं राजगीर पर्यटन क्षेत्र



पहुंचना सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पथ के बन जाने से इस क्षेत्र में औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में प्रगति होगी। साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने ग्राम हसनपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर 81 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 82 के भाग 74+683 पर राजगीर रोड ओवरब्रिज (पहुंच पथ सहित) का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजगीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे लोगों का आवागमन और सुगम हो जाएगा तथा जाम से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल परिसर स्थित स्टेडियम में एशिया रग्बी अंडर 20 चैंपियनशिप की तैयारियों का जायजा लिया और वहां अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने भूटानी मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

औरंगाबाद में क्या आप अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहते हैं? इस प्रीमियम व्यावसायिक स्थान को किराया पर लें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

- संपत्ति का प्रकार : पूर्ण व्यावसायिक भवन
- स्थान : रावल बिगहा, कुंडा-सिमरा रोड पर, औरंगाबाद (बिहार)
- कुल मंजिलें : 2
- निर्मित क्षेत्रफल : 13000 वर्गफीट



उपयुक्त

- शोरूम
- कार्यालय
- कोचिंग संस्थान
- क्लिनिक/अस्पताल
- रेस्टोरेंट/कैफे
- सुपरमार्केट/खुदरा श्रृंखलाएं

सुविधाएं : पार्किंग स्थान उपलब्ध, प्रत्येक मंजिल पर अलग शौचालय, 24 X 7 पानी और बिजली

संपर्क करें : प्रमोद कुमार सिंह, मो.-9931820911

C M Y K

# मुख्यमंत्री ने वेस्ट टू वंडर थीम पार्क का किया स्थल निरीक्षण, अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांस घाट स्थित देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल और जे.पी. गंगा पथ के बीच विकसित किये जाने वाले 'वेस्ट टू वंडर थीम पार्क का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने वीडियो क्लिप के माध्यम से विकसित किये जाने वाले वेस्ट टू वंडर थीम पार्क के संदर्भ में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास वेस्ट टू वंडर थीम पार्क के बन जाने से यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जेपी गंगा पथ अवस्थित है जिससे बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन आवागमन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांस घाट स्थित देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के निकट ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण का समाधि स्थल है। मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के समाधि स्थल को भी विकसित करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बांस घाट क्षेत्र में निर्माणाधीन शवदाह गृह परिसर के प्रगति कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माणाधीन शवदाह गृह की कार्य प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना नगर निगम के आयुक्त एवं बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष पराशर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि सत्यपाल मलिक 4 अक्टूबर 2017 से 22 अगस्त 2018 तक बिहार के राज्यपाल रहे थे। बिहार के अतिरिक्त वे जम्मू-कश्मीर, गोवा एवं मेघालय के भी राज्यपाल रहे थे। सत्यपाल मलिक के रूप में देश ने एक बड़े व्यक्तित्व को खो दिया है। सत्यपाल मलिक ने राज्यपाल के रूप में अपनी जिम्मेवारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## जिला स्तर रेड रन में बी. डी. कॉलेज, पटना के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के निर्देशन पर बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा आज इको पार्क, राज भवन, जैविक उद्यान मार्ग पर जिला स्तर 'रेड रन- 2025' का आयोजन किया गया। रेड रन में पटना स्थित 20 कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस जिला स्तरीय 5 किलोमीटर दौड़ में बी. डी. कॉलेज, पटना के एनसीसी, एनएसएस एवं खेल प्रकोष्ठ से जुड़े छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सराहनीय प्रदर्शन किया। इस आयोजन में एनसीसी अधिकारी ले. राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी की। वहीं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार साव ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एचआइवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। रेड रन में बी. डी. कॉलेज के निम्नलिखित छात्रों ने शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त कर कॉलेज को गौरवान्वित किया। शालिनी कुमारी-तीसरा स्थान, अमरजीत राज-तीसरा स्थान, सत्यजीत गांगुली-चौथा स्थान, ऋषिकेश भट- छठा स्थान। ये सभी विजेता सितंबर में होने वाले राज्य स्तर मैराथन में पटना जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अलावा एनएसएस इकाई की ओर से भाग लेने वाले स्वयंसेवकों की सूची इस प्रकार रही-छात्र- विकास कुमार, गौरव कुमार, सौरव झा, अलीशा कुमारी, संजीवनी कुमारी। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## 8 अगस्त को जगमगाएगा बिहार, माता सीता जन्मभूमि मंदिर का होगा शिलान्यास : प्रो. रणबीर नंदन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को यह घोषणा करते हुए अपार हर्ष और गर्व की अनुभूति हो रही है कि 08 अगस्त 2025 को सीतामढ़ी के पवित्र पुनौरा धाम में जगदजननी माता सीता के भव्य मंदिर का भूमि पूजन और शिलान्यास ऐतिहासिक एवं दिव्य माहौल में संपन्न होगा। यह दिन न केवल मिथिला या बिहार के लिए, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए आस्था, संस्कृति और गौरव का महापर्व सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि पुनौरा धाम वही पावन स्थल है जहां मिथिला नरेश राजा जनक ने हल जोतते समय धरती से माता सीता को पाया था। इसी कारण यह भूमि सीता जन्मभूमि के रूप में विख्यात है। हमारे धर्मग्रंथों में वर्णित है कि माता सीता के प्राकट्य के समय पूरी मिथिला में उल्लास और उत्सव का वातावरण था। आज वही ऐतिहासिक क्षण एक नई ऊर्जा और दिव्यता के साथ पुनः साकार होने जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्रीनीतीश कुमार मंदिर का शिलान्यास करेंगे। साथ ही बिहार के उपमुख्यमंत्रीगण सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सहित राज्य मंत्रिमंडल के सभी मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण और देशभर से पधारे साधु-संत एवं हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने माता सीता जन्मभूमि के विकास हेतु लगभग 882 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। इस परियोजना के अंतर्गत पुनौरा धाम को अयोध्या की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। विशाल मंदिर भवन के साथ ही धर्मशाला, तीर्थयात्री आवास, सांस्कृतिक केंद्र और धार्मिक पर्यटन सुविधाएं भी इस परिसर में निर्मित की जाएंगी। यह परियोजना केवल एक मंदिर तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का तीर्थस्थल बनाकर बिहार की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित किया जाएगा।

### बिहार बायोफ्यूल डायलॉग्स के मंच से नयी बायोफ्यूल उत्पादन प्रोत्साहन नीति जारी

## राज्य में हरित ऊर्जा की दिशा में नया अध्याय शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के होटल मौर्य में आयोजित 'बिहार बायोफ्यूल डायलॉग्स 2025' के मंच से राज्य सरकार ने बायोफ्यूल उत्पादन प्रोत्साहन (संशोधित) नीति 2025 को औपचारिक रूप से जारी किया। उद्योग विभाग की ओर से आयोजित इस आयोजन में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, राज्य के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी, निवेशक और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। नई नीति का उद्देश्य हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना, कंप्रेस्ड बायो-गैस (सीबीजी) उत्पादन को प्रोत्साहित करना, किसानों की आमदनी बढ़ाना और सतत विकास को मजबूती देना है। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। मंच पर उपमुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव विजय लक्ष्मी, बिहार राज्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग के अध्यक्ष सुरेश कुमार रुंगटा, बियाडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार, उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, तकनीकी निदेशक शेखर आनंद, हस्तशिल्प एवं रेशम उद्योग निदेशालय के निदेशक यशपाल मीणा और नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा जैसे कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। हस्तशिल्प एवं रेशम उद्योग निदेशालय के निदेशक यशपाल मीणा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके बाद उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने नीति की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह नीति सीबीजी के क्षेत्र में निवेशकों के लिए स्पष्ट दिशा और प्रोत्साहन उपलब्ध कराती है। इसके माध्यम से हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण के साथ-साथ किसानों व उद्यमियों को भी आर्थिक लाभ होगा। अपने संबोधन में उद्योग मंत्री ने कहा कि बिहार की यह नीति नवाचार और निवेश को प्रेरित करने वाली है। यह केवल ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन की नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में भी एक निर्णायक पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार जल्द ही बायोफ्यूल उत्पादन में अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। वहीं उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि बिहार जैसे राज्य कंप्रेस्ड बायो-गैस जैसे विकल्पों पर गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने 'वेस्ट टू वेल्थ' यानी कचरे से संपदा की अवधारणा को जमीन पर उतारने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि नई नीति हरित विकास के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक बदलाव का आधार बनेगी। 'इंडस्ट्री स्पीक्स' सत्र में बायोफ्यूल और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े निवेशकों ने सरकार की पहल की सराहना करते हुए सीबीजी इकाइयों में निवेश की इच्छा जताई। उन्होंने नीति को स्पष्ट, व्यावहारिक और भविष्य उन्मुख बताया। वर्तमान में बिहार में 12 इथेनॉल इकाइयां संचालित हो रही हैं जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 1617.5 किलोलीटर प्रतिदिन है। बियाडा द्वारा चयनित औद्योगिक क्षेत्रों में सीबीजी इकाइयों के लिए सार्वजनिक और निजी आपूर्तिकर्ताओं को 25% भूमि 30 वर्षों के लिए 75,000 प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर पर लीज पर दी जाएगी। बायोफ्यूल नीति 2025 के लागू होने के बाद बिहार में पर्यावरणीय संतुलन, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस पहल को बिहार की ऊर्जा नीति में मील का पत्थर माना जा रहा है जो राज्य को हरित और टिकाऊ भविष्य की ओर अग्रसर करेगा।

## सावन मिलन में छात्रों संग अभिभावकों ने दिखाई प्रतिभा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** द माउंट स्कूल पटना में सावन मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों और अभिभावकों ने मिलकर कई सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई जिसमें छात्रों ने नृत्य, नाटक और गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभिभावकों के लिए भी रैंप वॉक और विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और अभिभावकों के साथ उनका जुड़ाव मजबूत होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## स्वास्थ्य विभाग में लगातार हो रही बहालियां, आशा - ममता कार्यकर्ताओं का बढ़ा उत्साह : मंगल पांडेय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सोनपुर/सारण।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सोनपुर अनुमंडल अस्पताल परिसर में 20 बेड वाले मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) और 70 बेड के प्रीफैब फील्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के 15 अन्य अनुमंडल अस्पतालों में भी एक साथ एमएनसीयू का उद्घाटन किया। इस पूरी परियोजना पर कुल 17 करोड़ 40 लाख रुपये का खर्च हुआ है जिसमें सोनपुर अस्पताल में ही 8.66 करोड़ रुपये की लागत से दो आधुनिक स्वास्थ्य इकाइयों का निर्माण हुआ है। राज्य में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए पिछले दो महीनों में 10 हजार नियुक्तियां की गई हैं और अगले दो महीने में 20 हजार नियुक्तियां और की जाएंगी। अगस्त महीने में ही 7000 नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। यह नियुक्तियां चिकित्सकों, नर्सों, जीएनएम, सीएचओ और पारा-मेडिकल स्टॉफ की होंगी। श्री पांडेय ने कहा कि 'स्वस्थ मां और नवजात ही राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति हैं।' उन्होंने बताया कि यह एमएनसीयू यूनिट 20 बेड की है और इसकी खास बात यह है कि इसमें मां और नवजात को एक साथ रखने की सुविधा उपलब्ध है जिससे बेहतर देखभाल और मातृत्व संबंधी संतोषजनक माहौल सुनिश्चित होता है। इसी सोच के साथ 'एक राष्ट्र, एक मिशन - स्वस्थ नारी, समृद्ध वतन' के संकल्प पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। 2009 में जहां सिर्फ 12 बेड के साथ वैशाली सदर अस्पताल में एसएनसीयू की शुरुआत हुई थी, वहीं आज पूरे राज्य में इसकी संख्या बढ़कर 1121 बेड तक पहुंच चुकी है। इसका सीधा लाभ यह हुआ है कि बिहार में नवजात मृत्यु दर प्रति 1000 जन्म पर 52 से घटकर अब 26 हो गया है, जो कि राष्ट्रीय औसत के बराबर है।

## आदित्य कुमार का एनटीपीसी में इंजीनियरिंग एग्जीक्यूटिव ट्रेनी पद पर चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, दरभंगा के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के 2019-2023 बैच के प्रतिभाशाली छात्र आदित्य कुमार ने संस्थान को एक बार फिर गौरवान्वित किया है। वर्तमान में आइआइटी रुड़की से इंस्ट्रूमेंटेशन और सिग्नल प्रोसेसिंग में परास्नातक (एम-टेक) कर रहे आदित्य का चयन भारत की महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी में इंजीनियरिंग एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद पर हुआ है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर चयनित छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही बताया कि डीसीइ दरभंगा के छात्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्थाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। आदित्य ने अपनी लगन, अनुशासन और तकनीकी दक्षता से यह उपलब्धि प्राप्त की है जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डीसीइ परिवार की ओर से हम उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने किया 'परिधान' प्रशिक्षण सिलाई केंद्र में कार्यशाला का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में रेलवे कॉलोनी हाजीपुर स्थित 'परिधान' प्रशिक्षण सिलाई केंद्र की विद्यार्थियों के लिए सिंगर कंपनी द्वारा कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। साथ ही साथ उन सभी प्रशिक्षुओं के प्रथम बैच के प्रशिक्षण समाप्त होने के उपरांत 5 अगस्त को परीक्षा भी आयोजित किया गया। सभी विद्यार्थियों को कार्यशाला के माध्यम से सिलाई से संबंधित तरह-तरह की जानकारी एवं इसकी महत्व के बारे में बताया गया। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सिंगर कंपनी के तरफ से प्रमाण पत्र दिया जाएगा जिससे वे भी आगे चल कर कुछ स्व-रोजगार के लिए लाभान्वित हो सकेंगे।

## नोट्रेडेम अकादमी में रक्षाबंधन समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना स्थित नोट्रे डेम अकादमी में आज कक्षा तीन की छात्राओं द्वारा एक भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के रक्षकों पुलिस पदाधिकारियों, महिला अधिकारियों तथा परिवहन कर्मियों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना था। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं महिला आईपीएस अधिकारी दिक्षा, अजीत कुमार (पथ परिवहन उपाधीक्षक), अनु कुमारी (उपाधीक्षक, सचिवालय), सुशील कुमार (फुलवारीशरीफ उपाधीक्षक), कृष्ण मुरारी (उपाधीक्षक, विधि एवं व्यवस्था), तथा कई परिवहन मित्र।

## एचडीएफसी बैंक ने एपीके धोखाधड़ी को लेकर जारी की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को एपीके (एंड्रॉइड पैकेज किट) धोखाधड़ी को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। बैंक का कहना है कि हाल के दिनों में ऐसे मामलों में तेजी आई है जहां साइबर ठग बैंक अधिकारी या सरकारी कर्मचारी बनकर लोगों को फर्जी एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते हैं। इन फाइलों के जरिए ठग उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन को नियंत्रित कर लेते हैं और बैंक खातों से अनधिकृत लेन-देन कर डालते हैं। बैंक ने बताया कि ठग केवाइसी अपडेट, ट्रैफिक चालान भुगतान या आयकर रिफंड जैसे बहाने बनाकर ग्राहकों को मैसेज या कॉल करते हैं और एक फर्जी एपीके लिंक भेजते हैं। इस लिंक पर क्लिक करते ही यूजर के फोन में मैलवेयर इंस्टॉल हो जाता है जिसकी जानकारी उसे नहीं होती। इसके बाद फोन की संवेदनशील जानकारी जैसे खाता विवरण, ओटीपी, मैसेज आदि साइबर अपराधियों के पास पहुंच जाती है और चंद मिनटों में लेन-देन कर लिए जाते हैं। एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अनजान लिंक पर क्लिक न करें, केवल अधिकृत ऐप स्टोर्स से ही ऐप डाउनलोड करें और किसी भी परिस्थिति में किसी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर कोई थर्ड पार्टी ऐप न इंस्टॉल करें। बैंक ने यह भी कहा है कि यदि किसी उपभोक्ता को इस तरह की धोखाधड़ी का संदेह हो तो तुरंत बैंक को सूचित करें। साथ ही साइबर क्राइम की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें।

## ठठेरा समाज आज भी सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक दृष्टि से है पिछड़ा : संघ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य ठठेरा संघ के तत्वावधान में मंगलवार को राजधानी के गर्दनीबाग में अपनी मांगों को लेकर संघ ने ठठेरा अधिकार महाधरना का आयोजन किया। इस महाधरना में पूरे राज्य से ठठेरा समाज के लोग शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करते हुए अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने जबकि संचालन महामंत्री सत्यनारायण प्रसाद ने किया। मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष शिव कुमार उर्फ पप्पू भाई, प्रदेश संगठन मंत्री भोलू कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। धरना को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने ठठेरा समाज की दशा दिशा और अधिकारों पर गंभीर चिंता जताई। कहा कि आजादी के 77 वर्ष बाद भी ठठेरा समाज आज भी सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा है। समाज के लोग परंपरागत रूप से पीतल, कांसा और धातु के बर्तन बनाने और उन पर नक्काशी करने का कार्य करते थे, परन्तु समाज के लोग आज भी निर्धनता के कारण गली-गली घूमकर बर्तन का फेरी कर अपने परिवार का गुजर बसर करने को विवश हैं। बच्चों के हाथों में कलम और किताब होना चाहिए था, परन्तु वे ठेला चलाकर लोहा टीना का खरीद बिक्री कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। आजादी के बाद से हमारे समाज का कोई भी सांसद या विधायक नहीं हुआ। यही कारण है कि ठठेरा जाति झोला ढोने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और नौकरियों में हमारे समाज की भागीदारी न के बराबर है। सभी राजनीतिक दलों और कोई सरकार ने ठठेरा जाति की ओर ध्यान नहीं ही नहीं दिया।

## रक्षा सूत्र से जुड़ा देशप्रेम और हरियाली का संकल्प

### टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में आज रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें छात्राओं ने न केवल रक्षा सूत्र बांधकर अपने प्रेम और सम्मान को प्रकट किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति का भी प्रेरणादायक संदेश दिया। इस अवसर पर छात्राओं ने भारतीय सेना के अधिकारी भगवान सिंह हड्डा की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें देश की सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और रक्षा का संकल्प लिया। इसके साथ ही भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के खिलाड़ियों को भी राखियां बांधकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### भाजपा कार्यालय में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बैठक

# संगठन की एकता और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता ही हमारी विजय का आधार : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर और एनडीए की जीत सुनिश्चित करने हेतु मंगलवार को सासाराम के भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक बैठक हुई जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने भाग लिया। बैठक में सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, उत्साह और संकल्प के साथ जुटे। हर भाजपा कार्यकर्ता चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत अपने बूथ के सभी मतदाताओं को जागरूक करने और जरूरी कागज अपने-अपने बीएलओ के पास जमा करने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता आम जनमानस को प्रेरित कर राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करेंगे। कार्यक्रम में शिरकत कर रहे सिन्हा ने बताया कि संगठन की एकता, अनुशासन, निरंतरता और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता ही हमारी विजय का आधार है। इसलिए सभी कार्यकर्ता अभी एक-एक बूथ तक पहुंचकर पार्टी को और मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी का रीढ़ बताते हुए कहा कि किसी भी पार्टी के लिए पार्टी को मजबूती प्रदान करने में सबसे अहम भूमिका कार्यकर्ता का ही होता है। इस दौरान कार्यकर्ताओं में काफी जोश और खुशी देखने को मिला।




## उर्वरक कालाबाजारी को रोकने एवं किसानों की समस्याओं के निपटारे को डीएम ने जारी किये निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी द्वारा खरीफ 2025 का बढ़ाने एवं उर्वरक कालाबाजारी पर जीरो टोलरेंस नीति का अनुपालन करने का निर्देश दिया। आम कृषकों को विभागीय योजनाओं को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वयन एवं उर्वरकों की कालाबाजारी, मुनाफाखोरी एवं निर्धारित दर पर उर्वरक वितरण कराने हेतु आमजनों से, किसानों से प्राप्त शिकायत के निवारण हेतु जिला कृषि नियंत्रण कक्ष का पूर्व में गठन किया गया था जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए निम्न पदाधिकारी, कर्मी को प्रतिनियुक्त किया जाता है। उर्वरक से जुड़े शिकायत के लिए नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाइन नंबर 9471458498 है। हेल्पलाइन पर प्राप्त समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंडों से दैनिक प्राप्त प्रतिदिन उर्वरक दुकान का निरीक्षण एवं छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। किसानों की समस्याओं को लेकर कुछ अलग-अलग पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जिसमें हेल्पलाइन नम्बर 9835285971 पर सहायक निदेशक बीज उत्पादन सह बिपणन पदाधिकारी रोहतास रविकांत कुमार को प्राधिकृत किया गया है जो नियंत्रण कक्ष के प्रभारी पदाधिकारी होंगे। हेल्पलाइन नम्बर 7979071893 पर लिपिक जिला कृषि पदाधिकारी रोहतास मो. तनवीर आलम को प्राधिकृत किया गया है। नियंत्रण कक्ष के सहायक कर्मी होंगे। हेल्पलाइन नम्बर 9471458498 पर कृषि समन्यवक जिला कृषि कार्यालय अभय कुमार को प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को प्रतिनियुक्त किया गया है जबकि प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को कृषि समन्यवक जिला कृषि कार्यालय राजू कुमार और लिपिक अनुमंडल कृषि कार्यालय सासाराम अमन प्रियदर्शी को प्रतिनियुक्त किया गया है।

### आमजनों के समस्याओं के समाधान को लेकर जनता दरबार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा मंगलवार को दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए सभी आमजनों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके तत्काल निवारण हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है।

## 22 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम साथ उप निरीक्षक शिवराज शाह, प्रधान आरक्षी ओम प्रकाश उपाध्याय, आरक्षी सर्वोदय पासवान, सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन, सीपीडीएस टीम गया के आरक्षी राजीव कुमार तथा राजकीय रेल थाना सोननगर के पुलिस अवर निरीक्षक कैसर आलम खान एवं पीटीसी 264 बागिस ओझा अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर गश्त एवं अपराधी गतिविधि निगरानी कर रहे थे। उसी दौरान अनुग्रह नारायण रोड के प्लेटफार्म संख्या 03 पर निर्माणाधीन शौचालय के पास एक व्यक्ति मनोज प्रसाद, उम्र 52 वर्ष, पिता स्वर्गीय दुखन प्रसाद, निवासी झौर, थाना-वारसलीगंज, जिला-नवादा (बिहार) को एक ट्रॉली बैग एवं एक पिट्ठू बैग में विभिन्न प्रकार के 22 लीटर 800 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके पर सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई कर अंग्रेजी शराब को विधिवत जब्त कर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जब्त सभी अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 22540/- रुपए है। बाद में गिरफ्तार व्यक्ति व जब्त अंग्रेजी शराब मय कागजात अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते रेल थाना सोननगर को सुपुर्द किया गया जहां उक्त व्यक्ति एवं जब्त अंग्रेजी शराब के विरुद्ध संबंधित धारा में कांड पंजीकृत किया गया।



## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** नगर के माली टोला के निवासी सह भाजपा के बूथ अध्यक्ष मनु भगत के पिताजी शिवजी भगत के श्रद्धांजलि सभा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, धार्मिक, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नगर निवासी भाजपा मण्डल प्रभारी सह बीस सूत्री सदस्य लालबाबू उर्फ संजय कुमार ने कहा कि स्व.शिवजी भगत लगभग 70 वर्षों की आयु में स्वर्गवास हो गए। लालबाबू ने बताया कि वे जनसंघ काल के कार्यकर्ता रह चुके थे और वे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाते थे।

## सिंचाई विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करने पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज थाना क्षेत्र के मौना गांव में सिंचाई विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करने वाले उक्त गांव के 47 लोगों पर कार्यपालक अभियंता सोन अवर प्रमंडल बिकमगंज ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी कराया है। इस संबंध में प्राथमिकी को ले थाने को दिए आवेदन में कार्यपालक अभियंता ने कहा है कि सिंचाई विभाग की 15.63 एकड़ भूमि, जिसका खाता संख्या 450, खेसरा 1802, रकबा 15.63 एकड़ भूमि पर मौना गांव के लगभग चार दर्जन लोग दुकान मकान बनाकर अतिक्रमण किये हुए हैं। इस सम्बंध में उसी गांव के निवासी फुरकान अहमद ने न्यायालय में रीट याचिका सीडब्लूजेसी 4608/2025 दायर किया था जिसके आलोक में राजस्व कर्मी के जांच व अंचलाधिकारी के प्रासंगिक पत्र के आलोक में उक्त भूमि पर उक्त गांव के लोगों का अतिक्रमण पाया गया है तथा सभी अतिक्रमणकारियों को चिंहित कर अतिक्रमण हटाने को ले नोटिस भी निर्गत किया गया है, लेकिन अभी तक कोई संज्ञान उनके द्वारा नहीं लिया गया है। सिंचाई विभाग के कार्यापालक अभियंता ने उक्त भूमि को अतिक्रमण करने पर भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1950 की धारा तीन के अंतर्गत नोटिस भी सभी पर निर्गत की गई है। बावजूद इसके अतिक्रमणकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया है। सहायक अभियंता ने शीघ्र अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को ले 47 लोगों पर नामजद प्राथमिकी कराया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि प्राथमिकी कर पुलिस जांच में जुट गई है।

## डीडीयू मंडल में स्वच्छता अभियान जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 5 अगस्त को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता को लेकर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। आज के अभियान का उद्देश्य यात्रियों एवं स्टेशन पर कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने और ट्रेनों में जैविक शौचालयों के सही उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा।

**पूर्व रेलवे**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए रेलवे के प्रतिष्ठित, अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों तथा उनसे जो सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की समुचित सूची में हैं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक 1, निविदा सं.: एईएनशॉप-पीयूआरसीसी-25-26-एलएलएच-आर, दिनांक 01.08.2025; कार्य का नामः सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में वर्द्धित सामग्री प्रवाह के लिए विभिन्न कोच उपकरणों के लिए उन्नत जिग्स एवं फिक्सचर एवं पीयू कोटेड शॉप फ्लोर के साथ आधुनिक ओवरहॉलिंग सुविधा का विकास। निविदा मूल्यः रु. 1,17,41,162.01; बयाना राशिः रु. 2,08,700; क्रमांक 2, निविदा सं.: एईएनशॉपपीयूफ्लोरआर25-26-एलएलएच-आर, दिनांक 01.08.2025; कार्य का नामः सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन लिलुआ वर्कशॉप के कोच कम्पोनेंट शॉप एवं बोगी सेक्शन में मौजूदा कंक्रीट फ्लोरिंग के ऊपर 12 मिमी मोटी पीयू फ्लोरिंग की संरक्षात्मक कोट के प्रावधान द्वारा कंक्रीट फ्लोरिंग का सुधार। निविदा मूल्यः रु. 1,92,58,780; बयाना राशिः रु. 2,46,300; निविदा दस्तावेज की कीमतः दोनों के लिए शून्य। समापन अवधिः दोनों के लिए 180 दिन। निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समयः दोनों के लिए 25.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे। निविदा के साथ संशोधन (यदि कोई हो) का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से उपरोक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MISC-154/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### एक नजर

#### अतिक्रमण हटाने की अधिकारियों से गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के सकरी गांव के पाआस फोरलेन सड़क के किनारे रास्ते के अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों ने मंगलवार को अधिकारियों से गुहार लगाई। सीओ अंकिता सिंह व थानाध्यक्ष नंदू कुमार को दिए आवेदन में कहा गया है कि मनरेगा द्वारा सर्वसाधारण भूमि पर रास्ता के लिए मिट्टी डाली गई है। गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अपने भूमि पर मकान व सर्वसाधारण भूमि पर मकान का छज्जा निकाला जा रहा है। हालांकि अधिकारियों ने फोन कर सर्वसाधारण भूमि में छज्जा निकालने का कार्य रुकवा दिया गया है। आवेदकों पर कामेश्वर सिंह, कमल कुमार, सत्येंद्र नारायण सिंह, दिनेश सिंह, रंगनाथ पांडेय, सोनू पांडेय, गोविंद पांडेय, जय शंकर प्रसाद मौर्य, कामेश्वर सिंह, संजय सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों का हस्ताक्षर है।

#### 13 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 13 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार वक्र लिया। धंधेबाज से पूछताछ के बाद उसे मंगलवार को भभुआ न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि धराया धंधेबाज विजय सिंह कुदरा थाना के भदौला गांव के विमल प्रसाद का लड़का है। पुलिस धंधे में शामिल अन्य की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

#### 381 लीटर शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** जीटी रोड से रोहुआ मार्ग में रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सोमवार की रात पुलिस ने 381.32 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की । सूचना के बाद पुलिस ने रोहुआ ओवर ब्रिज के नीचे वाहन चेकिंग शुरू कर दी जैसे ही उत्तर प्रदेश की तरफ से एक बोलेरो गाड़ी को आते देख पुलिस चौकस हो गई। बोलेरो की तलाशी ली गई तो उसमें शराब रखा गया था। धंधेबाज पटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के बुढरा गांव निवासी सुधीर कुमार का पुत्र संतोष कुमार को गिरफ्तार कर थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी। शराब व बोलेरो को जब्त कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

#### गोलिबारी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**सासाराम।** काराकाट थाना क्षेत्र के मंगरा गांव मे फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष भगीरथ कुमार ने बताया कि मंगरा गांव में पैसे के पुराने विवाद को लेकर रोहित कुमार को उसके ही दो साथियों ने गोली मार दी थी। घटना के बाद पीड़ित के परिजनों ने दो लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई।

## रेलवे की उन्नति और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हर रेलकर्मी का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलकर्मियों को सीमित संसाधनों के बीच अपनी सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान कर रेलवे के विकास में महती भूमिका निभानी चाहिए। रेलवे की उन्नति और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हर रेलकर्मी का लक्ष्य होना चाहिए। सेवानिवृत्त का पल हर कर्मचारी के सामने आना है, लेकिन उसे यादगार बनाने के लिए अपनी ड्यूटी खुशनुमा माहौल में ईमानदारी से करनी चाहिए। ताकि आप समाज के लिए उदाहरण बन सकें। उक्त बातें डिहरी स्टेशन अधीक्षक मुन्ना रजक के विदाई सह सम्मान समारोह में वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टेशन प्रबंधक जे के सिंह एवं संचालन इसीआरकेयू अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान ने की। इस अवसर पर सहायक मंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरदीप सिंह, यातायात निरीक्षक अरविंद कुमार, अमरेन्द्र गुप्ता, आर पी एफ निरीक्षक राम विलास राम, सीनियर सेक्शन इंजीनियर पंकज मित्तल, मनोज यादव, तूफैल अंसारी, एम एम सिंह, स्टेशन प्रबंधक पहलेजा संजय पासवान, स्टेशन अधीक्षक डिहरी अभय राय, नवीन मिश्रा, रत्नेश कुमार, सेवानिवृत्त स्टेशन प्रबंधक सासाराम उमेश पांडेय, रूस्तम अंसारी, गौतम कुमार, आर के वर्मा, सुनील कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार, कार्यालय अधीक्षक बीरेंद्र पटेल, मुना कुमार, हेल्थ इंस्पेक्टर अवनीश आर्यन, इसीआरकेयू नेता संजीव पांडेय सहित सभी विभागों के सैकड़ों रेलकर्मी उपस्थित थे।




## राजस्व महा अभियान की शुरुआत 16 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिले के स्थानीय डीआरडीए सभागार में मंगलवार को राजस्व महा-अभियान से सम्बंधित अहम बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक का उद्देश्य भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन में तीव्रता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों/भू-धारियों को एतद संबंधी सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं यथा दाखिल खारिज, परिमार्जन, भू-मापी, भू-लगान इत्यादि प्रदान करना है। इन ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से आम रैयतों/भू-धारियों से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन किया जाना है। राजस्व महा-अभियान का मुख्य बिंदू पर चर्चा की गई जो इस प्रकार है -डिजिटलाज्ड जमाबंदियों में त्रुटियों को सुधार करना, छुटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन करना, बिरासत एवं बंटवारे का नामांतरण का प्रोसेस करना इत्यादि है। बैठक में अपर समाहर्ता सह अपर जिला दण्डाधिकारी रोहतास, बंदोबस्त पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि उप समाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं सभी प्रखंड/अंचल के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** थाना क्षेत्र के मन्नीपुर गांव में बिजली करेंट की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार मन्नीपुर गांव निवासी बचाऊ लोहार का पुत्र अशोक शर्मा उम्र 40 वर्ष अपने घर से बगल में अमरूद के पेड़ के पास से जा रहे थे । अमरूद के पेड़ से विद्युत तार सटा हुआ था। इसी दौरान अमरूद के पेड़ में बिजली का तार सटा हुआ था जिसे वे नहीं देख पाए व विद्युत तार के चपेट में आ गए। यह घटना देख परिजन एवं अगल बगल के लोग किसी तरह तार को हटा कर इन्हें बेसुध व घायल देख इलाज के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक इनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजन मृतक के शव को ऑटो में लेकर थाने आए। पुलिस आगे की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के बाद अंतिम दाह संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। मौत की खबर लगते ही परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। यह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी व अकोढ़ीगोला प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी शिवालयों में सावन की अंतिम सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालु दिनभर अपने-अपने आस्था के अनुसार पूजा पाठ करते रहे। सुबह से ही मंदिरों में घंटों की आवाज व जलाभिषेक के लिए भक्तों का आना शुरू हो गया। वहीं दरिहट गांव के गोद में बसा अर्जुनबिगहा गांव के सोन तट के समीप अवस्थित प्रसिद्ध हर बक्स बाबा का मंदिर (नाग बाबा) में सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। दूर-दराज से आए भक्तों ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। डिहरी प्रखंड मुख्यालय का झारखंडी मंदिर और अकोढ़ीगोला के नहर तट पर स्थित शिव मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं से भरा रहा। वहीं दरिहट वार्ड 11 व आयरकोठा में स्थित शिव मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल छाया रहा। महिलाएं, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी ने शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और भस्म चढ़ाकर पूजा की। श्रद्धालुओं ने बताया कि सावन मास में बाबा भोलेनाथ की पूजा का विशेष महत्व होता है। भक्तों ने जल चढ़ाकर अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे क्षेत्र में शिवमय माहौल बना हुआ रहा। वैसे तो सावन माह भगवान शिव का प्रिय महीना होता है, लेकिन उसी माह में सोमवार का दिन अतिप्रिय शिव भक्तों के लिए माना जाता है।

**INDIRA GANDHI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
(An Autonomous Institute of Govt. of Bihar)
Sheikhpura, Patna-800014 (Bihar, India)
Tel.: 0612-2297631, 2297099, Fax : 0612-2297225, Website : www.igims.org
E-Mail : director@igims.org

**E-Tender Notice**

E-tendering mode only on website-www.eproc2.bihar.gov.in

Re-E-Tender Notice No.: 18/2025-2026/Bio-Medical Equipment/IGIMS/Store

IGIMS, Patna invites bids from eligible and qualified manufacturers or their authorized distributors / agents for supply, installation and commissioning of various equipments for the departments of Neurology.

**The last date & time for submission / uploading of complete tender document at www.eproc2.bihar.gov.in is 08/09/2025 up to 17:00 hours.**

Details of specification of equipment's, terms and conditions can be seen and downloaded from Institute website : **www.igims.org** & **www.eproc2.bihar.gov.in.**

The undersigned reserves the right to accept/reject any or all tenders without assigning any reason. Prospective bidders are advised to regularly visit **www.eproc2.bihar.gov.in** and **www.igims.org** for Corrigendum / Amendments etc., if any. It will be notified on these portals only and no separate advertisement will be made.

**DIRECTOR, IGIMS, PATNA**

## रोहतास महिला कॉलेज में छात्र संवर्धन कार्यक्रम की शुरुआत

**चितरंजन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास महिला कॉलेज के छात्र संवर्द्धन कार्यक्रम बैच 2025-29 का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कॉलेज प्राचार्य प्रो. राजेंद्र प्रसाद सिंह ने स्वागत भाषण में छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया और छात्र जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में शामिल विषयों पर चर्चा की। इसके पश्चात कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक एवं बर्सर प्रो. प्रदीप कुमार रॉय ने कॉलेज के इतिहास, मिशन-विजन, संस्कृति और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कॉलेज में एनईपी सेल के आयोजक डॉ. कुमार गौरव मिश्रा ने एनईपी 2020, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की रूपरेखा, क्रेडिट सिस्टम, नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क, क्रेडिट और च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आईक्यूएसी के संयोजक डॉ. अमरजीत कुमार ने अनुशासन, कोड ऑफ कंडक्ट, परीक्षा, उपस्थिति पर बातचीत की। इसके पश्चात छात्रों के लिए संकाय परिचय जिसमें प्रत्येक विभाग के शिक्षकों ने नए बैच की छात्राओं से बात की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार त्रिपाठी एवं द्वितीय सत्र का संचालन अंग्रेजी विभाग की सेमेस्टर पांच की छात्रा मोहिनी सिंह ने किया। एनईपी सेल के संयोजक ने बताया कि एसआईपी में आगे सह-पाठ्येत्तर अवसर, एनएसएस, एनसीसी, स्टूडेंट्स सोसाइटी, कैम्पस एम्बेसडर प्रोग्राम, स्किल डेवलपमेंट, मेंटल हेल्थ के बारे में बताया जाएगा। साथ ही सीनियर बैच की छात्राओं द्वारा नए बैच के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन होगा। कार्यक्रम में डॉ. विष्णु लोक बिहारी श्रीवास्तव, डॉ. गिरिजा उरांव, डॉ. मनन, डॉ. शमशेर आलम, डॉ. आनन्द, डॉ. ज्योति, डॉ. प्रिया, डॉ. शशि बाला, डॉ. शाहिस्ता प्रवीण, कुमारी मनु सिन्हा, डॉ. सुनीता सैनी, डॉ. मासूमा, डॉ. पम्मी, डॉ. रेखा, डॉ. सारंग एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी में शशि रंजन, संजीव, अनिल झा व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरसन**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ-711204 द्वारा पूर्व प्रकाशित **(i) ई-निविदा सं. एईएनशॉप-पीयू-आरसीसी-25-26-एलएलएच, दिनांक 02.08.2025, (ii) ई-निविदा सं. एईएनशॉप-पीयूफ्लोर-25-26-एलएलएच, दिनांक 02.08.2025,** जिसकी बंद होने की तारीख 14.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे है, एतद्द्वारा प्रशासनिक कारणवश **निरस्त** कर दी गई है। (MISC-155/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला प्रोग्राम शाखा)
E-mail- dpo.icds.augbd-bih@gov.in, Mobile No.:- 9431005027

**संशोधित आम सूचना**

निदेशक आई0सी0डी0एस0, बिहार पटना से प्राप्त निदेश एवं विज्ञापन संख्या–02/2025 से राष्ट्रीय पोषण मिशन औरंगाबाद अंतर्गत जिला परियोजना सहायक एवं प्रखण्ड समन्वयक पदों पर नियोजन हेतु ईमेल एवं डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदन में से पदवार पदों हेतु योग्य/अयोग्य अभ्यर्थी की सूची तैयार कर प्रकाशित की जा रही है। जिससे संबंधित शर्ते इस प्रकार निम्न है:–

- प्रकाशित योग्य/अयोग्य सूची से संबंधित दावा/आपत्ति दिनांक–11.08.2025 तक लिखित रूप में जिला प्रोग्राम कार्यालय, समाहरणालय परिसर औरंगाबाद में जमा करेंगे।
- आपत्ति किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- आपत्ति निराकरण से संबंधित सूचना जिले के NIC पोर्टल एवं जिलें के सूचना पट्ट पर दी जायेगी।
- चयन संबंधित सभी सूचना जिले के NIC पोर्टल एवं विभागीय सूचना पट्ट पर दी जायेगी।

राष्ट्रीय पोषण मिशन के रिक्त पदो पर नियोजन की कार्रवाई पूर्ण करने हेतु समय तालिका निम्नवत निर्धारित की गई है–

| दावा आपत्ति की अंतिम तिथि | दावा आपत्ति निराकरण की तिथि | काउंसलिंग तिथि | साक्षात्कार की तिथि | परिणाम का प्रकाशन |
|---|---|---|---|---|
| 11.08.2025 शाम 05:00 बजे तक | 12.08.2025 से 14.08.2025 शाम 05:00 बजे तक | 19.08.2025 शाम 05:00 बजे तक | 26.08.2025 एवं 27.08.2025 शाम 05:00 बजे तक | 28.08.2025 |

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR- 010577 (SWD) 2025-26

**जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# राजस्व महाअभियान को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम

## जमीन के कागज में करें सुधार राजस्व विभाग पहुंचा आपके द्वार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आज जिला बंदोबस्त पदाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में राजस्व महाअभियान को लेकर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बंदोबस्त पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा राज्य भर में भूमि रिकॉर्ड की अशुद्धियों में सुधार लाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह विशेष राजस्व महाअभियान आम जनता की भूमि संबंधी समस्याओं जैसे ऑनलाइन जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण आदि के समाधान हेतु डोर-टू-डोर तक पहुंच कर सेवा प्रदान करेगा।

नवादा अपर समाहर्त्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि इस अभियान को तीन चरणों में विभाजित किया गया। प्रथम चरण (18 जुलाई 2025 - 14 अगस्त 2025): इस चरण में अभियान पूर्व तैयारियों एवं गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। द्वितीय चरण (16 अगस्त 2025 - 20 सितंबर 2025): इस दौरान जमीनी स्तर पर व्यापक अभियान चलाकर नागरिकों के आवेदन लिए जाएंगे और मौके पर ही समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। तृतीय चरण (21 सितंबर 2025 - 30 अक्टूबर 2025): इस चरण में अनुवर्ती गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी एवं लंबित




मामलों के निष्पादन की समीक्षा की जाएगी। अपर समाहर्त्ता ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों को कम करना और आम जनता को राजस्व सेवाओं का लाभ आसानी से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि राजस्व महाअभियान की सफलता आप सभी पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि आप सबकी जिम्मेदारी है कि अंचल स्तर पर टीम को दक्षता से प्रशिक्षित करें, जिससे अभियान धरातल पर प्रभावशाली ढंग से क्रियानवित हो सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक जनोन्मुखी पहल है। इसका लक्ष्य हर घर तक पहुंचना, राजस्व सेवाओं को पारदर्शी बनाना और रिकॉर्ड अपडेट करना है। इसके तहत जमाबंदी की प्रति, पंपलेट एवं आवेदन प्रपत्र घर-घर जाकर वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हल्का स्तर पर दो शिविरों का आयोजन किया जाएगा और आवेदनों को साक्ष्य के साथ कंप्यूटरीकृत किया जाएगा। गांवों में पूछे जाने वाले सवालों का सकारात्मक जवाब देने के लिए नीचे स्तर तक की टीम को तैयार रखना होगा। प्रशिक्षण के दौरान दैनिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। राजस्व कर्मियों को आवेदन प्रक्रिया, फील्ड वेरीफिकेशन, तकनीकी हस्तक्षेप एवं समाधान की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित व पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करें। यह अभियान न केवल राजस्व व्यवस्था को सशक्त बनाएगा, बल्कि नागरिकों की भूमि संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान भी प्रदान करेगा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अमित अनुराग, अनुमंडल पदाधिकारी रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता गौरव शंकर, अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी, कानूनगो के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में सभी जगहों पर खुलेंगे जीविका दीदी हाट : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** तेल्हाड़ा बाजार में जीविका दीदी हाट का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पूर्व विधायक चन्द्रसेन प्रसाद, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभिलाषा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार के विभिन्न जिलों में ऐसे हाट स्थापित किये जायेंगे। यह पहल न केवल पोषण सुधार की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण की गति प्रदान करेगी। उन्होंने दीदी हाट का भ्रमण किया। जिसमें बिक्री के लिए किराना सामग्री, फल, सब्जी, जुस पेय पदार्थ, कास्मेटिक, सौंदर्य, जूते चप्पल, पार्लर, जन औषधी, सुधा डेयरी, सामान की बिक्री के लिए रखे थे, उसका भी निरीक्षण किया। उसके बाद जीविका दीदी रसोई, एवं सिलाई प्रशिक्षण, केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर जीविका की ओर से अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा, राज्य परियोजना प्रबंधक समीर कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक संजय पासवान, संचार प्रबंधक संतोष कुमार प्रखड परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, स्नेहा कुमारी, स्वाति कुमारी, संतोष कुमार, बिनीत कुमार, राजेश कुमार, अमित कुमार सहित तेल्हाड़ा बाजार के सैकड़ों ग्रामीण व दर्जनों जीविका दीदी उपस्थित थे।

# महिला को बचाने के प्रयास में पलटा टेंपो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा-एकंगरसराय मुख्य मार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा उस वक्त हो गया, जब एक महिला को बचाने की कोशिश में एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना मई गांव के पास घटी, जहां सड़क पार कर रही महिला को देखकर चालक ने अचानक ब्रेक लिया, जिससे टेंपो असंतुलित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। हादसे में टेंपो सवार चार यात्रियों की जान तो बाल-बाल बच गई, लेकिन टेंपो चालक और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान मई गांव निवासी शंकर पंडित की 40 वर्षीय पत्नी रंजू देवी और टेंपो चालक छोटू चौधरी (30 वर्ष), निवासी बिशुनपुर खिरू विगहा, थाना नगरनौसा, के रूप में की गई है। घायल चालक छोटू चौधरी ने बताया कि वह बराबर गांव से घर लौट रहे थे, तभी अचानक महिला सड़क पार करने लगी। उसे बचाने की कोशिश में टेंपो पलट गया। इधर, हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष से आवेदन मिलने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद कुछ देर तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस की सक्रियता से स्थिति सामान्य कर दी गई। स्थानीय लोग प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग कर रहे हैं।

## घटनास्थल पर पहुंची डॉग स्क्वॉयड की टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** विगत एक सप्ताह के अंदर कौआकोल थाना क्षेत्र के बरौन एवं करमाटांड़ गांव में घटी दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस एलर्ट हो गई है। चोरी की घटना के मामले में पुलिस गहनता से जांच में जुट गई है। मंगलवार को डॉग स्कॉड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। हालांकि इस दरम्यान किसी प्रकार की कोई सफलता की सूचना नहीं है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि चोरी की घटनाओं को पुलिस गंभीरता से ले रही है। शीघ्र मामले का उद्बेदन कर लिया जायेगा।

# राजगीर में एशिया रग्बी व हॉकी चैंपियनशिप की तैयारी बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** 5 अगस्त 2025को आगामी एशिया रग्बी अंडर-20 सेवेन्स चैंपियनशिप (महिला-पुरुष) एवं एशिया कप हॉकी (पुरुष) चैंपियनशिप 2025 की तैयारियों को लेकर आज स्पोर्ट्स क्लब सभागार, राजगीर में अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्द्र की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि 9-10 अगस्त को राजगीर खेल परिसर में रग्बी प्रतियोगिता होगी, जिसमें 9 देशों की 16 टीमें भाग लेंगी। वहीं, 26 अगस्त से 9सितंबर तक एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप प्रस्तावित है। डॉ. राजेन्द्र ने खिलाड़ियों के आवागमन,



आवास, सुरक्षा, चिकित्सा, खानपान, साफ-सफाई, अग्निशमन, प्रचार-प्रसार सहित सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। इस बैठक में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, खेल विभाग के निदेशक, भवन निर्माण विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी, नगर आयुक्त सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सावन हरियाली कार्यक्रम में झूमीं महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के हिसुआ के अंदर बाजार माहुरी मंडल मैरेज हॉल में माहुरी समाज की महिलाओं ने सावन हरियाली तीज के मौके पर सावन के गीतों पर जमकर झूमीं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद रेखा देवी द्वारा दीप प्रज्जवित कर किया गया। उसके बाद अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया। हरे परिधानों में सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने हरियाली तीज मनाई। इस मौके पर महिलाएं नृत्य व संगीत एवं क्विज प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। महिलाओं की टीम हरियाली ग्रुप हरियाली तीज को लेकर खासा उत्साह दिखी। इस दौरान महिलाएं काफी उत्साह और आत्मविश्वास से भरपूर नजर आईं। तीज कार्यक्रमों में




महिलाओं ने विभिन्न व्यंजनों का स्टॉल भी लगाए थे। रंगारंग कार्यक्रमों के अलावा महिलाओं ने कई प्रकार के खेलों में हिस्सा लिया और सावन के गीतों पर जमकर झूमीं। महिलाओं ने पारंपरिक व आधुनिक तरीके से हरियाली तीज उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। तीज महोत्सव में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार, नृत्य प्रतियोगिता, तंबोला समेत कई प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन किया। महिला ग्रुप के प्रीति भादानी ने कहा यह आयोजन से हमलोग सामाजिक और पारिवारिक मिलन भी कर लेते हैं। इसकी तैयारी में महिलाओं ने खूब किया और घर के कामों के साथ -साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया,इससे महिलाओं में ऊर्ज़ा भी आएगा। महिला सदस्यों ने नगाड़े संग डोल बजाए, रंगीलो मारो डोलना, मेरी चूनर उड़ उड़ जाए, मैने पायल है छनकाई ,याद पिया की आने लगी आदि गीतों पर नृत्य कर समा बांध दिया। सभी महिलाओं ने मेहंदी लगावाई और एक दूसरे को हरियाली तीज की बधाई दी।

# 23 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 4 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी है। एससी/एसटी अपराध में एक, अनुसूचित जाति/जनजाति में एक, साइबर अपराध में दो, मद्य निषेध में चार एवं 15 अन्य गिरफ्तारी, कुल 23 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 117 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जांच के क्रम में कुल 350 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की राशि 92 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत तीन मोटरसाइकिल, आठ मोबाइल, पांच सिम कार्ड एवं 110



ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

# 218 नवप्रशिक्षित सिपाहियों का दीक्षांत समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के राजगीर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में आज एक ऐतिहासिक दिन था। यहां 218 नवप्रशिक्षित सिपाहियों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जो न केवल उनके व्यावसायिक जीवन की शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। 25 महिला और 193 पुरुष प्रशिक्षु शामिल हुए। समारोह की मुख्य अतिथि विनय कुमार त्रिपाठी, कमांडेंट-सह-मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया कि इन रिक्रूट्स का प्रशिक्षण 3 फरवरी 2025 को शुरू हुआ था। छह महीने की इस कठिन यात्रा के दौरान नवयुवकों को न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी तैयार किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान रिक्रूट्स को अनुशासन के साथ-साथ आधुनिक युद्ध कौशल, मुकाबला तकनीकों, विभिन्न हथियारों की जानकारी, और आधुनिक पुलिसिंग सिस्टम की बारीकियों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें साइबर सिक्योरिटी, कंप्यूटर बेसिक नॉलेज, और आपातकालीन राहत कार्यों की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें भारतीय संविधान, नागरिक सुरक्षा कानून, और विभिन्न राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियमों का गहन अध्ययन शामिल था। रिक्रूट्स को मोटर व्हीकल एक्ट-1988, केंद्रीय मोटर गाड़ी नियमावली-1989, बिहार मोटर गाड़ी नियमावली-1992, 1994, और भारतीय संविधान के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा नियम, अपराध प्रक्रिया संहिता, मानवाधिकार, आंतरिक सुरक्षा, और कर्नाटक प्रोटेक्शन एक्ट की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कमांडेंट विनय कुमार त्रिपाठी ने अपने संबोधन में नवप्रशिक्षित जवानों से कहा कि वे अब देश की सुरक्षा की पहली रक्षा पंक्ति का हिस्सा हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुख्य अतिथि महोदय ने इन सिपाहियों को सामाजिक चुनौतियों, विद्रोहियों का सामना करने और विकसित युद्ध प्रणाली से निपटने के लिए हमेशा तत्पर रहने का आह्वान किया। त्रिपाठी जी ने कहा कि आपका प्रशिक्षण आपको न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है बल्कि मानसिक दृढ़ता भी प्रदान करता है। आप सभी को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए देश सेवा में अपना योगदान देना है। समारोह में पास आउट हुए सिपाहियों के परिवारजनों और अभिभावकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल इन युवाओं की है बल्कि उनके परिवारों की भी है जिन्होंने अपने बच्चों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इस भव्य समारोह में राज मंगल भक्ता, उप कमांडेंट (प्रशिक्षण) केंद्र राजगीर के अलावा डॉ. सुनीता कुमारी (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), देवेंद्र सिंह (सहा. कमांडेंट), अमित कुमार (सहा. कमांडेंट), चंदन कुमार तिवारी (सहा. कमांडेंट), और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# 26 दिव्यांगों के बीच प्रमाण पत्र वितरित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित बीआरसी भवन में विशेष कैम्प का आयोजन कर 26 दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल के प्रभारी बीइओ अजित कुमार ने बताया कि पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रामप्रिय सहगल की देखरेख में आयोजित शिविर में 35 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें जांचकर 26 दिव्यांगों को मौके पर प्रमाण पत्र निर्गत किये गए।

## 19 हजार 590 उपभोक्ताओं को मिला 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत नवादा जिले में 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली बिल की सुविधा का लाभ बड़े स्तर पर उपभोक्ताओं को दिया गया है। 1 अगस्त 2025 से 4 अगस्त 2025 तक कुल 19 हजार 590 उपभोक्ताओं को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है।

# भाजपा युवा मोर्चा के जिला प्रवक्ता बने राहुल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली के डीह रजौली निवासी राहुल पांडेय को नवादा जिला भाजपा युवा मोर्चा का जिला प्रवक्ता बनाया गया है। भाजपा युवा मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता के निर्देशानुसार भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत शंकर ने राहुल पांडेय को जिला प्रवक्ता बनाया है। जिला प्रवक्ता बनने पर राहुल पांडेय को रजौली प्रखंड के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिला प्रवक्ता बनाए जाने पर राहुल पांडेय ने कहा




कि भाजपा एवं भाजपा युवा मोर्चा ने जो मुझ पर भरोसा जताया हैं उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। इस पद की गरिमा को बनाए रखकर भाजपा का नेतृत्व करूंगा। उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष समेत भाजपा कार्यकर्ताओं का तहे दिल से आभार व्यक्त किया।

# रसोइया द्वारा छात्रा के उत्पीड़न को लेकर जिला प्रशासन ने लिया संज्ञान, जांच कमिटी गठित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के रतनी फरीदपुर प्रखंड अंतर्गत शकूराबाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एक छात्रा द्वारा रसोइया से रोटी मांगे जाने पर मुख्य रसोइया रिंकु देवी द्वारा गरम छोलनी से उसका हाथ जला दिये जाने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला प्रशासन मंगलवार को हरकत में आया। उक्त घटना की जानकारी प्राप्त होते ही जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में एक संयुक्त जांच दल विद्यालय में भेजा गया।जांच दल में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा0 शि0 एवं समग्र शिक्षा), एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय,प्रभारी जिला समन्वयक को शामिल किया गया। जांच के दौरान उपस्थित छात्राओं, वार्डे न तथा संबंधित स्टाफ से बातचीत व निरीक्षण के उपरांत यह पाया गया कि घटना प्रथम दृष्टया यह घटना सत्य है।

संबंधित अधिकारियों के जांच प्रतिवेदन के आधार पर छात्रा को तुरंत प्राथमिक उपचार दिलवाया गया तथा अभिभावक को बुलाकर सुरक्षित रूप से उसे घर भेजा गया। छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए जांच दल के निर्देश पर मुख्य रसोइया रिंकु देवी को तत्काल प्रभाव से कार्य से प्रतिबंधित कर दिया गया है। बताया गया कि आगे की विभागीय कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है। विद्यालय वार्डे न व सभी संबंधित कर्मियों को बच्चों से संवेदनशील व मर्यादित व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि कस्तूरबा विद्यालयों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकार सर्वोपरि है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्व्यवहार पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** पटना - गया रेलखंड के सैदपुर गांव के समीप ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक सैदपुर गांव निवासी मनोज कुमार बताए जाते हैं। इस बाबत मृतक के भाई राजू सिंह ने बताया कि मनोज पति-पत्नी के साथ मसौढ़ी में किराए के मकान में रहता था जहां मनोज पटना में नौकरी करता था। उन्होंने बताया कि घटना कैसे हुई यह मुझे भी पता नहीं है। उन्होंने बताया कि हमे मखदुमपुर थाने की पुलिस के द्वारा घटना की सूचना दिया गया है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। सोमवार देर शाम बेनार-सकसोहरा मुख्य मार्ग पर अमावां गांव के पास खेत की जुताई कर लौट रहे एक ट्रैक्टर के पलट जाने से उसमें सवार एक युवक की दबकर मौत हो गई। यह घटना सोमवार को देर शाम घटी जब लोदीपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह के 25 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार खेत में जुताई का काम खत्म करके ट्रैक्टर से वापस लौट रहे थे। तभी अमावां गांव के समीप अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। इस हादसे में सत्यम कुमार ट्रैक्टर के नीचे बुरी तरह से दब गए। ट्रैक्टर पलटने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों ने किसी तरह ट्रैक्टर को हटाकर सत्यम कुमार को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही बिंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के बाद मृतक के परिजन को सौंप दिया गया है।

# राजस्व महाअभियान की सफलता को लेकर चलेगा जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** 16 अगस्त से 20 सितंबर 2025 तक राजस्व महाअभियान चलाया जायेगा। जिसमें राजस्व से संबंधित मामलों का त्वरित निराकरण करना और राजस्व अभिलेखों में मौजूद त्रुटियों को सुधार किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल सीओ मनीष कुमार ने बताया कि अंचल में भूमि संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान एवं राजस्व अभिलेखों के अद्यतन करने के उद्देश्य से महाअभियान के दौरान दाखिल-खारिज,परिमार्जन, उत्तराधिकार एवं बंटवारा नामांतरण से संबंधित याचिकाओं का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। तथा म्यूटेशन प्लस,परिमार्जन प्लस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन समाधान किया जायेगा। वहीं रैयतों को उनके भूमि अभिलेखों की प्रति प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए 7 अगस्त को सभी कर्मचारियों एवं कार्यपालक सहायकों तथा डाटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि 13 अगस्त को प्रखण्ड के सभी जनप्रतिनिधियों एवं अन्य कर्मियों को जानकारी दी जाएगी।

# स्वतंत्रता दिवस पर नगर पंचायत नहीं कराएगी चहारदीवारी का रंग-रोगन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** स्वतंत्रता दिवस पर रजौली इंटर विद्यालय के मैदान में होने वाले राजकीय समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन के विद्यालय का रंग-रोगन करा देने का आश्वासन देने के बावजूद रजनी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश ने रंग-रोगन कराने से इंकार कर दिया है। लोगों की जुबान पर चर्चा है कि राजनीतिक दबावों के कारण कार्यपालक पदाधिकारी राजेश के द्वारा विद्यालय की चहारदीवारी का रंग-रोगन कराने से इंकार कर दिया गया है। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस पर राजकीय समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन को लेकर अनुमंडल सभागार में हुई बैठक में रजौली इंटर विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष संजीव रंजन ने विद्यालय की चहारदीवारी का रंग-रोगन कराने के लिए एसडीओ के समक्ष प्रस्ताव दिया था। जिस पर एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन ने कार्यपालक पदाधिकारी राजेश से बात करने की बात कही थी। बैठक के बाद रजौली इंटर विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार तरुण के द्वारा रजौली नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश को आवेदन देकर चहारदीवारी का रंग-रोगन कराने का अनुरोध किया गया था। जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि जल्द ही चहारदीवारी का रंग-रोगन का कार्य करा दिया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी राजेश के द्वारा आश्वासन के बाद नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 के वार्ड पार्षद मुकेश कुमार ने रजौली इंटर विद्यालय पहुंचकर स्थल का मुआयना किया और उसके बाद रंग-रोगन के लिए आवश्यक तैयारी में जुट गए। यहां तक की मजदूरों को भी अग्रिम के तौर पर एक-एक हजार रुपए दे दिए गए। लेकिन इसी बीच राजनीतिक इशारे पर कार्यपालक पदाधिकारी राजेश ने फंड नहीं होने की बात कह कर रंग-रोगन का कार्य कराने से इंकार कर दिया। जब इस संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी राजेश से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि रजौली नगर पंचायत क्षेत्र में विद्यालय के स्थित होने का मतलब यह नहीं है कि सारा कार्य रजौली नगर पंचायत से ही कराया जाए। विद्यालय की चहारदीवारी का रंग-रोगन का कार्य कराना विद्यालय की अपनी जिम्मेदारी है। इसलिए यह कार्य विद्यालय को ही करना है। उनके यहां फंड में रुपए नहीं है। जिसके कारण रंग-रोगन का कार्य नहीं कराया जा सकता है।

# कौआकोल में भी फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** बिहार में फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की कोशिश करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। मामला नवादा जिला के कौआकोल प्रखंड का है जहां 27 जुलाई को एक फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने की साजिश का खुलासा हुआ। राजस्व अधिकारी अनीश कुमार ने बताया कि कार्यपालक सहायक पिंटू कुमार ने बताया कि आवेदन के जांच के दौरान आवेदन संख्या के द्वारा कम्प्यूटर बेबेज, पिता-चार्ल्स बेबेज, माता-एलन ट्यूरिंग, ग्राम-कुतुबचक, वार्ड-1, पोस्ट-चंद्रदीप, थाना-कौआकोल के नाम से फर्जी आधार कार्ड अपलोड कर आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की




असफल कोशिश की गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल आवेदन को रद्द कर इसकी सूचना कौआकोल सीओ समेत अन्य वरीय अधिकारियों को दी जा रही है। आवेदन में कम्प्यूटर का फोटो दिया गया है। बता दें कि इससे पहले एक कुत्ते, फिल्मी एक्ट्रेस, सीएम नीतीश समेत अन्य काल्पनिक नामों के जरिए भी इसी तरह के आवेदन सामने आ चुके हैं,जिससे पूरे राज्य में प्रमाण पत्र सिस्टम की साख पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। सीओ मनीष कुमार ने भी बताया कि ऑनलाइन माध्यम से फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने की कोशिश की गई। इस पूरे प्रयास का खुलासा सत्यापन के दौरान हुआ। उन्होंने कहा कि इस मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# शोध और शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग आवश्यक : शशि प्रताप शाही

## मगध विश्वविद्यालय में 'मगध साम्राज्य एवं बौद्ध धर्म' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया और ताइवान के हुआफान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 'मगध साम्राज्य एवं बौद्ध धर्म' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति शशि प्रताप शाही ने की। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में हुआफान विश्वविद्यालय से प्रोफेसर पोची हुंहांग के नेतृत्व में लगभग बीस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सुशील कुमार सिंह थे।




संगोष्ठी में कुल 12 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए जिनमें मगध में बुद्ध के विचारों की उत्पत्ति, विकास और वैश्विक प्रसार पर गहन विमर्श किया गया। मगध विश्वविद्यालय की ओर से मनीष सिन्हा ने बोधगया में बहु-बौद्ध संस्कृति के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डाला। अरविंद महाजन ने मगध को बुद्ध के अस्तित्व से जोड़ते हुए उसकी ऐतिहासिक और दार्शनिक महत्ता की व्याख्या की। अपने उद्घाटन वक्तव्य में कुलपति शशि प्रताप शाही ने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम वैश्विक अकादमिक संवाद को सशक्त करते हैं। उन्होंने शोध और शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालयों के बीच सहअस्तित्व और सहयोग को आवश्यक बताया तथा हुआफान विश्वविद्यालय के साथ औपचारिक शैक्षणिक सहयोग की संभावना पर भी बल दिया। कार्यक्रम में कुलसचिव विनोद कुमार मंगलम ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत होती है और इसे सतत जारी रखने की आवश्यकता है। मुकेश कुमार ने बुद्ध के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने की बात कही। दूसरे सत्र की अध्यक्षता हुआफान विश्वविद्यालय के पोची हुंहांग ने और तीसरे सत्र की अध्यक्षता पाली विभागाध्यक्ष संजय कुमार ने की। सभी शोध पत्रों में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि मगध को बौद्ध धर्म की जननी भूमि माना गया है और यहां की कला एवं पुरातत्व में बौद्ध तत्वों की जड़ें गहराई से जुड़ी हुई हैं। कार्यक्रम का संचालन शंकर शर्मा ने किया। विभिन्न सत्रों का समन्वय अस्मिता खलको, अल्का मिश्रा और चंद्र प्रकाश ने संभाला। मंदरिन भाषा में अनुवाद का कार्य सिद्धार्थ सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सत्येंद्र सिन्हा और विनय गोपाल का विशेष सहयोग रहा। यह अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी बौद्ध अध्ययन विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसने मगध की सांस्कृतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का सशक्त प्रयास किया।

# डीएम ने वज्रपात जनजागरूकता वाहन को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर एमपीएलएस द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत वज्रपात जनजागरूकता वाहन को हरि झंडी दिखाया। समाहरणालय परिसर से डीएम द्वारा वज्रपात जनजागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित एमपीएलएस (मिटिगेशन प्रोजेक्ट फॉर लाइटनिंग सेफ्टी) कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के चयनित पंचायतों में वज्रपात से सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाएगा। एमपीएलएस कार्यक्रम का उद्देश्य वज्रपात से होने वाली जनहानि को रोकना एवं समुदाय में जागरूकता फैलाना है। इस कार्यक्रम को माननीय गृह मंत्री की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है। एमपीएलएस के लिए कुल 186.78 करोड़ की योजना स्वीकृत की गई है, जो देश के 10 राज्यों – आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल – के 50 चयनित जिलों में क्रियान्वित की जा रही है। बिहार राज्य के लिए 19.3103 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। गया जिला इसमें शामिल है और जिले के 3 प्रखंडों के चयनित पंचायतों में यह कार्यक्रम लागू किया जा रहा है।चयनित पंचायतों में बिहटा, खिजरसराय प्रखंड , बमुआर एवं गुरियावा, मोहनपुर प्रखंड, तथा चरोकरी, फतेहपुर प्रखंड शामिल हैं।

# वैश्य एकता का परिचय दें गांधी मैदान में : राजू वर्णवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** 10 अगस्त को होने वाले वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन गयाजी के गांधी मैदान में होना तय हुआ है। वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन के प्रतिनिधियों की बैठक गया जी, टेकारी स्थित जायका होटल में बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल की मौजूदगी में बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान बरनवाल ने कहा कि हम वैश्य परिवार सदियों से राष्ट्र भक्त रहे हैं जब-जब देश पर विपदा आयी है तब-तब वैश्य



समाज ही अग्रणी भूमिका निभाते हुए नेतृत्व कर संघर्ष किया है। वैश्य साम्राज्य में ही विश्व पटल पर स्वर्णिम युग आया है तथा हम वैश्यों के नेतृत्व में भारत को सोने की चिड़िया कहलाने का हक प्राप्त हुआ। विश्व गुरु के रूप में दुनिया का नेतृत्व किया है। आज समय आ गया है कि हम वैश्य समाज को एक होने का। हम एक थे, हैं और आने वाला समय में भी रहेंगे। सभी उपस्थित प्रतिनिधियों से 10 अगस्त 2025 को स्थान गयाजी का गांधी मैदान में आयोजित वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन में हजारों की संख्या में आने का आग्रह किया है। वैश्य समाज की एकजुटता के आगे सभी दलों को झुकना होगा। इसके लिए हमें खुद नेता बनना होगा, बिहार में वैश्य समाज 22 प्रतिशत है। इसके बावजूद भी हम प्रतिनिधि नहीं बना पाते, जितनी हमारी हिस्सेदारी है, उतनी हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो, वैश्य समाज का कोई भी व्यक्ति चुनाव लड़ें तो सभी लोग दिल खोलकर मदद करें, हमारी जितनी आबादी है, उस हिसाब से हमें टिकट नहीं मिलती है।

# गया में धूमधाम से मना डॉ. प्रेम कुमार का 70वां जन्मोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार का 70वां जन्मोत्सव मंगलवार को गया में अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में मनाया गया। काशीनाथ मोड़ स्थित होटल सम्राट में आयोजित इस भव्य समारोह में जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर डॉ. कुमार को सम्मानित किया और उनके दीर्घायु, स्वास्थ्य एवं सतत जनसेवा की कामना की। कार्यक्रम में गयाजी जिला फुटपाथ विक्रेता संघ, तीर्थ पुजारी संघ, ब्राह्मण जागृति मंच, वैश्य महासभा, यादव सेवा समिति, रविदास सेवा समिति, चित्रगुप्त कायस्थ परिवार, परशुराम एकता मंच, महाराणा विचार मंच, चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा सहित विभिन्न समाजों—मालाकार, प्रजापति, लहरी, दांगी, हलवाई, बढ़ई, विश्वकर्मा, नाई, ठठेरा, पटवा—के प्रतिनिधियों ने मंत्री डॉ. कुमार को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति-चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम



कुमार भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे जीवन का अविस्मरणीय क्षण है। यह सम्मान मेरे लिए व्यक्तिगत गौरव से अधिक, जनता के स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। मैंने अपने जीवन का हर पल समाज सेवा और बिहार के विकास को समर्पित किया है। सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाना मेरा जीवन लक्ष्य है और अंतिम सांस तक मैं इसी संकल्प के साथ कार्य करता रहूंगा। समारोह में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं, भाजपा नेताओं और आमजनों ने उनके सार्वजनिक जीवन में निरंतर योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. प्रेम कुमार ने न सिर्फ गया जिला, बल्कि पूरे बिहार में राजनीति को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा है और सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का कार्य किया है। इस भव्य आयोजन में गया जिला के जनप्रतिनिधियों, भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में डॉ. कुमार के प्रति अपनी शुभेच्छाएं प्रकट कीं और उनके नेतृत्व में सामाजिक समरसता और विकास की अपेक्षा जताई।

# गयाजी शहर को जाम से मुक्ति दिलाने को लेकर युवा कांग्रेस पार्टी ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अतिप्राचीन, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला गयाजी शहर को नित्य दिन जाम की समस्या से निजात दिलाने तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ कराने हेतु कांग्रेस, युवा कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने आमजनों के सहयोग से स्थानीय टावर चौक पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर स्थानीय प्रशासन एवं राज्य सरकार से आवाज बुलंद किया। कार्यक्रम में शामिल गया जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, गया जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, प्रिय रंजन डिम्पल, मोहम्मद इश्तियाक, जिला



उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, युगल किशोर सिंह, प्रदीप शर्मा, विनोद सिन्हा, शिव कुमार चौरसिया, गुदु यादव, विद्या शर्मा, मोहम्मद अजहरुद्दीन, कुंदन कुमार, मोहम्मद शमीम आलम, अनुमति देवी, मुन्ना मांझी, विक्की कुमार, ऋषि कुमार, कुमार गौरव तिन्नी, सौरभ कुमार, अभिषेक शर्मा, अनिल कुमार आदि ने कहा कि अति प्राचीन शहर गयाजी जिसे चौराहों का शहर भी कहा जाता है तथा शहर के पुराने मुहल्ला में संकीर्ण सड़कों से यहां नित्य दिन भयानक जाम की समस्या बने रहने से स्कूली बच्चों, छात्रों, महिलाओं, सरकारी- गैर सरकारी कर्मचारियों, बूढ़े, रोगी आदि को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसे निजात पाने हेतु वर्षों से आवाज बुलंद किया जा रहा है, लेकिन इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है।

# पिता-पुत्र, पोता पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के बरोरह बाजार के गल्ला व्यवसाई सुनिल कुमार गुप्ता, इनके पिता गणेश साव, पुत्र चन्दन कुमार पर महुआईन गांव के मनोज कुमार सिंह एवं कसमा थाना अन्तर्गत चिरैला गांव निवासी रंधीर कुमार सिंह ने धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज करवाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि उपरोक्त पीड़ितों के आवेदन पर उपरोक्त व्यवसायियों के विरुद्ध धोखाधड़ी, ठगी करने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गौरतलब है कि चिरैला गांव के किसान रंधीर सिंह एवं महुआइन गांव के किसान मनोज सिंह से आरोपितों द्वारा करीब आठ लाख रूपए का धान जनवरी माह में खरीदा गया था। रंधीर सिंह को चेक दिया गया जो बान्स कर गया, वहीं मनोज सिंह को आज तक पैसा नहीं दिया गया। पूर्व थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने मनोज सिंह के साथ लिखित रूप में बकाया एक माह में दे देने के लिए समझौता करा दिया था, परन्तु डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी पैसा नहीं दिया गया बल्कि सभी लोग मिलकर गाली-गलौज एवं जान मारने की धमकी देने लगे।

# मॉडल चेरकी थाना के नए भवन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेरकी/गयाजी।** गयाजी के बोधगया प्रखण्ड के मॉडल चेरकी थाना के नए भवन का उद्घाटन गयाजी जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, बोधगया, कार्यपालक अभियंता पुलिस भवन, मगध प्रमंडल, सहायक तथा कनीय अभियंता पुलिस भवन, गया, बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी, चेरकी थाना प्रभारी इत्यादि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन से पहले विद्वान ब्राह्मण धीरज पाण्डेय के निर्देशन में विधिवत पूजा कराया गया। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन में आगंतुकों के लिए प्रतीक्षालय,



महिला पुलिस कर्मियों के लिए पृथक एवं सुरक्षित आवासीय सुविधा तथा कार्यालय संचालन हेतु सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। यह नया थाना भवन न केवल पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, दक्ष एवं सुचारु बनाएगा, बल्कि आम नागरिकों को बेहतर सेवा, सहयोग और सुरक्षा प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कोर्ट नोटिस

कार्यालयः-प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, डालटनगंज, पलामू।

**केस नं. ओरिजनल सूट 220/2023**

**मनीष कुमार..... आवेदक**

**बनाम**

नवेदिता सिन्हा, पति - मनीष कुमार, पिता- डॉ. सुभाष प्रसाद, ग्राम-समाचक (बरबिघा), नियर देवी स्थान, मालाकार कुटियां के सामने गली में, वार्ड नं. 2, पोस्ट व थाना बरबिघा, जिला-शेखपुरा, बिहार..... विपक्षी

वजरिए नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि मनीष कुमार, पिता-श्री विजय कुमार श्रीवास्तव, पता - बाई पास रोड, बारालोटा, पोस्ट व थाना-डालटनगंज, जिला- पलामू के द्वारा आपके विरूद्ध विवाह विच्छेद का मुकदमा सं. ओ.एस. 220/2023 इस न्यायालय में दाखिल किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति हेतू नजारत एवं पंजीकृत डाक द्वारा आपको नोटिस भेजा गया लेकिन आपके तरफ से कोई उपस्थित नहीं हुआ है। अतः आपको इस समाचार पत्र में नोटिस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 27.08.2025 को समय 10.30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हों अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई की जाएगी।

आज दिनांक 01.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय**
**डालटनगंज, पलामू ।**

# पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के गौहरपुर पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं गौहरपुर पंचायत के मुखिया शिव कुमार चौहान ने की। बैठक में बाल अधिकारों की सुरक्षा, बाल विवाह की रोकथाम, स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान तथा पुनः नामांकन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही बाल संरक्षण को लेकर पंचायत स्तर पर समुदाय को जागरूक करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव, सरपंच, जीविका, वार्ड सदस्य, आशा, आंगनबाड़ी सेविका तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने बाल संरक्षण को लेकर पंचायत की जिम्मेदारी को समझते हुए सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। मुखिया शिव कुमार चौहान ने कहा कि बाल अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पंचायत स्तर पर समिति के माध्यम से हम इस दिशा में प्रभावी कार्य करेंगे।

# आंती को मिलेगा प्रखंड का दर्जा, 7 को पंचायत समिति की बैठक में होगा फैसला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच प्रखंड क्षेत्र के आंती को नया प्रखंड बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया जा रहा है। इसी सिलसिले में पंचायत समिति की महत्वपूर्ण बैठक 7 अगस्त को बुलाई गई है जिसमें इस प्रस्ताव पर औपचारिक रूप से चर्चा की जाएगी। बैठक के बाद पंचायत समिति की अनुशंसा सहित प्रतिवेदन उप विकास आयुक्त को भेजा जाएगा। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने दी है। गौरतलब है कि आंती को प्रखंड का दर्जा दिलाने की मांग क्षेत्रीय जनता द्वारा लंबे समय से की जा रही है। जनता की इस मांग को लेकर क्षेत्रीय विधायक डॉ. अनिल कुमार ने भी पहल की थी और संबंधित अधिकारियों के समक्ष यह मुद्दा




उठाया था। अब पंचायत समिति की बैठक इस दिशा में निर्णायक साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों में बैठक को लेकर काफी उत्साह है, क्योंकि आंती को प्रखंड का दर्जा मिलने से प्रशासनिक कामकाज में सुविधा होगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी। उक्त बैठक में शामिल होने के लिए बीडीओ ने सांसद, विधायक, विधान पार्षद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, आंचल अधिकारी, सीडीपीओ, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), थानाध्यक्ष कोंच/आंती, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, बीईओ, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सांख्यिकी पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों को पत्र भेजा है।

# बिजली चोरी की जांच के दौरान छापेमारी दल पर हमला, अधिकारी समेत दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में सोमवार की शाम बिजली विभाग की टीम पर छापेमारी के दौरान मारपीट की घटना हो गई। टीम अवैध बिजली चोरी की जांच करने शेरपर गांव पहुंची थी, लेकिन वहां मौजूद कुछ लोगों से कहा सुनी के बाद मामला बिगड़ गया और देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। सूत्रों के अनुसार छापेमारी टीम पर मारपीट किया गया जिसमें बिजली विभाग अधिकारी के साथ भी मारपीट की गई पर किसी तरह से बिजली विभाग अधिकारी खुद को बचाते हुए मौके से बाहर निकली।

# दुराचार मामले में आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने पर भाकपा माले ने प्रतिवाद मार्च निकाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मऊ थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुराचार मामले में आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने पर मंगलवार को भाकपा माले ने प्रतिवाद मार्च निकाला। प्रतिवाद मार्च अंदर किला से शुरू होकर टिकारी बाजार होते हुए बेलहड़िया मोड़ पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। सभा में अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की जिला सचिव रीता बर्णवाल ने कहा कि बिहार में कानून का राज का दावा फेल है। डबल इंजन की सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। जेएनयूएसयू के पूर्व अध्यक्ष सह माले नेता धनंजय ने सत्ता पक्ष पर जमकर हमला बोला। माले जिला सचिव निरंजन कुमार ने कहा कि यदि एक सप्ताह में दोषियों का गिरफ्तारी नहीं होती है तो मऊ थाना का घेराव किया जायेगा। प्रतिवाद मार्च में अंजुषा कुमारी, सरपंच शियामनी देवी, भींती देवी, कुसुम देवी, राजकुमार यादव, सुरेंद्र यादव, संतोष कुशवाहा, दीना मांझी, दिनकर मांझी, हरि मांझी, संजय राम, राजबल्लभ यादव शामिल हुए। मालूम हो कि बीते 28 जुलाई को टिकारी प्रखण्ड के एक गांव में नाबालिग से दुराचार की प्राथमिकी मऊ थाने में दर्ज करायी गई थी।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**गयाजी।** जिले के वजीरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एनएच 82 सड़क पर संगठिया पेट्रोल पंप के निकट सड़क दुर्घटना में एक पिकअप पलट गया इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।फिलहाल मृतक व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो सका है।इस मामले में स्थानीय लोगों की सूचना के बाद वजीरगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज भेज दिया।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला प्रोग्राम शाखा)
E-mail- dpoicdsaurangabad@gmail.com Mobile No :- 9431005027

**संशोधित आम सूचना**

महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना से प्राप्त निदेश एवं विज्ञापन संख्या–01/2025 से पालनाघर औरंगाबाद अंतर्गत एकल पदों पर नियोजन हेतु ई–मेल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदन में से पदवार एकल पदों हेतु योग्य/अयोग्य अभ्यर्थी की सूची तैयार कर प्रकाशित हो गई है। इससे संबंधित शर्ते इस प्रकार है :–

- प्रकाशित योग्य/अयोग्य सूची से संबंधित दावा/आपत्ति दिनांक–11.08.2025 तक लिखित रूप से जिला प्रोग्राम कार्यालय, समाहरणालय परिसर औरंगाबाद में प्रत्येक दिन संध्या 05:00 बजे तक जमा करेंगे।
- दावा/आपत्ति किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- दावा/आपत्ति निराकरण से संबंधित सूचना जिले के NIC पोर्टल एवं विभागीय सूचना पट्ट पर दी जायेगी।
- चयन संबंधित सभी सूचना जिले के NIC पोर्टल एवं विभागीय सूचना पट्ट पर दी जायेगी। पालनाघर के रिक्त पदो पर नियोजन की कार्रवाई पूर्ण करने हेतु संशोधित समय तालिका निम्नवत निर्धारित की गई है –

| दावा आपत्ति की अंतिम तिथि | दावा आपत्ति निराकरण की तिथि | काउंसलिंग तिथि | साक्षात्कार की तिथि | परिणाम का प्रकाशन |
|---|---|---|---|---|
| 11.08.2025 शाम 05:00 बजे तक | 12.08.2025 से 13.08.2025 तक | 18.08.2025 | 21.08.2025 एवं 22.08.2025 तक | 23.08.2025 |

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR- 010581 (SWD) 2025-26

**जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**



Govt. of Bihar

**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, RCD, ROAD DIVISION No. 1, Aurangabad**
Email ID:- eercdaurangabad01@gmail.com, Mob:- +91-9470001281
SBD BASED DETAILED SHORT NOTICE INVITING E-TENDER
(Through e-procurement mode only https://www.eproc2.bihar.gov.in)
**NIT No.- RCD / AURANGABAD/SBD/05/2025-26 (Re-Tender)**

1. **Designation And Address of The Advertiser** :- **Executive Engineer, R.C.D., Road Division No. 1 Aurangabad**
2. Date Of Issue of Notice Inviting Tender :- **02.08.2025**
3. Period For Download of Tender Document :- From **12.08.2025** to **20.08.2025** Up to 15:00 hrs. (**From Website:** https://www.eproc2.bihar.gov.in **) Only.**
4. Date, Time & Place of Pre-Bid Meeting :- **14.08.2025** at 11:00 hrs. at Office of The Chief Engineer, South, RCD, Bihar, Patna
5. Last Date & Time for Uploading Tender Document By Bidder :- 20.08.2025 Up to 15:00 hrs. **On Website**: (https://www.eproc2.bihar.gov.in ) Only.
6. Date, Time & Place Of Opening Of Technical Bid :- Date- **20.08.2025** after 15:30 hrs. **On Website :** https://www.eproc2.bihar.gov.in
7. Details Of Works:-

| Group No. | Name of work | Estimated Cost ( Rs in Lakh) | Amount of Earnest money ( Rs in Lakh) | Cost of B.O.Q (to be paid through online mode) (non-refundable) (in Rs.) | Bid Processing Fee (to be paid through online mode) (non-refundable (in Rs.) | Time of completion of work (in month) Including monsoon period. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Widening and Strengthening of Gaya to Aurangabad Via Paraiya Guraru Rafiganj (Part-B) (Km 27.80 to Km 64.170) from Intermediate to Double Lane under RCD, Road Division No. 1, Aurangabad for the year 2024-25. | 10393.87824 | 113.94 | 10,000.00 | As appeared on e-proc2 | 18 Month |

8. Date, Time & Place of opening of Financial Bid:-To be announced after approval of Technical Bid by Competent Authority **(on Website : https://www.eproc2.bihar.gov.in)**
11. Detailed NIT can be seen on website https://www. www.state.bihar.gov.in/prdbihar or https://www.eproc2.bihar.gov.in or the notice board of the office of the undersigned.

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**
PR- 010574 (RCD) 2025-26

**Executive Engineer,**
**RCD, Road Division No. 1, Aurangabad**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

संपादकीय

# नदियों में घटते प्रवाह का डर

मानसून के इस मौसम में जहां देश की ज्यादातर नदियां उफान पर हैं और कई राज्य बाढ़ का सामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ एक ताजा वैज्ञानिक अध्ययन में बताया गया है कि वर्ष 2100 तक यानी अगली सदी में दुनिया की 40 फीसदी नदियों में पानी का प्रवाह चिंताजनक स्तर पर घट सकता है, जिससे 85 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। इस सूची में दुनिया भर की 30 सबसे बड़ी नदी घाटियों को शामिल किया गया है। जिसमें भारत की गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियां शामिल हैं। यह शोध अध्ययन नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर एक्सपीरियंसल एआई के शोधकर्ताओं ने किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर मौजूदा प्रदूषण और उत्सर्जन की स्थिति जारी रही, तो इस सदी के अंत तक दुनिया की 40 फीसदी बड़ी नदियों में पानी का बहाव कम हो जाएगा। इसका असर करीब 85 करोड़ लोगों पर पड़ेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि नए जलवायु मॉडल पुराने के मुकाबले ज्यादा सही अनुमान दे रहे हैं, जिससे नदियों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है।शोध में कहा गया है कि यह पृथ्वी प्रणाली मॉडलों के पिछले विश्लेषण द्वारा अनुमानित संख्या से तीन गुना से भी अधिक है। इस शोध के अनुसार, कुछ सबसे उन्नत मॉडल पानी की कमी को लेकर सबसे खराब हालात का अनुमान लगाते हैं। जनसंख्या से जुड़े अनुमान इसलिए जरूरी हैं क्योंकि इन्हीं के आधार पर नीति निर्माता तय करते हैं कि भोजन, पानी और ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाने होंगे। नदियों का पानी खेतों की सिंचाई करता है और बिजली बनाने में भी मदद करता है। अध्ययन में बताया गया है कि पृथ्वी प्रणाली मॉडल ऐसे जटिल कंप्यूटर सिमुलेशन हैं जो धरती की प्रक्रियाओं, जैसे मौसम, महासागर और मानव गतिविधियों को मिलाकर भविष्य का अनुमान लगाते हैं। इन मॉडलों के अनुसार, दुनिया की 30 बड़ी नदियों में से 40 फीसदी में 2100 तक पानी का बहाव घट सकता है। इससे जितनी आबादी प्रभावित होगी, वह न्यूयॉर्क शहर से 100 गुना बड़ी होगी। पहले यह अनुमान लगभग 26 करोड़ लोगों का था, लेकिन अब यह संख्या कहीं ज्यादा बताई जा रही है। एनपीजे क्लाइमेट एंड एटमॉस्फेरिक साइंस पत्रिका में प्रकाशित शोध पत्र के मुताबिक इस अध्ययन में दुनिया भर की 30 सबसे बड़ी नदी घाटियों को चुना गया, जिनमें अमेजन, कांगो, गंगा, ब्रह्मपुत्र और नील नदियां शामिल हैं। शोधकर्ता यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि इन नदी घाटियों में बहाव या जल उपलब्धता, जलवायु मॉडलों में कैसे प्रस्तुत की जाती है। जलवायु मॉडल इन बदलावों का अनुमान लगाने के लिए अलग-अलग समीकरणों और मापदंडों का इस्तेमाल करते हैं। शोध में यह देखने की कोशिश की गई है कि ये कितने कारगर हैं। शोधकर्ताओं ने युग्मित मॉडलिंग अंतर-तुलना परियोजनाओं की दो पीढ़ियों, सीएमआईपी5 और हाल ही की सीएमआईपी6, की तुलना यह देखने के लिए की कि 1960 से 2005 तक के सालाना बहाव के ऐतिहासिक अनुमानों के मुकाबले उनका प्रदर्शन कैसा रहा। बाद वाली मॉडलिंग प्रणाली, सीएमआईपी6, अधिक कुशल और सटीक पाई गई। इसे भविष्य पर लागू करते हुए, पाया गया कि अधिक कुशल मॉडल पानी की उपलब्धता के संदर्भ में भविष्य की स्थिति को और भी बदतर बना रहे हैं। यह शोध नीति निर्माता और जल संसाधन प्रबंधक जो प्रभावों को समझने और अनुकूलन की जानकारी देने के लिए पृथ्वी प्रणाली मॉडल के परिणामों का उपयोग करते हैं, उनके लिए अहम है। साथ ही प्राकृतिक वैज्ञानिक, डेटा वैज्ञानिक और कम्प्यूटेशनल मॉडलर जो पृथ्वी प्रणाली मॉडल बनाते हैं और परिणामों का विश्लेषण करते हैं उनके लिए भी महत्वपूर्ण है। लेकिन सवाल यह है कि क्या दुनिया इन चेतावनियों को गंभीरता से ले रही है?

# अंधविश्वास के जरिए खत्म हो रहा विवेक

**कहने को भारत 21वीं सदी में प्रवेश कर चुका है और तकनीक के विकास में अंतरिक्ष में पहुंच रहा है। अर्थव्यवस्था के मामले में बताया जा रहा है कि भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है और यहां तक की जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा है। परंतु भारत का दूसरा भी पक्ष है कि यहां आज भी अंधविश्वास चरम पर है। पिछले कुछ दिनों में जो घटनाएँ मीडिया के माध्यम से सामने आई हैं, वह देश के विकास के एकांकी चेहरे का खुलासा करती है। बिहार के पूर्णिया जिले के एक गांव में इस शक में की एक महिला डायन है बच्चों को तंत्र-मंत्र से मारती है। उसके परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गई। दूसरी एक और घटना मीडिया में आई है ,जहां एक व्यक्ति को बीमारी से बचाने के लिए एक नौजवान की नरबलि दे दी गई। नरबलि की पुष्टि इसलिए हुई की लाश के पास गला कटा हुआ,नींबू और पूजा पाठ का सामान पाया गया। ऐसी और भी कितनी घटनाएं आए दिन अखबारों में छपती हैं और जो कुछ ही दिनों में समाज के मस्तिष्क से उड़ जाती है।**

रघु ठाकुर

अभी भी कई जगह महिलाएं अपने पारंपरिक अंधविश्वास के चलते पति की मृत्यु के बाद चिता पर जलकर सती हो जाती है। समाज और खासकर पुरुष मानसिकता इनको सती देवी का रूप बताता है और उनके मंदिर बनाकर पूजा करता है,तथा इस प्रकार पुरुषवादी मानसिकता को कायम रखता है। अगर पतिव्रता सिद्ध होने के लिए पति की मृत्यु पर पत्नी की मौत जरुरी है तो फिर यह कसौटी पुरुष समाज पर भी लागू होनी चाहिए कि पत्नी की मृत्यु पर पुरुष भी अपने आप को पत्नीव्रता सिद्ध करें और सता हो। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में सती प्रथा कम हुई है और सरकार ने भी सामूहिक रूप से इन घटनाओं के दर्शक समाज को अपराधी मानकर कानूनी कार्रवाई शुरू की हैजिससे कुछ भय पैदा हुआ है। प्रश्न यह है कि आखिर हमारी शिक्षा समाज को क्या दे रही है? क्या शिक्षा का उद्देश्य केवल अक्षर ज्ञान देना है? क्या केवल अर्थोपार्जन के लायक बनाना है? या फिर ऐसा सभ्य या वैज्ञानिक प्रवृत्ति का इंसान बनाना है,जो अंधविश्वास वा कुरीतियों से मुक्त हो सके। पर आज समाज में प्रगतिशील होने की कसौटी क्या है? केवल तकनीकी सुविधाओं को भोगने की क्षमता या विश्वविद्यालय की डिग्रियां ही प्रगतिशीलता है। या फिर पांच सितारा संस्कृति, भोग और तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल ही प्रगतिशीलता है। मेरी राय में प्रगतिशीलता की कसौटी वैज्ञानिक प्रवृत्ति होना चाहिए। जिस प्रकार हमने मशीनों के इस्तेमाल में उपयोगिता के आधार पर नई तकनीक विकसित की है,उसी प्रकार परंपराओं को समय काल के परिवर्तन के अनुसार समता और मानवता के आधार पर परंपराओं का पुनः निर्धारण करना चाहिए। जो ऐसी परंपराएं हैं जिनका औचित्य न कभी पहले था ना अब है और शायद पहले कभी रहा हो पर अब तो नहीं ही है,उन्हें समाप्त करना चाहिए ।

समूची दुनिया में लोगों ने ऐसी कुरीतियों और अंधविश्वास को छोड़ा है। अफ्रीकी भूभाग




के देश जो आदिवासियों, अशिक्षा व अंधविश्वास के देश थे वहां भी भारी मानसिक परिवर्तन आए हैं। अफ्रीकी देशों में अब ऐसी घटनाएं जो अंधविश्वास की हैं लगभग समाप्त हो गई हैं। परंतु भारत परंपराओं के मामले में आगे की बजाय पीछे जा रहा है। मेरे एक मित्र हैं वे मंत्र से बिच्छू का जहर उतरते हैं। आजकल उनकी शोहरत हो गई है कि वह टेलीफोन पर ही मंत्र पढ़ देते हैं और बिच्छू का प्रभाव कम हो जाता है। दरअसल यह भी अंधविश्वास का दूसरा पहलू है, कि जहां व्यक्ति को इस मंत्र के प्रति अगाध श्रद्धा है। मंत्र के पढ़े जाने के बाद वह मानसिक रूप से अपने आप को विष व दर्द से मुक्त महसूस करने लगता है। कई दशक पहले मेरे बड़े भाई का बड़ा बेटा जिसका नाम रविंद्र सिंह था ,उसे घर में सफाई करते हुए सांप ने काटा। उस समय के मीडिया में लगभग 8-10 सांप के कांटे लोगों की खबर अखबारों में एक साथ छपी थी। मेरे बड़े भाई और परिजनों का और उनका ही नहीं उस समय जितनो को सांप ने काटा था उन सभी के परिजनों का गहरा विश्वास मंत्र शक्ति में था। डॉक्टर ने बताया वह व्यक्ति जिंदा नहीं है फिर भी 7 दिनों तक कई लोग लाश को घर में रखे रहे।बाहर से जहर उतारने वाले गुनिया को बुलाने लगे। ऐसी ऐसी झूठी खबरें फैली थी की एक व्यक्ति को सांप का जहर उतारने राष्ट्रपति ने चिन्हित किया है रेल द्वारा भेजा जाता है आदि आदि। इसके बाद भी सांप द्वारा काटे हुए लोगों में कोई नहीं बचा। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में हजारों बिच्छू या सर्पदंश से पीड़ित लोग मंत्रों पर निर्भर हैं। यह उनकी मानसिक और सुविधाओं के अभाव की लाचारी है, इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपनी शिक्षा पद्धति के लिए समय अनुकूल बनाने की पहल करें। विज्ञान की शिक्षा के साथ-साथ वैज्ञानिक मानस यानी तार्किक मानस बनाने की भी शुरुआत करें। अभी तो स्थिति यह है कि वैज्ञानिक केन्द्रों की स्थापना के समय या नई तकनीकी उपकरणों की स्थापना के समय अपवाद छोड़कर,स्वतः वैज्ञानिक भी पूजा कराते हैं । क्या यह विज्ञान से मेल खाता है विज्ञान का तात्पर्य तार्किकता है। और अंधविश्वास अतार्किक होता है।

मुझे स्मरण है कि सन 1985-86 के समय स्व. जार्ज फर्नांडिस और मैं छत्तीसगढ़ के दौरे पर थे। अकलतरा नामक कस्बे में एक कारखाने की मशीन कई दिनों से बंद थी,ठीक नहीं हो रही थी। सीमेंट कारखाने की इस मशीन को ठीक करने जानकार आ रहे थे पर वह ठीक नहीं हो पा रही थी। वहां के चीफ इंजीनियर ने पूजा कर गेट पर नींबू मिर्च आदि लटका दिए थे। अगर एक शिक्षित इंजीनियर इतना अतार्किक है कि वह नींबू काटकर मशीन ठीक कर रहा है, तो फिर तकनीकी या वैज्ञानिक शिक्षा का कोई अर्थ नहीं रह जाता। अगर मंत्र उपचार या पूजा पाठ में इतनी ही शक्ति है तो फिर वह इन यंत्रों का प्रयोग भारत की सीमाओं की रक्षा, आतंकवाद से मुक्ति, भ्रष्टाचार व अपराधों से मुक्ति या बुराइयों से मुक्ति के लिए क्यों नहीं करते? दतिया के हमारे साथी थे श्री कंठमणि बुधौलिया जो एडवोकेट थे। 60 के दशक में एक बाबा जी आए थे जो हाथ से लौंग या सुपारी पैदा करते थे। उनके चमत्कार के प्रभाव में हजारों स्त्री पुरुष दर्शन करने आते थे। श्री कंठमणी बुधौलिया पक्के समाजवादी थे। वे जानते थे कि सुपारी का खेल चालाक कौशल है । उन्होंने एक दिन बाबा जी को पत्र भेजा कि यह लौंग सुपारी सस्ती है,हम खरीद लेंगे। असल में देश को यूरेनियम की आवश्यकता है,वह निकालिए वरना आपके समक्ष मैं धरना दूंगा। श्री बुधौलिया ने यह समाचार अखबार वालों को भी दे दिया। अखबारों ने इसे प्रमुखता से छापा। समाचार छपते ही उसी रात में बाबा जी चुपचाप दतिया छोड़ कर चले गए। समाज के प्रगतिशील व शिक्षित लोगों को कुपरंपराओं से टकराना चाहिए। मुझे याद है की सन 1976 में जब मैं इंदौर जेल में आंतरिक सुरक्षा कानून में निरुद्ध था तब अखबारों में एक खबर प्रमुखता से छपी थी। पुट्टापर्थी के साईं बाबा हाथ से राख निकालते थे जिसे लोग पवित्र भभूत मानते थे। उन्हें यह बचपन से परिवार बनाया गया था कि भभूत से आदमी का रोग ठीक हो सकता है। पुट्टापर्थी के साईबाबा का सारे देश में यही प्रचार था। जहां जाते हजारों लोग जमा होते, बड़े-बड़े पैसे वाले नौकरशाह उनके भक्त थे। हालांकि बड़ा कारण यह भी था कि तत्कालीन सत्ता केंद्र से उनके संपर्क थे। महाराष्ट्र की एक संस्था अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति है। जिसके राज्य के पदाधिकारी श्री श्याम मानव थे ने उन्हें चुनौती दी कि वे लोग उनके पास आएंगे भारी भीड़ में उनकी तलाशी लेंगें। इसके बाद भी वे भभूत निकाल देंगे तो उनके देवत्व पर विश्वास करेंगे।

दरअसल होता यह था कि साईबाबा अपने कुर्ते के अंदर एक धागा से राख की पुड़िया बांधते थे। जैसे ही वह खींचते धागा टूटता और भभूत हाथ में आ जाती थी। समिति वालों ने नागपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर अपने उद्देश्य की जानकारी दी । सांईबाबा तलाशी को तैयार नहीं थे, वे नागपुर छोड़कर चले गए। ऐसे कितनी ही घटनाएं मेरी जानकारी में है। परंतु यह दुखद है कि व्यापक समाज इन अंधविश्वासों में फंसा हुआ है। मेरी राय में सरकार को चाहिए कि स्कूल कॉलेज विश्वविद्यालय में एक कोर्स शुरू हो जिसमें अंधविश्वास कुरीतियों की असलियतों का विद्यार्थियों को बोध कराया जाए।

अध्यात्म

## जो सृजन करता है, वही महान है

इस कथा की शुरुआत एक गहरे संदेश के साथ होती है, जो हमें जीवन के मूल्यों की ओर ले जाती है। यह कहानी एक ऐसे दौर की है जहाँ हिंसा और अलगाव का बोलबाला है, और लोगों के बीच समझ और एकता की कमी दिखाई देती है। ऐसे में भगवान बुद्ध की प्रेरणादायक शिक्षाएँ हमें इस अंधेरे से निकालने का मार्ग प्रशस्त करती हैं। एक कुख्यात डाकू था अंगुलिमाल। जो भी उसके इलाके से गुजरता, उसे वह मार डालता और उसकी अंगुलियों से माला बनाकर पहनता था। उसने प्रतिज्ञा की थी कि वह 100 लोगों की अंगुलियाँ एकत्र करेगा। उसकी संख्या 99 तक पहुँच चुकी थी। एक दिन गौतम बुद्ध उसी रास्ते से गुजर रहे थे। अंगुलिमाल ने दूर से उन्हें देखा और सोचा, आज 100वाँ शिकार मिल गया। वह बुद्ध की ओर बढ़ा और बोला, रे संन्यासी! तुझे अपनी जान की कोई चिंता नहीं? यह मेरा क्षेत्र है, अंगुलिमाल का। भाग जा, वरना तुझे मार दूँगा। तू अकेला और निहत्था है, फिर भी तेरा चेहरा देखकर मेरा मन विचलित हो रहा है। मैं किसी और दिन यह संख्या पूरी कर लूँगा। बुद्ध शांति से बोले, अंगुलिमाल! हम अपने मार्ग पर चल रहे हैं। तुम्हारी कसम पूरी करनी है, तो कर लो। यह सुनकर अंगुलिमाल हैरान रह गया। फिर बुद्ध ने पूछा, अंगुलिमाल! बताओ, क्या तुम इस तलवार से इस वृक्ष की डाल काट सकते हो? अंगुलिमाल ने तुरंत अपनी तलवार उठाई और एक झटके में वृक्ष की डाल काट दी, फिर बोला, यह तो मामूली बात है। बुद्ध ने मुस्कुराते हुए कहा, अच्छा, अब इस कटी डाल को फिर से जोड़ सकते हो? अंगुलिमाल चुप हो गया और बोला, यह असंभव है। तब बुद्ध ने गहरी बात कही, अंगुलिमाल! तोड़ना आसान है, लेकिन जोड़ना कठिन। हम जोड़ने का काम करते हैं, तोड़ने का नहीं। तुम जो कर रहे हो, वह तो कोई बच्चा भी कर सकता है। बुद्ध की ये बातें अंगुलिमाल के मन पर गहरी छाप छोड़ गईं। उसने अपनी तलवार और हथियार फेंक दिए और बुद्ध से दीक्षा माँगी। बुद्ध ने उसे आ भिक्षु! कहकर संन्यास दे दिया।

### सीख

इससे हमें यह शिक्षा मिलती है कि हिंसा करना सरल हो सकता है, लेकिन किसी को दिल से जोड़ना और सृजन करना कठिन है। किसी वस्तु को तोड़ना आसान है, पर उसे बनाना जटिल। जो सृजन करता है, वही महान है, और जो विनाश करता है, वह अंधेरे का साथी है।

# निसार-अंतरिक्ष से धरती की सुरक्षा का प्रहरी

**'निसार' का सफल प्रक्षेपण केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक सुरक्षा कवच है। यह धरती पर आने वाले हर बदलाव पर नज़र रखकर हमें पहले से चेताएगा, जिससे जीवन और संपत्ति की रक्षा की जा सकेगी। पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक शोध, कृषि और जल संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में इसका योगदान अमूल्य होगा। भारत के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि यह हमें आपदाओं से निपटने में आत्मनिर्भर बनाएगी और अंतरिक्ष विज्ञान में हमारी वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगी। नासा के साथ इसरो की यह साझेदारी विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नई मिसाल है। आने वाले समय में जब धरती जलवायु परिवर्तन और आपदाओं की चुनौतियों का सामना करेगी, तब 'निसार' जैसे उपग्रह उम्मीद की किरण बनकर सामने आएंगे। यह मानव सभ्यता को सुरक्षित और स्थायी भविष्य की ओर ले जाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।**


नृपेन्द्र अभिषेक नृप

धरती निरंतर बदल रही है- कभी भूकंप की थरथराहट, कभी बाढ़ का उफान, कभी जंगलों का सिमटना तो कभी ग्लेशियरों का पिघलना। इन बदलावों को समझना और समय रहते उनका सामना करना मानवता के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। इसी दिशा में भारत ने नासा के साथ मिलकर इतिहास रचते हुए 'निसार' सैटेलाइट का सफल प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी-एफ 16 रॉकेट के जरिए किया गया है। अंतरिक्ष से धरती की हर हलचल पर नज़र रखने वाला यह उपग्रह आपदाओं के समय उम्मीद की नई किरण बनेगा। यह न केवल वैज्ञानिक शोध और पर्यावरण संरक्षण में मदद करेगा, बल्कि जीवन और प्रकृति की रक्षा का सशक्त प्रहरी साबित होगा।

'निसार' यानी नासा-इसरो सिंथेटिक एपेर्चर राडार एक उन्नत सैटेलाइट है, जो पृथ्वी के हर छोटे-बड़े बदलाव पर नज़र रखने में सक्षम है। यह 747 किलोमीटर की ऊंचाई से लगातार पृथ्वी की सतह को स्कैन करेगा और होने वाले परिवर्तनों का वास्तविक समय में पता लगाएगा। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह आपदाओं के आने से पहले ही उनके संकेत पकड़ने में सक्षम होगा। उदाहरण के लिए, भूकंप या सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं से पहले धरती में होने वाले हल्के बदलावों को यह सटीकता से माप सकेगा। इस सैटेलाइट का 12 मीटर लंबा गोल्ड प्लेटेड एंटीना इसे और भी खास बनाता है। इसकी मदद से यह विशाल क्षेत्र में एक साथ डेटा इकट्ठा कर सकता है। राडार इमेजिंग तकनीक से लैस यह उपग्रह बादलों या रात के अंधेरे में भी स्पष्ट तस्वीरें भेजने में सक्षम है। यह क्षमता आपदा प्रबंधन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, कृषि, जल संसाधन प्रबंधन और वैज्ञानिक अनुसंधान में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

निसार का सबसे बड़ा योगदान आपदाओं के समय चेतावनी प्रणाली को और मजबूत करना होगा। भूकंप, भूस्खलन, जंगल की आग, बाढ़ या सूखा जैसी घटनाओं से पहले धरती की सतह में जो सूक्ष्म बदलाव आते हैं, उन्हें निसार तुरंत पकड़ सकेगा। इससे न केवल समय रहते लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सकेगा, बल्कि आपदा से होने वाले नुकसान को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा। यह उपग्रह 'भूकंपीय भविष्यवक्ता' की तरह काम करेगा। भूकंप आने से पहले धरती की परतों में होने वाले सूक्ष्म उतार-चढ़ावों का विश्लेषण कर यह शुरुआती चेतावनी देगा। इसी तरह जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्रों का बढ़ता स्तर, ग्लेशियरों का पिघलना या किसी क्षेत्र में जमीन धंसने जैसी घटनाओं को यह उपग्रह पहले से पहचानकर सचेत कर सकेगा।

निसार केवल आपदाओं तक सीमित नहीं रहेगा। यह सैटेलाइट जंगलों की सेहत, भूमि उपयोग में हो रहे बदलाव और प्राकृतिक संसाधनों की स्थिति की निगरानी में भी अहम भूमिका निभाएगा। उदाहरण के लिए, वनों की कटाई,



रेगिस्तानीकरण या अतिक्रमण जैसी समस्याओं का पता यह सटीकता से लगाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण की योजनाओं को बेहतर दिशा मिलेगी। इसके अलावा वैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में भी यह एक वरदान साबित होगा। नदियों, पर्वतों, महासागरों और ग्लेशियरों में समय के साथ आने वाले परिवर्तनों का अध्ययन करना, पृथ्वी की संरचना और जलवायु परिवर्तन को समझना, तथा वैश्विक तापन के प्रभावों का पूर्वानुमान लगाना– इन सभी क्षेत्रों में निसार से प्राप्त आंकड़े अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होंगे।

भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए निसार का योगदान बहुमूल्य होगा। यह सैटेलाइट खेतों में नमी के स्तर, सिंचाई व्यवस्था और फसल की स्थिति की निगरानी कर किसानों को उपयोगी जानकारी देगा। सूखा या बाढ़ की आशंका होने पर पहले से चेतावनी मिल सकेगी, जिससे किसान समय रहते अपनी रणनीति बदल सकेंगे। इसके अलावा, भूजल स्तर और नदियों के प्रवाह में हो रहे बदलावों का पता लगाकर जल संसाधन प्रबंधन को भी बेहतर बनाया जा सकेगा।'निसार' का सफल प्रक्षेपण भारत के लिए गर्व का क्षण है। यह दुनिया का पहला ऐसा सैटेलाइट है, जो एक साथ रु-बैंड और स्-बैंड राडार का उपयोग करता है। इससे इसकी सटीकता और कार्यक्षमता दोनों बढ़ जाती हैं। यह पूरी तरह से 'नासा-इसरो सिंथेटिक एपेर्चर राडार' तकनीक पर आधारित है, जो पारंपरिक कैमरों की तुलना में कहीं अधिक स्पष्ट और विस्तृत डेटा उपलब्ध कराता है। इस मिशन की खास बात यह है कि इसे नासा और इसरो ने संयुक्त रूप से तैयार किया है। अमेरिकी विशेषज्ञता और भारतीय प्रौद्योगिकी का यह संगम भविष्य के लिए एक मजबूत अंतरिक्ष साझेदारी का संकेत है। प्रक्षेपण में भारतीय प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी-एफ 16) का उपयोग किया गया, जो हमारे आत्मनिर्भर अंतरिक्ष कार्यक्रम का प्रमाण है।

पिछले कुछ दशकों में जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत जैसे विशाल और विविध भौगोलिक संरचना वाले देश के लिए यह चुनौती और भी बड़ी है। निसार जैसे उपग्रह इन चुनौतियों से निपटने में एक नई उम्मीद लेकर आए हैं। यह न केवल समय रहते चेतावनी देगा, बल्कि आपदा के बाद राहत और पुनर्वास कार्यों में भी मदद करेगा।जब किसी क्षेत्र में भूस्खलन या बाढ़ जैसी घटना होती है, तो निसार तुरंत उस क्षेत्र की उच्च-रिज़ॉल्यूशन तस्वीरें भेजेगा। इससे प्रशासन को प्रभावित इलाकों की सटीक जानकारी मिलेगी और बचाव कार्य तेजी से हो सकेंगे। आपदा के बाद जमीन में हुए स्थायी बदलावों का भी यह अध्ययन कर सकेगा, जिससे भविष्य में बेहतर योजना बनाई जा सके।

'निसार' का सफल प्रक्षेपण केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक सुरक्षा कवच है। यह धरती पर आने वाले हर बदलाव पर नज़र रखकर हमें पहले से चेताएगा, जिससे जीवन और संपत्ति की रक्षा की जा सकेगी। पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक शोध, कृषि और जल संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में इसका योगदान अमूल्य होगा। भारत के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि यह हमें आपदाओं से निपटने में आत्मनिर्भर बनाएगी और अंतरिक्ष विज्ञान में हमारी वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगी। नासा के साथ इसरो की यह साझेदारी विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नई मिसाल है। आने वाले समय में जब धरती जलवायु परिवर्तन और आपदाओं की चुनौतियों का सामना करेगी, तब 'निसार' जैसे उपग्रह उम्मीद की किरण बनकर सामने आएंगे। यह मानव सभ्यता को सुरक्षित और स्थायी भविष्य की ओर ले जाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

### मेष
आपको अपने आर्थिक प्रयासों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी बात को लेकर प्रलोभन में न आएं। वरिष्ठ सदस्यों की बातों का आपको पूरा महत्व देना होगा।

### वृषभ
बड़ों की बातों को पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। शीघ्रता व भावुकता में आपको कोई निर्णय लेने से बचना होगा।

### मिथुन
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों के ऊपर काम का दवाब रहने से थोड़ी टेंशन बनी रहेगी।

### कर्क
आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहेगा। मन में किसी काम को लेकर टेशन बनी रहेगी। किसी से पद की प्राप्ति हो सकती है।

### सिंह
आज का दिन आनंदमय रहने वाले हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। कुछ नए लोगों से संपर्क बढ़ेगा। करियर में आपको अच्छा लाभ मिलेगा।

### तुला
किसी कानूनी मामले में आपको अत्यधिक मेहनत मशक्कत के बाद ही राहत मिलेगी। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

### वृश्चिक
आप अपने ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति की बातों में आकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट ना करें। आपको अपने बिजनेस को लेकर पार्टनरशिप करने से बचना होगा।

### धनु
आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने घर का रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं।

### मकर
आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य की पूर्ति के लिए रहेगा। आप अपने करीबियों से तालमेल बनाकर चलेंगे। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगेंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर सकेंगे।

### मीन
औद्योगिक क्षेत्रों में आपका अच्छा नाम रहेगा। टीमवर्क के जरिए काम करके आप अच्छा नाम कमाएंगे। आप अपनी संतान को जिम्मेदारी देंगे।

# नियोजन कैंप में 14 अभ्यर्थी हुए चयनित

## 30 रिक्तियों के विरूद्ध 34 अभ्यर्थी हुए थे शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय सह मडल करियर सेन्टर में मंगलवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने किया। उक्त कैंप में निजी कंपनी नावा भाराथ फर्टिलाइजर्स एलएलपी के प्रतिनिधि गोपाल कुमार के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 30 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 34 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 14 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर चयनित किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी श्री राणा ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया। बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री राणा द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है। एनसीएस पोर्टल द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जे एस ए राहुल कुमार एवं वाईपी पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रधान लिपिक विनय कुमार, सतीश पटेल, सामंत कुमार, रंजय सिंह देव एवं रामप्रीत उपस्थित थे।

# बक्सर-पटना फोरलेन से दो कारों से विदेशी शराब संग दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिलापदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को उत्पाद विभाग द्वारा बक्सर पटना फोरलेन के गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर ओवरब्रीज के समीप बिना नम्बर प्लेट की सेंट्रो कार से 207.36 लीटर शराब पकड़ा है। दूसरी ओर गजराजगंज थाना क्षेत्र के बक्सर पटना फोरलेन के शोभी डुमरा मोड़ से मारुती सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार से 172.800 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ है। कुल शराब की किमत करीब 6 लाख रुपये आंका गया है। पुलिस ने दोनों वाहन से एक एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनो तस्कर पटना जिला के रहने वाले है। जिसमें खुसरुपुर थाना क्षेत्र के खुसरुपुर निवासी पुष्परंजन कुमार और शालीमारपुर थाना क्षेत्र के ग्यासपुर निवासी राकेश पासवान है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना गुप्त मिली थी कि लग्जरी कार से दो वाहनो से उत्तर प्रदेश से शराब का खेप पटना की ओर जा रही है। तुरत टीम का गठन कर दिया। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा व रवि कुमार के साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। वाहनो से 180 एमएल के 960+1152 पीस टेट्रापैक शराब बरामद हुआ। कुल शराब 2112 पीस टेट्रापैक विदेशी शराब है। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलायी जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# छात्राओं को लगाया गया सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी में मंगलवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 9 से 14 वर्ष तक की छात्राओं को एचपीवी का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम चिरैया पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. श्याम पासवान की अध्यक्षता में हुई। वहीं इस अवसर पर बीईओ सरोज कुमार सिंह, पीएचसी के चिकित्सक डॉ. रंजन कुमार, डॉ मधु कुमार श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक मो. जियाउल हक, यूनिसेफ़ के बीएमसी भागेश्वर चौधरी, एमएंडइ नवल किशोर प्रसाद, एएनएम शिखा कुमारी, अर्चना कुमारी, आर बी एस के अफजल इकबाल, डाटा ऑपरेटर अनिल कुमार, मनीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। इस संबंध में डा. रंजन कुमार ने बताया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से 98 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करती है। एचपीवी का टीका ह्यूमन पेपिलोमा वायरस के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करता है। यह टीका कुछ प्रकार के कैंसर और जननांगों पर मस्सों से बचाव करता है। एचपीवी एक आम वायरस है जो यौन संपर्क से फैलता है और गर्भाशय ग्रीवा, गुदा, मुख-ग्रसनी, लिंग, योनि और भग के कैंसर का कारण बन सकता है, इसके अलावा यह जननांगों पर मस्से भी पैदा कर सकता है। यह अभियान फिलहाल सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालयों में चलायी जा रही है। टीकाकरण के माध्यम से 9 वर्ष से 14 वर्ष के स्कूली छात्राओं को वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए प्रतिरक्षित किया जा रहा है।

# मतदाता इस बार नेताओं का नहीं, अपने बच्चों का चेहरा देखकर करें मतदान : प्रशांत किशोर

जनसुराज की सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को कोटवा उच्च विद्यालय के प्रांगण में जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार की मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था और नेताओं पर तीखा हमला बोला। यह जनसभा उनकी बहुचर्चित 'बिहार बदलाव यात्रा' का हिस्सा थी, जिसके माध्यम से वे राज्य भर में जनता से संवाद कर रहे हैं। सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक जुटे थे। मंच से बोलते हुए किशोर ने कहा, आपने मोदी का चेहरा देखकर चायवाले को प्रधानमंत्री बना दिया, लालू का चेहरा देखकर भैंस चराने वाले को 30 सालों तक राजा बनाए रखा और नीतीश के नाम पर एक वैद्य के बेटे को दो दशक से सत्ता सौंप दी। लेकिन कभी आपने अपने बच्चों के भविष्य को देखकर वोट नहीं दिया। नतीजा यह है कि आज आपके बच्चे गुजरात और पंजाब की फैक्ट्रियों में मजदूरी कर रहे हैं। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि वोट किसी नेता के चेहरे के नाम पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर किया जाए। इस बार अपने बच्चों का चेहरा देखिए और तय कीजिए कि किसे वोट देना है, उन्होंने दोहराया। प्रशांत किशोर ने पूर्वी चंपारण की जनता से कई बड़े वादे भी किए। उन्होंने कहा कि अगर जनता ने उन्हें मौका दिया तो छठ पूजा के बाद बिहार के 50 लाख युवाओं को उनके घर के पास ही 10-12 हजार रुपये मासिक की नौकरी या रोजगार दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने 60 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को दिसंबर 2025 से हर महीने 2000 रुपये पेंशन देने का वादा किया। शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने गंभीर चिंता जताई और कहा कि जब तक सरकारी स्कूलों में सुधार नहीं हो जाता, तब तक 15 साल से कम उम्र के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाया जाएगा और उनकी फीस सरकार द्वारा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब जनता को भावनाओं से नहीं, हकीकत से जुड़कर वोट करना होगा। उन्होंने लालू, नीतीश और मोदी पर नाम लिए बिना कटाक्ष करते हुए कहा कि इन नेताओं ने बिहार को सिर्फ ठगा है। ल्लअब जनता का राज आएगा, और हर बच्चे को भविष्य मिलेगा। सभा के अंत में प्रशांत किशोर ने लोगों से अपील की कि वे इस बार अपने वोट को गंभीरता से लें और सोच-समझकर एक नए बिहार की नींव रखें, जिसमें हर युवा को रोजगार और हर बच्चे को शिक्षा मिले। इस जनसभा को जिले में आगामी चुनावों की दृष्टि से अहम माना जा रहा है, जहां प्रशांत किशोर की बढ़ती सक्रियता ने सियासी हलचल तेज कर दी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केबी सिंह ने किया। सभा को संबोधित करने वाले में कल्याणपुर विधानसभा के संभावित उम्मीदवार डॉ॰ मंतोष साहनी, जिला अध्यक्ष राधेश्याम यादव, रामशरण यादव, विनय सहनी, ललन यादव थे। कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकता सहित हजारों लोग मौजूद थे।

# डीएओ ने उर्वरक प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** मोतिहारी जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा चकिया प्रखंड में अवस्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पीपरा बाजार में अवस्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों द्वारा बताया गया कि थोक उर्वरक विक्रेता के स्तर से यूरिया के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग कर बेचा जा रहा है। उक्त के संबंध में थोक उर्वरक विक्रेता, मे. श्रीराम ट्रेडर्स, प्रखंड चकिया से पृच्छा करते हुए उनके थोक उर्वरक अनुज्ञप्ति को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक, यारा फर्टिलाईजर्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड से इस संबंध में स्पष्टीकरण की मांग की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि जिले में उर्वरक के जीरो टॉलरेंस नीति का सख्ती से पालन किया जा रहा है तथा किसी भी स्तर से अगर कालाबजारी एवं निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री की शिकायत प्राप्त होती है तो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि प्रत्येक प्रखंडों में निर्धारित दर पर यूरिया का वितरण पदाधिकारियों / कर्मियों के देख - रेख में किया जा रहा है।

# भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शिवाजीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मंगलवार को मधरापुर पंचायत में एक महत्वपूर्ण पंचायत कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला दिन के 2:00 बजे से प्रारंभ हुई, जिसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने की। कार्यशाला में आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत करने की दिशा में विशेष रूप से चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष सरोज कुमार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बूथ सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर 5 से 10 बाइक टोली के गठन की आवश्यकता बताई, जो विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहकर लाभार्थियों से संपर्क करेंगे और छोटे-छोटे सम्मेलन आयोजित करेंगे। साथ ही प्रत्येक बूथ टोली के कार्यकर्ताओं को 5 से 10 परिवारों की वोटिंग सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी सौंपने की बात कही। कार्यशाला में यह भी तय किया गया कि प्रधानमंत्री 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक बुधवार को सुनने की योजना पंचायत स्तर पर बनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी जैसे विशेष पर्वों पर बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजन की रणनीति पर भी चर्चा हुई।मंडल अध्यक्ष ने आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती को भव्य रूप से मनाने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, दीवार लेखन, कमल चिन्ह के साथ नारे लेखन, एनडीए कार्यकर्ताओं से संपर्क एवं संवाद, और बीजेपी में 10 से 20 नए कार्यकर्ताओं की भर्ती जैसे कार्यों पर भी विशेष जोर दिया गया।कार्यशाला में आगामी 15 अगस्त को पंचायत स्तर पर ध्वजारोहण, 10 से 14 अगस्त के बीच बाइक रैली, और 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। इसके साथ ही घर-घर संपर्क अभियान और बीजेपी सोशल मीडिया टीम को भी सक्रिय करने की बात कही गई। प्रत्येक बूथ और पंचायत का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी कार्यकर्ताओं को जोड़ने का निर्णय भी लिया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के शिवाजीनगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष सरोज कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, मंडल मंत्री धर्मेंद्र सिंह, कुमार प्रभाकर ठाकुर सिंह, मंडल महामंत्री नीलमणि पासवान, मनीष सिंह, जितेंद्र, सोनू सिंह, राजा रजक, डमी पासवान, अमन मंडल, मोहन पासवान, आशु सोनी, गौरव पासवान समेत सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे एवं कार्यशाला का उद्देश्य पंचायत और बूथ स्तर पर पार्टी को अधिक सक्रिय, संगठित और चुनाव के लिए तैयार करना रहा। सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर संकल्प लिया कि पार्टी की नीतियों और योजनाओं को आम जन तक पहुंचाकर भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

# सिनेमा हॉल ऑपरेटर से लूटपाट

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के मेन रोड में सुलेमान दरगाह के पास सविता सिनेमा हाल के ऑपरेटर विनोद कुमार पर बदमाशों ने हमला कर वेतन के मिले 3500 रुपए लूट लिये। विरोध करने पर मारपीट भी की और कपड़े फाड़ दिए। ऑपरेटर ने बताया कि वह सिनेमा हॉल से काम खत्म कर ई रिक्शा से कचहरी स्थित अपने आवास जा रहा था। इसी दौरान घात लगाए विकास नगर निवासी बदमाशों ने उसे घेर लिया और मारपीट करते हुए लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। इस बाबत थाने में लिखित सूचना दी गई थी। लेकिन पुलिस ने तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की। मंगलवार को दोबारा लिखित अर्जी पुलिस को दी गई है।

# श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह के प्रयास से समाप्त हुआ पूर्व विधायक का आमरण अनशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बक्सर।** ज़िले के ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नैनीजोर गांव में विगत 9 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे पूर्व विधायक स्वामीनाथ तिवारी का अनशन, बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह के आग्रह पर आज समाप्त हो गया। यह अनशन जनहित से जुड़ी विभिन्न स्थानीय समस्याओं और विकासात्मक मांगों को लेकर किया गया था, जिनकी गूंज लगातार राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों तक पहुँच रही थी। अनशन को समाप्त कराने के लिए बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह स्वयं नैनीजोर पहुंचे और श्री तिवारी से सीधे संवाद किया। उनके साथ एक शिष्टमंडल भी अनशन स्थल पर पहुँचा, जिसमें बक्सर जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन, पूर्व विधायक संजय टाइगर, कौशल विद्यार्थी सहित कई गणमान्यजन शामिल थे। मंत्री ने श्री तिवारी द्वारा उठाए गए सभी उचित और जनहित से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और हर नागरिक की आवाज़ को सुना जाएगा। मंत्री के आश्वासन और शिष्टमंडल के प्रयासों से श्री तिवारी जी ने अपना आमरण अनशन समाप्त किया। विदित हो कि मंत्री संतोष कुमार सिंह की सक्रिय भूमिका ने एक गंभीर जन आंदोलन को समाधान की दिशा में परिवर्तित किया, जो सरकार की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का सशक्त उदाहरण है।

# अनुमंडल अस्पताल में सिजेरियन के जरिए हुआ प्रसव

**बाढ़।** बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में सिजेरियन के जरिए मनकौरा गांव निवासी महिला का प्रसव कराया गया। इस दौरान महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्नेही प्रियदर्शी और निश्चेतक डॉक्टर चंदन कुमार की टीम ने ऑपरेशन किया। इस दौरान अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर विनय चौधरी भी मौजूद रहे। अनुमंडल अस्पताल में लगातार जटिल प्रसव को कराने के लिए सिजेरियन प्रसव कराने की व्यवस्था से स्थानीय लोगों को फायदा हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ बंध्याकरण ऑपरेशन भी कराया गया।

# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय का 53वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** यह दौर अनुसंधानात्मक शिक्षण का है, ऐसे में शोध पर ध्यान देने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक दृष्टि से सशक्त और सुदृढ़ बनाने में शिक्षकों की भूमिका अहम है। अतएव गुरु-शिष्य परंपरा, पर्यवेक्षक-शोधार्थी के बीच समर्पित और एकनिष्ठ संबंध स्थपित करना विश्वविद्यालय की ज़िम्मेदारी है। उक्त बातें बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग, पटना के अध्यक्ष प्रो गिरीश कुमार चौधरी ने कहीं। बतौर मुख्य अतिथि प्रो चौधरी मंगलवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के 53वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल वर्ल्ड में शिक्षा के बदलते संरचनात्मक स्वरूप को आत्मसात करते हुए शिक्षकों को सीखने की आवश्यकता है। राज्य भर के परंपरागत विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी को बहुत हद तक दूर किया गया है। जो भी शेष है वह भी जल्द वेकेंसी निकाल भरा जाएगा। उच्च शिक्षण संस्थान होने के कारण गुणवत्तापूर्ण शोध और प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने का प्रयास करना होगा। हमें प्रत्येक शिक्षक की विशेषता और स्किल्स का समुचित उपयोग कर विश्वविद्यालय के संवर्द्धन में प्रयासरत होना होगा। सर्वप्रथम, स्वर्गीय बाबू ललित नारायण मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद प्रभारी कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा ने विश्वविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास को स्मरण करते हुए वर्तमान में विश्वविद्यालय के मेरु अंतर्गत 'शोध विश्वविद्यालय' तक की सर्जनात्मक यात्रा पर प्रकाश डाला। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के पूर्व कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने अपने गंभीर बौद्धिक में विद्या ददाति विनयम का सूत्र विश्लेषित करते हुए शिक्षा को मानवीय संवेदनाओं का केंद्र मानते हुए मानुषी गुणों के सत्यम शिवम सुंदरम भाव के प्रकटीकरण का भी साध्य स्वीकारा। दूसरे आमंत्रित विशिष्ट अतिथि लनामिवि के पूर्व छात्र और स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग के पूर्व प्रोफ़ेसर एवं भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के वर्तमान कुलपति प्रो बिमलेंदु शेखर झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस मौके पर वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो हरे कृष्ण सिंह, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार चौधरी, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो शाहिद हसन, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो मंजू राय, संगीत एवं नाट्य संकायाध्यक्ष प्रो पुष्पम नारायण और शिक्षा शास्त्र संकायाध्यक्ष प्रो शशि भूषण ने भी अपने वक्तव्य दिए। भारतीय सनातनी संस्कृति के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन और कुलगीत के पश्चात कार्यक्रम के आरंभिक सत्र का संचालन दर्शन शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ प्रियंका राय ने किया।

## एक नजर

### अभाविप ने किया सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जीडी कलेज इकाई के द्वारा मंगलवार को सदस्यता अभियान प्रमुख आलोक झा के नेतृत्व में चलाया गया। कलेज अध्यक्ष प्रहलाद कुमार झा एवं सदस्यता प्रमुख आलोक ने बताया कि विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान 1 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगी। हर बार की तरह इस बार भी हम लोगों की प्रयास है की अधिक से अधिक छात्र एवं छात्राओं को सदस्य बनाया जाए। इस बार का सदस्यता लक्ष्य जीडी कलेज इकाई का 2500 है। छात्र एवं छात्राओं परिषद की सदस्यता लेने के लिए उत्साहित हमेशा रहते हैं। क्योंकि वर्ष भर कलेज कैम्पस में विद्यार्थी परिषद के द्वारा में आई हेल्प यू काउंटर लगाकर छात्र एवं छात्राओं का मदद किया जाता है। मौके पर मौजूद नगर सह मंत्री अमन एवं कालेज सह मंत्री अभिषेक ने कहा की विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान हर एक कैम्पस में 1 तारीख से प्रारंभ हो गई है। हम छात्र-छात्राओं से अपील करना चाहते हैं कि आइए विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जुड़िए। राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपना सहयोग कीजिए। मौके पर मौजूद कलेज कार्यकारिणी सदस्य अनमोल, मनीष, सचिन, जूही आइसा परवीन, हरिओम, कलेज सह मंत्री राकेश, एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विदेशी शराब बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने सोमवार की देर शाम छतौना से 78 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शराब कारोबारी बाबा बदल चौधरी स्थान के पास पुराने लैट्रीन की टंकी में काफी मात्रा में शराब छिपा कर रखे हुए है। मेरे नेतृत्व में एस आई रंजीत कुमार, अनिल कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान के साथ उक्त स्थल पर पहुँच कर छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में रांयल स्टैग प्रिमियम ह्विस्की के 375 मिली के 56 कार्टून, इम्पीरियर ब्लू रिजर्व ग्रेन 375 मिली ह्विस्कीके 15 कार्टून तथा 750 मिली के 7 कार्टून कुल 703.125 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कारोबारी छतौना के रूपेश कुमार उर्फ विदेशिया, गौरव कुमार, गुलशन कुमार, धीरज मिश्र, डफरपुर पूर्वी के मनीष सिंह को नामजद किया गया है। मनीष सिंह पूर्व में भी शराब कारोबार में नामजद है। कारोबारी की गिरफ्तारी हेतु संदिग्ध ठिकाने पर छापामारी जारी है।

### दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएचसी नावकोठी में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें 95 दिव्यांग जनों की दिव्यांगता जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा किया गया। बीआरपी समावेशी शिक्षा रौशन कुमार ने बताया कि इसमें 55 स्कूली दिव्यांग बच्चे शामिल थे। इसमें 40 अस्थि दिव्यांग, श्रवण दिव्यांग 15, .ष्टि बाधित दिव्यांग 05, मानसिक दिव्यांग 15, मूक दिव्यांग 10 तथा 10 अन्य तरह के दिव्यांग जन शामिल हैं। ट्राय साइकिल हेतु 03, ह्वील चेयर हेतु 02, श्रवण यंत्र हेतु 05 दिव्यांग जनों को चिह्नित किया गया है। शिविर में आर्थो डा गौरव कुमार, फिजिशियन डा राजीव रंजन चौधरी, फिजियोथेरेपिस्ट संजीव कुमार, सहायक आडियो लेजिस्ट दिव्या कुमारी, बीआरपी कमलेश कुमार सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र करें पूरा : डीएम

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोतिहारी स्थित गांधी संग्रहालय में चल रहे जीर्णोद्धार के कार्य का जिलाधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया एवं इस कार्य को 15 अगस्त से पहले पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा गांधी संग्रहालय परिसर की साफ सफाई भी देखी गई और इस संबंध में जरूरी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त एवं सहायक समाहर्ता भी मौजूद थे।

### किसानों का प्रशिक्षण संपन्न

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के महेशवाड़ा पंचायत में मंगलवार को किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन प्रदान संस्था एवं मनरेगा के संयुक्त संयोजकत्व हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया अजय सहनी ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। मनरेगा जैसी योजनाएं केवल रोजगार सृजन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें .षि क्षेत्र में उपयोग कर किसान अपनी उत्पादन क्षमता भी बढ़ा सकते हैं। प्रदान संस्था के शिवचंद्र कुमार ने जैविक खेती, मृदा परीक्षण, फसल विविधीकरण, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, जल संरक्षण तकनीक, और मनरेगा के तहत खेत तालाब, मेड़बंदी जैसे कृषि सहायक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी भी दी गई। योजनाओं से लाभ लेने हेतु आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया। किसानों ने अपने प्रश्नों के माध्यम से विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया। सुमन कुमार ने मछली पालन को लेकर चर्चा किया गया।मौके पर प्रदान संस्था से अभय कुमार ,कुंदन कुमार, चंद्रमुखी देवी, किसान सलाहकार मुकेश, नीतीश कुमार मुकेश कुमार, प्रमोद यादव, विनोद यादव, अतुल मिश्र सहित कई किसानों ने हिस्सा लिया।

### भदौर से किशोरी गायब

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में अपने ननिहाल में रह रही किशोरी शौच करने के दौरान खेत के रास्ते से गायब हो गई। इस संबंध में सकसोहरा थाने के निवासी परिजनों ने केस दर्ज करायी है। परिजनों का कहना है कि वृद्ध नाना और नानी की देखभाल करने के लिए किशोरी ननिहाल में रह रही थी। इस दौरान वह गायब हो गई। खोजबीन के दौरान अज्ञात मोबाइल कॉलर ने किशोरी के उसके पास होने की सूचना दी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### अपहृत लड़की बरामद,आरोपी गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा पुलिस ने प्रेम प्रसंग में अपहृत लड़की को सोमवार को बेतिया से बरामद कर लिया है। साथ ही पुलिस ने मुख्य आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि लड़की को बरामद कर 164 का बयान व मेडिकल हेतु बेतिया भेजा गया है। जबकि आरोपी इरशाद खान को गिरफ्तार पर जेल भेज दिया गया है। विदित हो कि इनरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से विगत 31 जुलाई को शौच को घर से निकली लड़की को अपहरण कर लिया गया था। जिसको लेकर लड़की की पिता ने थाने में गांव के ही इरशाद खान पर आरोप लगाते हुए चार लोगों खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था।

### उप डाकघर का भवन जर्जर

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 5 स्थित लौरिया का उप डाकघर भवन की हालत काफी जर्जर हो गई है। इसी जर्जर भवन में उप डाकघर का संचालन किया जा रहा है। जर्जर भवन से कभी-कभी छत का प्लास्टर भी टूटकर गिरता है। वर्तमान में डाक कर्मचारी भय के साये में काम करने को विवश दिख रहें हैं। वर्ष 2000 से इसी भवन में लौरिया का उप डाकघर 25 वर्षो से चल रहा है। नगर पंचायत के रामबाबू प्रसाद, राहुल कुमार, डिंपल सिंह, संजय कुमार, विशाल पाठक, संतोष कुमार, धर्मेंद्र कुमार, निर्भय कुमार, दिपक कुमार आदि ने बताया कि उप डाकघर का भवन काफी जर्जर हो चुका है। जगह जगह से चट उदरकर गिर रहे है। अगर विभाग के द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी घटना हो सकती है। वहीं इस संबंध में डाक बाबु सुनिल कुमार राय ने बताया कि एक वर्ष पहले तत्कालीन पोस्टमास्टर जेनरल परिमल सिन्हा यहां पर निरक्षण करने आएं थें। निरिक्षण के क्रम में ही छत का चट गिरा था।

### दरोगा का घूस लेते वीडियो वायरल, सस्पेंड

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के लालसरैया चौक से 112 पुलिस टीम में तैनात दरोगा प्रदीप कुमार मुखर्जी का घूस लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने तत्काल प्रभाव से संबंधित दारोगा को निलंबित कर दिया। और उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र बना दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो पुलिस अधीक्षक को प्राप्त हुआ। जिसमें एक पुलिस पदाधिकारी रिश्वत लेते हुए दिखायी दे रहे है। मामले की जांच करायी गयी। जिसमें दारोगा की पहचान प्रदीप कुमार मुखर्जी के रूप में हुयी। जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने उन्हें निलंबित कर दिया है। इधर ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि दरोगा एक जमीन विवाद मामले को रफा-दफा करने के एवज में दो हजार रुपये की मांग कर रहे थे, लेकिन पीड़ित ने उन्हें केवल 500 रुपये दिए। दरोगा द्वारा गाड़ी में बैठकर पांच सौ रुपये घूस लेते हुए वीडियो वायरल हो गया।

### डायन कहकर मैला पिलाने की कोशिश, एफआईआर दर्ज

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के एक गांव में एक महिला को डायन का आरोप लगाकर मैला पिलाने की कोशिश की गई है। मामले में महिला ने थाने पहुचकर एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें नौतनवा गांव निवासी मोतीलाल साह, नंदकिशोर साह,लक्ष्मण साह व लालमुनी देवी समेत फुलवरिया गाव निवासी अनिता देवी को आरोपित किया गया है। आरोप है कि पीड़ित के पड़ोस के लड़के के सिर में दर्द रहता है। उसने किसी ओझा से दिखाया।ओझा ने उससे कह दिया कि उसके पड़ोस की महिला ने डायन कर दिया है। घर आने के बाद आरोपित अनिता देवी उसे डायन कहकर गाली गलौज करने लगी और धमकी देने लगे। जिसका विरोध करने पर अन्य आरोपितों को बुलाकर उससे मारपीट की गई। महिला ने आरोप लगाया है कि इस दौरान उसे अर्धनग्न कर मिट्टी के बर्तन में रखे मैला को पिलाने की कोशिश की गई।हो हल्ला पर उसके घर वालो ने आकर उसकी जान बचाई। इसको लेकर गांव में पंचायती भी की गई है।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्जकर जांच पड़ताल करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### एकमा में नये बीएलओ व विकास मित्रों को दिया गया प्रशिक्षण, दस्तावेज संकलन पर जोर



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित निर्वाचन शाखा में मंगलवार को बीडीओ डॉ. अरुण कुमार की अध्यक्षता में विकास मित्रों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसआईआर से जुड़े दस्तावेजों के संकलन पर विशेष बल दिया गया। बीडीओ डॉ कुमार ने सभी विकास मित्रों को समय पर आवश्यक दस्तावेज जुटाने व निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरे सत्र में प्रखंड के 26 नए बूथ स्तरीय पदाधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षित किया गया। बीडीओ डॉ अरुण कुमार व मास्टर ट्रेनर निर्भय कुमार सिंह ने प्रजेंटेशन के माध्यम से बीएलओ एप के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। साथ ही फॉर्म 6 (नाम जोड़ना), फॉर्म 7 (नाम हटाना) और फॉर्म 8 (संशोधन) भरने की विस्तृत प्रक्रिया समझाई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलओ सत्येंद्र कुमार राय, जितेंद्र कुमार पांडेय, कमल सिंह, सुजीत कुमार, पुनीता कुमारी। उधर बीएलओ पर्यवेक्षक आर. के. विकल ने सरांव स्थित कैंप में व राजकुमार चौरसिया व वीरेंद्र कुमार ने ई किसान भवन बीएलओ सुनील कुमार सिंह, दिग्विजय कुमार गुप्ता, कमल कुमार सिंह, दीपक कुमार साह आदि को बीएलओ मोबाइल एप संचालन, दस्तावेज सत्यापन और तैनाती क्षेत्र में कार्य निष्पादन से जुड़ी तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने बीएलओ को निर्धारित समय-सीमा में ड्राफ्ट मतदाता सूची को 2003 के मतदाता सूची से मिलान कर सभी आवश्यक जानकारी को अपलोड करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश भी दिया।

### एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय कन्या मध्य विद्यालय में शनिवार को 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं के लिए एचपीवी (ह्यूमन पापिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। यह टीका गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के लिए कारगर माना जाता है।शिविर का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया के प्रभारी डॉ. अनुपम प्रसाद, यूनिसेफ प्रतिनिधि प्रकाश उपाध्याय और डब्ल्यूएचओ के पुरुषोत्तम चौबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा कुमारी सिंह ने की।डॉ.अनुपम ने एएनएम,आशा फैसिलेटर एवं आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे हर पात्र बालिका को टीका दिलाने में सक्रिय सहयोग करें। यूनिसेफ के उपाध्याय ने बताया कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार 9 से 14 वर्ष की सभी बालिकाओं को एचपीवी का टीका दिया जाना है और यह शिविर उसी अभियान का हिस्सा है।

# बाढ़ के प्रकोप से दियारा की तीन पंचायतों का संपर्क टूटा, घरों तक घुसा गंगा का पानी





## डोरीगंज श्मशान घाट डूबा, शवों का अंतिम संस्कार अब एनएच-19 पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा/डोरीगंज (सारण)।** गंगा, सरयू (घाघरा) और सोन—सारण की तीनों प्रमुख नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। छपरा से सोनपुर तक गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जिससे सदर प्रखंड के दियारा व तटीय इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सदर प्रखंड के रायपुर बिंदगांवां, कोटवापट्टी रामपुर व बरहरा महाजी पंचायतों का संपर्क आरा-छपरा बृज से पूरी तरह से कट गया है। बाढ़ के पानी से रास्ते डूब चुके हैं और स्थानीय लोगों का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण तटीय गांवों में पानी घरों तक पहुंच चुका है। चिरांद की दलित-महादलित बस्तियों में बाढ़ का पानी घुस चुका है। भैरोपुर पंचायत, डुमरी पंचायत के सिंगही, मूसेपुर पंचायत के नेहाला टोला और पिपरा टोला, तथा पूर्वी बलुआं क्षेत्र के दर्जनों गांव जलमग्न हो गए हैं। अवतारनगर थाना से बोधा छपरा तक मुख्य सड़क (एमएच) के किनारे भी गंगा का पानी फैल गया है। बाढ़ से मक्का और सब्जियों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं, जबकि मवेशियों के चरागाह भी जलमग्न हो गए हैं, जिससे पशुपालकों की समस्या और बढ़ गई है। गंगा का जलस्तर वाराणसी, गाजीपुर और बक्सर की ओर भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे खतरा अभी टला नहीं है।

**श्मशान घाट जलमग्न, शवों का दाह संस्कार हाईवे परः**

बाढ़ का असर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पर भी पड़ा है। डोरीगंज का मुख्य श्मशान घाट पिछले 15 दिनों से डूबा हुआ है। वैकल्पिक रूप से उपयोग में लाया जा रहा तिवारी घाट भी अब जलस्तर की चपेट में आने वाला है, ऐसे में अब शवों का अंतिम संस्कार एनएच-19 (राष्ट्रीय राजमार्ग) के किनारे किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस राहत या बचाव कार्य शुरू नहीं किया गया है। नाव, राहत शिविर और भोजन-पानी की व्यवस्था अभी तक नहीं पहुंची है। बहरहाल, बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन को अविलंब राहत सामग्री, मेडिकल सहायता और नावों की व्यवस्था करनी होगी। ताकि प्रभावित लोगों को तत्काल मदद मिल सके।

# राजस्व महाभियान की सफलता के लिए दिया गया प्रशिक्षण

## 16 से 20 सितंबर तक चलेगा राजस्व महाभियान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य सरकार की ओर से निर्धारित राजस्व महाअभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को स्थानीय प्रेक्षागृह में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने की।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में जिले के सभी संबंधित सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सभी राजस्व अधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, सभी राजस्व कर्मचारी, सभी पंचायत सचिव, सभी अंचल अमीन, सभी विकास मित्र एवं अन्य संबंधित



अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को महाभियान के उद्देश्यों, प्रक्रियाओं और विधियों के बारे में सटीक जानकारी देना था ताकि इस महाभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा एक विशेष राजस्व महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उदेश्य रैयतों के घर पंचायत तक पहुंच कर डिजिटाइज्ड (ऑनलाइन) जमाबंदी में त्रुटि सुधार (परिमार्जन), उतराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन कराया जायेगा। यह महा अभियान 16 अगस्त से 20 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान सभी अंचलों में हल्का वार राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले टीम घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति एवं आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराएगी। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए डीएम धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राजस्व के सभी काम ठीक से और पारदर्शिता के साथ किए जाएं। प्रशिक्षण के माध्यम से हम अधिकारियों को इस महाभियान की महत्ता और इसकी प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस महाअभियान की सफलता के लिए अच्छे तरीके से माइक्रोप्लान तैयार करें। माइक्रोप्लान के अनुसार प्रत्येक मौजा हेतु गठित द्विसदस्यीय दल द्वारा घर-घर जाकर जमाबंदी पंजी प्रति आवेदन प्रपत्र एवं पैम्फलेट का वितरण करेंगे। प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता कुमार रविंद्र, बंदोबस्त पदाधिकारी प्रमोद कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया गया तथा उनकी पृच्छाओं का भी निराकरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा, बेबी कुमारी सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## माकपा का प्रदर्शन 8 अगस्त को

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीपी आई एम जिला कमेटी की बैठक जिला मंत्री चांदसी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदाता पूननिरीक्षण (एस आई आर) के सवालों तथा बिहार में बढ़ते अपराध, बेरोजगारी, महिला उत्पीडन तथा प० चम्पारण के ज्वलंत समस्याओं को लेकर 8 अगस्त को जिला समाहर्ता के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि होने वाले विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी नौतन विधानसभा से चुनाव लड़ेंगी,जिसकी तैयारी में हमारे साथी लग जाए।इस प्रदर्शन में एस एफ आई, किसान सभा, खेतिहर मजदूर यूनियन, नौजवान सभा, महिला मोर्चा तथा सी आई टी यू से सम्बद्ध सभी ट्रेड यूनियन आठ अगस्त के प्रदर्शन में भाग लेंगे।

# सिवान की टूटी सड़कें जल्द होंगी दुरुस्त

## डीएम डॉ आदित्य प्रकाश ने ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** जिले की क्षतिग्रस्त और जर्जर सड़कों को लेकर अब जल्द राहत मिल सकती है। मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में ग्रामीण कार्य विभाग, प्रमंडल-1 की कार्यप्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने की। बैठक में डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन सड़कों की हालत खराब हो चुकी है, उनकी मरम्मति कार्य अविलंब कराया जाए। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल-1 को निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त सड़कों का मेंटेनेंस कार्य तुरंत शुरू हो और इस काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



**नए स्वीकृत सड़कों का निर्माण जल्द शुरू होगा**

डीएम ने बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिया कि जिन सड़कों की स्वीकृति हाल ही में मिली है, उनका निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ करवाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण एवं मरम्मति को लेकर जनप्रतिनिधियों और आम जनता की शिकायतें मिल रही हैं, जिसे गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

**अभियंताओं को दिया फील्ड में रहने का निर्देश**

बैठक में उपस्थित सभी सहायक अभियंताओं और कनीय अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र में नियमित भ्रमण करें और आपसी समन्वय से सड़कों की निगरानी और मरम्मति कार्य सुनिश्चित करें। डीएम ने दो टूक कहा कि शिकायत मिलने की स्थिति में तुरंत स्थल पर जाकर कार्रवाई होनी चाहिए।

**बैठक में कई अधिकारी रहे मौजूद**

इस बैठक में उपविकास आयुक्त सिवान, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिवान, संबंधित विभाग के अधिकारी और अभियंता उपस्थित थे। सभी से अपेक्षा की गई कि वे विकास कार्यों में तेजी लाएं और सड़क जैसे बुनियादी विषयों पर प्राथमिकता के साथ काम करें। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन सड़क मरम्मति को लेकर पूरी तरह गंभीर है और समयबद्ध ढंग से सभी कार्य कराए जाएंगे।

# अनियमितता को लेकर आक्रोशित बच्चों ने की अधिकारी से शिकायत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनासती में विद्यालय की कुव्यवस्था व संचालन में अनियमितता को लेकर मंगलवार को आक्रोशित बच्चों का समूह अधिकारियो के कार्यालय तक पहुच गया और विद्यालय की व्यवस्था की



कहानी सुना डाली। आक्रोशित बच्चे सोनासती से पैदल बीआरसी पहुचे हालांकि बीइओ अपने कार्यालय में नही मिले। जिसके बाद बच्चों का हुजूम अनुमंडल कार्यालय पहुंच गया। इस दौरान बच्चों ने शिक्षा विभाग व विद्यालय प्रशासन के विरोध में नारेबाजी भी किया। छात्र छात्राओं ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा मध्याह्न भोजन के संचालन अनिमितता वरती जाती है।वही विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधाकर कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए विद्यार्थियों ने कहा कि बच्चों को मात्रा से भी कम भोजन मिलने की शिकायत के बाद भी प्रधानाध्यापक द्वारा कोई कार्रवाई नही की जाती है। इसके अलावा छात्रो ने बताया कि स्कूल का मेन गेट बहुत समय से टुटा हुआ है। कई खिड़की टूट चुका है। शौचालय उपयोग लायक नही है। दूसरे शौचालय को शिक्षक अपने प्रयोग में रखते है। वहीं पठन पाठन भी सुचारू रूप से नही करवाया जाता है। हालांकि एसडीएम के जिला मुख्यालय जाने की वजह से सभी छात्र छात्राएं प्रखंड कार्यालय पहुचे और बीडीओ सूरज कुमार सिंह से शिकायत करते हुए करवाई की मांग की। बच्चों ने बीडीओ को बताया कि शिक्षकों द्वारा बच्चों से हाथ पैर भी दबवाया जाता है। वही बीडीओ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एचएम को फोन पर फटकार लगाई और विद्यालय के व्यवस्था सुधार का निर्देश दिया। बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि विद्यालय में शिक्षक द्वारा बच्चों से हाथ पैर दबवाने, गुटखा मंगवाने व बच्चों को पठन-पाठन नही कराने तथा शौचालय में दरवाजा नही होने,मिड डे मिल, पानी की किल्लत, एचएम द्वारा विद्यालय संचालन में लापरवाही को लेकर बच्चे पहुचे हुए थे। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में संबंधित विभाग को आवश्यक करवाई के लिए निर्देश दिया गया है। इधर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधाकर कुमार ने बताया कि सभी आरोप बेबुनियाद है। विद्यालय के दीवार पर किसी ने गलत टिप्पणी कर दी थी जिससे बच्चे नाराज हो गए थे।

# सिवान में जलजमाव से राहत के लिए कड़ा एक्शन प्लान, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

## नगर निकायों को जलनिकासी, फॉगिंग और सफाई व्यवस्था पर तुरंत कार्रवाई के आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** जिला मुख्यालय समाहरणालय में जलजमाव की स्थिति को लेकर जिला पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश ने नगर परिषद सिवान समेत जिले के सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपात बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य हालिया बारिश के कारण उत्पन्न जल-जमाव की समस्या का समाधान सुनिश्चित करना था।

**नाली उड़ाही और पंपिंग सेट की समीक्षा**

बैठक की शुरूआत में डीएम ने बारी-बारी से सभी निकायों से नाली उड़ाही की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि वर्षा के बाद जल जमाव को तुरंत समाप्त करने हेतु सभी निकाय पंपिंग सेट की व्यवस्था भाड़े पर अवश्य करें।

**नियंत्रण कक्ष और क्यूआरटी टीम गठित करने का आदेश**

डीएम ने सभी निकायों को अपने स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना तत्काल करने का निर्देश दिया, ताकि आमजन की शिकायतों का शीघ्र समाधान हो सके। इसके साथ ही सभी नगर निकायों में 24 घंटे सक्रिय रहने वाली क्विक रिस्पॉन्स टीम गठित करने को भी कहा गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत दी जा सके।

**लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

जिला पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि वर्षा के पश्चात वे स्वयं क्षेत्र भ्रमण करेंगे और जहां भी अतिशय जल-जमाव पाया गया, वहां संबंधित पदाधिकारी व कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर निकायों में सफाई व्यवस्था की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने उसमें तत्काल सुधार का निर्देश दिया।

**स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी फोकस**

डीएम ने सभी निकायों को निर्देश दिया कि एंटी-लार्वा फॉगिंग एवं ब्लीचिंग पाउडर का नियमित उपयोग सुनिश्चित करें, जिससे जलजमाव के बाद मच्छरजनित रोगों से बचाव हो सके। बैठक के अंत में डीएम ने कहा कि अगले दो दिन के भीतर फिर से समीक्षात्मक बैठक होगी। इस दौरान कार्य में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत नगर परिषद सिवान के कार्यपालक पदाधिकारी मौजूद रहे, जबकि अन्य नगर निकायों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

## नल जल योजना की शिकायतों का ससमय करें निष्पादनः डीएम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं में सम्मिलित है। इस योजना के तहत सभी घरों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। विभागीय निदेशानुसार पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत कुल 3258 वार्डो में पंचायती राज विभाग द्वारा क्रियान्वित 3490 योजनाओं को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को हस्तांतरित किया गया है। जिलाधिकारी ने पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से संचालन कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कनीय अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल पश्चिम चम्पारण बेतिया को निदेश दिया जाता है कि पेयजल निश्चय योजनाओं का सघन अनुश्रवण करेंगे तथा नियत समय अवधि के अंदर मरम्मती कार्य पूर्ण नहीं किये जाने स्थिति में संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को अनुशंसा करेंगे।

# विद्या भवन महिला महाविद्यालय में रंगारंग सावन महोत्सव का आयोजन

## छात्राओं ने दिखाई लोक परंपरा से जुड़ी प्रतिभा, मेंहदी और लोकगीत प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** विद्या भवन महिला महाविद्यालय, सिवान में मंगलवार को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'सावन महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चन्द्र भूषण सिंह ने की। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. संजीवनी आर्या ने कार्यक्रम का सफल संयोजन किया।

**मेंहदी प्रतियोगिता में स्वीटी कुमारी को मिला प्रथम स्थान**

महोत्सव के पहले सत्र में ह्लमेंहदी लगाओ प्रतियोगिताह्व आयोजित की गई। छात्राओं ने अपनी पारंपरिक कला का सुंदर प्रदर्शन किया।

**प्रथम स्थानः** स्वीटी कुमारी (संस्कृत विभाग) ।

**द्वितीय स्थान** (संयुक्त रूप से): तनु कुमारी (दर्शनशास्त्र) और गौरी कुमारी (जंतु विज्ञान)।

**तृतीय स्थान** (संयुक्त रूप से): फरहीन खातून (जंतु विज्ञान) और अंशु कुमारी (राजनीति शास्त्र)।




इसके अलावा रौनक आरा (इतिहास), शाहीन परवीन (जंतु विज्ञान), और रिया कुमारी (राजनीति शास्त्र) को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

**लोकगीत गायन प्रतियोगिता में पुष्पांजलि कुमारी रहीं अव्वल**

दूसरे सत्र में आयोजित लोकगीत गायन प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया और पारंपरिक लोकधुनों से माहौल को सरस बना दिया।

**प्रथम स्थानः** पुष्पांजलि कुमारी (हिंदी विभाग)

**द्वितीय स्थानः** संध्या कुमारी (भूगोल विभाग)

**तृतीय स्थानः** निवेदिता सिंह (मनोविज्ञान विभाग)

**सांत्वना पुरस्कारः** संध्या कुमारी (राजनीति शास्त्र विभाग) को प्रदान किया गया।

**शिक्षकगण और छात्राओं की रही उल्लेखनीय भागीदारी**

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. रीता शर्मा, डॉ. निधि त्रिपाठी, डॉ. अर्चना कुमारी, श्री जितेंद्र प्रसाद, डॉ. सरवत आफरीन, डॉ. हुमा कमाल, डॉ. मीरा गुंजन, डॉ. मनीषा ठाकुर, डॉ. पूजा रानी, बदैजुमा, शमशुल आफरीन आदि उपस्थित रहे। छात्राओं में मनीषा,

# जिलास्तरीय विज्ञान शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम 2025 के तहत विपिन उच्च विद्यालय में मंगलवार को जिलास्तरीय विज्ञान शिक्षकों का दिशा-निर्देश सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी रविन्द्र कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गार्गी कुमारी, डा०उमेश कुमार, रामनरायण झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की रूप रेखा व परियोजनाओं के उप विषयों पर जिला समन्वयक मुनीन्द्र कुमार झा ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा विनिती एवं संचालन बृजेश कुमार एवं मंजीत कुमार के द्वारा किया गया। कार्यशाला में बेतिया अनुमंडल के 104 विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित साधनसेवी डा मुकेश कुमार राय, भारत कुमार झा, सच्चिदानंद ठाकुर, डा० रहमत यासमीन , राजीव कुमार पाठक, अरसी आजम, सुभाष नरायण सिंह ने कार्यशाला में खाद्य सामग्री, बेहतर उत्पादन, भंडारण एवं . परिस्करण, जैव विविधता का संवर्धन व जैव संसाधनों का सतत उपयोग, मिट्टी संरक्षण एवं प्रबंधन, मौसम, जलवायु एवं कृषि सहित अन्य विषयों की जानकारी दी। साथ ही अनेक परियोजना की चर्चा भी की गई।

**Affidavit**

I, hitherto known as Manish Bharti, c/o Sukhdev Prasad Chaudhary vill- Ichua, P.S - Nardigang, Distt. Nawada, Bihar, Pin no. 805109 have changed my name and shall hereafter be known as Manish Kumar . Affidavit no. 19190 dated 04.08.2025

CMYK

# मुख्यमंत्री 12 अगस्त को करेंगे प्रदेशवासियों से सीधा संवाद, देंगे मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी

## जहानाबाद में जिला प्रशासन ने की तैयारियां, 32 स्थानों पर होगा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** राज्य सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को हर माह 125 यूनिट तक निशुल्क बिजली देने की योजना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। यह संवाद मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना 2025 की जानकारी साझा करने और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में मंगलवार को जहानाबाद समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विकास आयुक्त, बिहार सरकार के निर्देशों के आलोक में जिले में कार्यक्रम के सफल संचालन की रणनीति तय की गई। मुख्य आयोजन अब्दुल बारी नगर भवन में होगा, वहीं प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कुल 32 स्थानों पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम में भाग ले सकें। डीएम अलंकृता पांडे ने निर्देश दिया कि प्रत्येक स्थल पर घरेलू उपभोक्ताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अपील की कि हर घर से कम से कम एक उपभोक्ता कार्यक्रम में शामिल हो, ताकि योजना की जानकारी सीधे मुख्यमंत्री से प्राप्त की जा सके।

**जिले में 1.82 लाख विद्युत उपभोक्ता**

कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल जहानाबाद के अनुसार जिले में कुल 1,82,452 उपभोक्ता हैं, जिनमें से 1,50,952 घरेलू श्रेणी के हैं। इनमें लगभग 1,11,180 उपभोक्ताओं की मासिक बिजली खपत 125 यूनिट से कम है। इसके अतिरिक्त 11,208 उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिल पूरी तरह शून्य राशि का होता है, जो इस योजना से सीधे लाभान्वित होंगे। जिला प्रशासन ने सभी घरेलू उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे 12 अगस्त को आयोजित मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से भाग लें और राज्य सरकार की इस लाभकारी योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त करें। इस संवाद के माध्यम से सरकार का उद्देश्य प्रदेश के आम नागरिकों तक सस्ती और सुगम बिजली सुनिश्चित करना है, जिससे जनसहभागिता बढ़े और योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे।

# औरंगाबाद में लावारिस शव रखने की नहीं है व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** जिले में लावारिस शव मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। वहीं शव की पहचान न होने से पुलिस की परेशानी बढ़ जाती है। स्थिति यह है कि शव की पहचान न होने के बाद शव को 72 घंटे तक पोस्टमार्टम कक्ष एवं थाना में रखा जाता है। पहचान के लिए पुलिस शव को रखती है परंतु 24 घंटे बाद शव खराब होने लगता है। कभी-कभी तो शव से बदबू निकलने लगती है जिससे काफी दुर्गंध निकलती रहती है। ऐसे में परेशानी होती है। स्थिति यह है कि औरंगाबाद में शव रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस का कमरा ही निर्धारित है। शव की बेहतर रखने का इंतजाम न होने से समय पहले ही स्थिति खराब होने लगती है। बता दें कि नियम के अनुसार जब भी कोई लावारिस शव मिलता है तो उसकों स्वजन की पहचान के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रखना होता है। इसके लिए नियमानुसार पुलिस विभाग की ओर से डीफ्रीजर या शीतक गृह की व्यवस्था की जाती है लेकिन जिले में इसके लिए पहल नहीं की गई और न ही कोई व्यवस्था हो पाई। शवों को रखने के लिए शीतक गृह की व्यवस्था नहीं रहने के कारण कुछ ही घंटों के बाद शवों की स्थिति खराब होने लगती है। इतना ही नहीं कई बार तो लावारिस शव की स्थिति अत्यंत खराब हो जाती है। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सदर अस्पताल का पोस्टमार्टम हाउस लावारिस शवों को रखने का एकमात्र जगह है। जिन शवों की पहचान नहीं हो पाती है उसे 72 घंटे के पोस्टमार्टम हाउस व थाना परिसर में रखा जाता है। प्रशासनिक स्तर पर सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण शवों से दुर्गंध निकलती है। फ्रीजर की सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण शव को सुरक्षित रखना मुश्किल है। वैसे सुरक्षित रखने के लिए केमिकल का उपयोग किया जाता है। इधर उपाधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार सिंह बताते हैं कि शीतक गृह का निर्माण कराना आवश्यक है ताकि लावारिस शवों को सुरक्षित रखा जा सके। शीतक गृह निर्माण के लिए वरीय अधिकारियों से आग्रह किया गया है। आदेश मिलते ही निर्माण कराया जाएगा।

# किनारी गांव में रहस्यमयी चोरी, गांव से बरामद हुए कई बक्से और सूटकेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के कल्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत किनारी गांव में एक रहस्यमयी और सुनियोजित चोरी की घटना ने न केवल ग्रामीणों को चौंका दिया है, बल्कि पुलिस को भी उलझन में डाल दिया है। गांव के बाहर एक केबिन के पास कई स्टील के बक्से, सूटकेस और ब्रीफकेस खाली हालत में बरामद किए गए, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही कल्पा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में सामने आया कि अभी तक केवल एक व्यक्ति ने अपने घर में चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जबकि पुलिस को संदेह है कि चोरी एक से अधिक घरों में हुई हो सकती है। पीड़ित परिवार की महिला सदस्य, जो पूर्व में गांव की सरपंच रह चुकी हैं, ने बताया कि सोमवार की रात लगभग तीन बजे उनकी नींद टूटी तो उन्हें घर में कुछ असामान्य आभास हुआ। जब उन्होंने अपने बेटे को जगाकर मुख्य गेट खोलने की कोशिश की, तो पता चला कि गेट बाहर से बंद था। उन्होंने पड़ोसी को फोन कर मदद मांगी, लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि पड़ोसी का गेट भी बाहर से बंद मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। जब पुलिस ने गांव के बाहर एक केबिन के पास तलाशी ली, तो वहां कई सूटकेस और स्टील के बक्से खाली अवस्था में पड़े मिले। चोर इन बक्सों से कीमती सामान निकालकर ले गए थे, लेकिन बक्से वहीं छोड़ गए। पुलिस को संदेह है कि यह वारदात एक संगठित गिरोह द्वारा अंजाम दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गया से डॉग स्क्वॉड टीम को बुलाया गया है। टीम घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाने में जुटी हुई है। यह अनोखी और रहस्यपूर्ण चोरी की घटना पूरे गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस अब इस मामले को बहुआयामी दृष्टिकोण से देख रही है और गांव के अन्य संभावित पीड़ितों से भी संपर्क साध रही है।

# मीटर रीडरों की बैठक सम्पन्न, मांगे पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के आर.बी.आर. खेल मैदान में रविवार को बिजली विभाग के मीटर रीडरों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अजीत कुमार ने की, जबकि संचालन मोहम्मद यासीन ने किया। बैठक में रफीगंज के 35 मीटर रीडर शामिल हुए और अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार व विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराज़गी प्रकट की। बैठक में उपस्थित मीटर रीडरों ने कहा कि उन्हें मात्र 4,000 से 5,000 प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जिससे परिवार का भरण-पोषण कर पाना बेहद कठिन हो गया है। स्मार्ट मीटर की शुरुआत के बाद उनके कार्य में कमी आई है, जिससे पहले से ही आर्थिक नुकसान हो रहा था और अब पूरी तरह काम छिनने की कगार पर हैं।

**प्रमुख मांगें:** मीटर रीडरों को विद्युत विभाग में स्थायी समायोजन किया जाए। पंचायत पर्यवेक्षक का पद सृजित कर मीटर रीडरों को उसी क्षेत्र में नियुक्त किया जाए। वेतन 20,000 से 25,000 प्रतिमाह किया जाए, जैसा अन्य राज्यों में हो रहा है। मीटर रीडरों ने यह भी बताया कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर विभागीय अधिकारियों और कार्यालयों को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो सभी मीटर रीडर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

# महमदपुर गांव विकास से वंचित, कीचड़ भरी गलियों में चलने को मजबूर ग्रामीण


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा, औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड अंतर्गत धुसरी पंचायत का महमदपुर गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है। दाउदनगर-गया मुख्य सड़क पर स्थित होने के बावजूद यह गांव आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद भी विकास की किरण को तरस रहा है। खासकर वार्ड संख्या 8 की मुख्य गली आज तक पक्की नहीं बन सकी है, जिससे ग्रामीणों को बरसात के मौसम में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण विकास कुमार, रमेन्द्र कुमार, रविरंजन कुमार, सुरेंद्र सिंह, विजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विशेश्वर सिंह, योगेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, श्यामनंदन सिंह और केशो सिंह ने बताया कि गांव में न तो नालियों का निर्माण हुआ है और न ही गलियों में ईंट सोलिंग की व्यवस्था की गई है। इससे बारिश होते ही गली कीचड़ से भर जाती है, जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक जितने भी जनप्रतिनिधि चुने गए, उन्होंने केवल आश्वासन दिया और वादे कर ग्रामीणों को ठगने का काम किया। सरकार की महत्वाकांक्षी गली-नाली पक्कीकरण योजना का लाभ आज तक महमदपुर गांव को नहीं मिल सका है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या से संबंधित लिखित शिकायत हसपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी (उक्त) को भी दी थी, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन मिला, जमीन पर कोई कार्य नहीं हुआ। अब ग्रामीणों को यह चिंता सताने लगी है कि उनका गांव कहीं सरकारी फाइलों में ही दबकर न रह जाए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गली-नाली निर्माण कराया जाए, ताकि वर्षों से उपेक्षित इस गांव को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

# कलाकार पेट पालने के लिए दर-दर की खा रहा ठोकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** कभी पटना से गया पैसेंजर गाड़ी से सफर करते हुए अचानक आपके डब्बे में साउंड सिस्टम के माध्यम से गाना सुनाई पड़ने लगे तो चौंकिएगा नहीं, क्योंकि रेलवे ने अपने यात्रियों के लिए रेल डब्बे में म्यूजिक सिस्टम की व्यवस्था नहीं किया है बल्कि समय का मारा एक कलाकार विभिन्न गायको के आवाज में गाना गाकर लोगों का दिल बहलाता नजर आ जाएगा। बदले में सफर कर रहे कोई यात्री कुछ पैसे दे दिया तो उसी से किसी तरह गुजर बसर उसका हो जाता है। लोगों के गाने की फरमाइश अपने मोबाइल फोन में गाने के बोल खोज कर म्यूजिक सिस्टम के माध्यम से गाते हुए गोपाल पासवान के चेहरे पर कोई शिकन भले ना नजर आती हो लेकिन एक कलाकार जो कभी बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थाओं और सरकारी कार्यक्रमों में अपना जलवा बिखेरता था, आज किस्मत का खेल कहें या बदनसीबी कि आज एक कलाकार को उसे ट्रेन में ठोकर खाते हुए जीवन बसर करना पड़ रहा है। भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना अंतर्गत असियाचक गांव का रहने वाला गोपाल पासवान ट्रेन में गाना गाकर लोगों से पैसा मांगकर अपना जीवन यापन कर रहा है। गोपाल पासवान ने पूछने पर बताया कि कोविड महामारी के बाद भारत में हुए लॉकडाउन के समय उसकी जीविका छीन गई। वह आगे बताता है कि क्योंकि वह बहुत पढ़ा लिखा भी नहीं था और उसके पास कोई रोजी रोजगार का साधन भी नहीं था ऐसे में 58 साल की उम्र में वह क्या करे? यही सोच कर उसने अपने कला का प्रदर्शन लोगों के बीच करने की सोच लिया। तब से एक महीने का रेलवे पास बनाकर पटना-गया रेलखंड में पैसेंजर ट्रेन के डब्बे में लोगों को गाना सुनाकर मनोरंजन करता है। इससे जो कुछ भी पैसा मिल उसे मिल जाता है, उसी से किसी तरह दाल रोटी का गुजारा अभी हो जा रहा है। गोपाल पासवान ने आगे बताया कि पहले वह भागलपुर जिले में कला संस्कृति विभाग की ओर से कल जत्था में कलाकार के रूप में कार्य करता था। इस दौरान उसने स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे कई अभियानों से जुड़कर युवाओं को प्रेरित करने का काम किया है। बोलने की अच्छी शैली और गले के मधुर आवाज के कारण गोपाल पासवान पहले काफी लोकप्रिय हुआ करता था। उसने कुछ प्रेरित करने वाला गाना भी गया है जो यूट्यूब पर उपलब्ध है।

# दाउदनगर कॉलेज में 'परामर्श एवं मानसिक स्वास्थ्य' विषयक संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** दाउदनगर कॉलेज में मंगलवार को 'परामर्श एवं मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) एम.एस. इस्लाम के निर्देशानुसार आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बढ़ रहे मानसिक तनाव, अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति, सोशल मीडिया और नशे की लत जैसे मुद्दों पर गंभीर विमर्श कर समाधान के रास्ते सुझाना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मनोविज्ञान विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. शहला बानो के व्याख्यान से हुआ। उन्होंने मस्तिष्क और शरीर के आपसी संबंध को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे मानसिक संतुलन बनाए रखकर कई शारीरिक विकारों से बचा जा सकता है। उन्होंने तनाव, चिंता और मानसिक विकारों से बचाव के उपायों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। संगोष्ठी के दूसरे वक्ता डॉ. श्रीनिवास सिंह ने परामर्श मनोविज्ञान के ऐतिहासिक विकास और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत के समग्र विकास में अपने योगदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। संध्या कुमारी, कविता कुमारी, सूरज शाहू, गुलनाज़ आफरीन, शिवानी कुमारी, प्रियंका कुमारी, अपर्णा कुमारी, रोशनी परवीन, सौम्या राज, खुशबू कुमारी, दुलारी कुमारी, सुमित कुमार पांडे और सनी कुमार ने आत्महत्या, मानसिक विकृतियाँ, सोशल मीडिया लत, नशा आदि विषयों पर जागरूकता बढ़ाने वाले विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के जनसंपर्क पदाधिकारी एवं भूगोल विभाग के वरीय सहायक प्राध्यापक डॉ. देव प्रकाश ने इस पहल को छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मबल को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया। उन्होंने बतौर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी यह सुझाव दिया कि मनोविज्ञान विभाग नुक्कड़ नाटक जैसे माध्यमों से भी जन-जागरूकता फैलाने का कार्य करे। कार्यक्रम का संचालन बीए सेमेस्टर-5 की उर्दू विभाग की छात्रा शाकरा तबस्सुम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग के वरीय सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रो. शशांक मिश्र ने किया।

# मखदुमपुर विधायक ने विद्यालय के नए भवन का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**






**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के बेला बिर्रा पंचायत के तिलकाई गांव में उच्च माध्यमिक विद्यालय तिलकई के नए भवन का उद्घाटन स्थानीय विधायक सतीश कुमार ने सादे समारोह में किया। मौके पर बच्चों ने स्वागत गीत गाकर तथा फूल माला देकर स्थानीय विधायक सतीश कुमार का अपने विद्यालय परिसर में स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने फीता काट कर विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान अध्यापक संजीव कुमार चंचल ने की। मौके पर विधायक ने बच्चों तथा अभिभावकों को कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं तिलकई उच्च विद्यालय के भवन का उद्घाटन कर बच्चों को सुचारू रूप से अपने पठन-पाठन को करने के लिए विद्यालय भवन आज से सौंप रहा हूं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन में यदि किसी प्रकार की कोई कमी होती है तो उसे मैं फौरन दुरूस्त करूंगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही हमारे बच्चों के लिए एक ऐसी ताकत है जिसे पाकर वह अपने भविष्य को सुनहरा बना सकता है तथा अपने सपनों को साकार कर सकता है। विधायक सतीश दास ने छात्रों से कहा कि यदि आप अच्छी तरह से शिक्षा ग्रहण करते हैं, तो आवश्य अपनी मंजिल और किसी न किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचेगे। मौके पर राजद नेता शारीक फतह, ललन मुखिया, महेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता एवं छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# अज्ञात चोरों ने की मोटर पम्प की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के नेवारी गांव के बधार में अज्ञात चोरों ने समरसेबल मोटर पम्प की चोरी कर ली है। इस बाबत पीड़ित किसान अमित कुमार ने बताया खेतों में धान के पटवन को लेकर बधार में समरसेबल मोटर पम्प लगाया था। जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। इस मामले में उन्होंने मखदुमपुर थाने में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताते चले कि मखदुमपुर प्रखंड में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। मकान, दुकान के बाद अब किसानों के द्वारा पटवन के लिए प्रयोग में लाए जाने वाला मोटर पम्प को भी चोर अपना निशाना बना रहे हैं।

# आजादी के 77 साल बाद भी नहीं बनी कुंवर बिगहा की सड़क, नाराज ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा पंचायत स्थित कुंवर बिगहा गांव के ग्रामीणों का आक्रोश मंगलवार को उस समय फूट पड़ा जब उन्होंने आजादी के 77 वर्षों के बाद भी गांव में सड़क नहीं बनने को लेकर 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगाते हुए आगामी चुनाव में मतदान के बहिष्कार की घोषणा कर दी। गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर विरोध जताते हुए कहा कि रफीगंज-इस्माइलपुर-गया मुख्य मार्ग से गांव तक करीब 2.5 किलोमीटर की सड़क जर्जर हालत में है। इस सड़क से कुँवर बिगहा के अलावा गौसपुर, प्राणपुर, पाती, मदारपुर और कासमा गांव के लोग भी आते-जाते हैं, लेकिन खराब सड़क के कारण गाड़ियों का चलना तो दूर, साइकिल और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। पंचायत प्रतिनिधि सह समाजसेवी राजेश कुमार यादव, पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, सुरेंद्र यादव, गुणेश दास, शैलेंद्र दास, परशुराम यादव, राज कुंडल दास, मोहम्मद साजिद, जितेंद्र दास, मोहम्मद आफताब, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद फारूक, रामाशीष यादव, मोहम्मद अरमान, मोहम्मद मुर्तुजा, रामेश्वर दास, रामजी यादव, आशीष यादव, सूरज दास, चंदन दास और पुरुषोत्तम दास सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि हर चुनाव में नेता वोट मांगने आते हैं, लेकिन जीतने के बाद इस गांव की सुधि तक नहीं लेते।

**बरसात में सड़क बनती है दलदल**

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में सड़क पर एक से दो फीट तक पानी और कीचड़ जमा हो जाता है। बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानी होती है। कई बच्चे प्लास्टिक लपेटकर जूते पहनकर स्कूल जाते हैं। मरीजों को लेकर रफीगंज पहुंचना एक चुनौती बन जाता है। सड़क के अभाव में गांव स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास की बुनियादी सुविधाओं से दूर होता जा रहा है।

**वोट बहिष्कार की चेतावनी:** गांववासियों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक सड़क का निर्माण नहीं होता, वे कोई भी चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे। 'रोड नहीं तो वोट नहीं' अब केवल नारा नहीं, बल्कि गांववासियों का संकल्प बन चुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है, ताकि वर्षों की उपेक्षा का अंत हो और गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

# रफीगंज में प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड स्तर पर संचालित विभिन्न विकास योजनाओं जैसे मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और जन वितरण प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कुछ सदस्यों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितताओं की शिकायत की, तो वहीं कई सदस्यों ने जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। विशेष रूप से पेयजल संकट, राशन वितरण में गड़बड़ी और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर चिंता जताई गई।

**अधिकारियों से मांगा गया जवाब**

बैठक में पूर्व में उठाए गए मुद्दों पर विभागीय अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट मांगी गई। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मिलन कुमार, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शाहब यहया, कनीय विद्युत अभियंता (पौथू) रवि शंकर कुमार, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार केसरी, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक कासमा शाखा प्रबंधक रवि शंकर कुमार, जीविका कोऑर्डिनेटर विजय कुमार, और एसआई मिथलेश कुमार सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में यह संकल्प लिया गया कि विकास योजनाओं की पारदर्शिता बनाए रखते हुए जनहित को सर्वोपरि रखा जाएगा और समयबद्ध ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

# एसबीआई बैंक प्रबंधक ने की जीविका सीएम के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** एसबीआई बैंक शाखा परिसर में मंगलवार को बैंक प्रबंधक संदीप कुमार भारती की अध्यक्षता में जीविका सीएम के साथ बैठक की। बैठक में प्रबंधक द्वारा जीविका दीदियों द्वारा समूह का खाता खोलवाने, समूह का एनपीए खाता को सुचारू कराने, समूह का बैंक लिंकेज कराने, खाता का नवीकरण कराना अनिवार्य बताया। समूह के प्रत्येक सदस्यों का व्यक्तिगत बचत खोलवाने और समूह सदस्यों को लोन दिलवाने में सहयोग प्रदान करें। स्वयं सिद्धा समूह के पुराने सदस्य जिनका लेन देन सही रहा है। वैसे, सदस्यों को लाख पति बनाने के लिए दो लाख रूपये का लोन बैंक देगी। प्रबंधक संदीप कुमार भारती ने कहा कि समूह के सभी सदस्यों का व्यक्तिगत बचत खाता खुलवाना जरुरी है, तभी लोन मिल सकेगा। खाता खोलवाने के लिए नजदीकी सीएसपी से या कैंप के माध्यम से खोला जाएगा ताकि सदस्यों को परेशानी नहीं हो। बैठक में सीएम दीदियों को समन्वय बनाकर कर काम करने पर बल दिया गया है। बैठक में उप प्रबंधक दीपक कुमार, जीविका सामुदायिक समन्वयक आशुतोष कुमार मिश्रा, अध्यक्ष किरण देवी, शुभम कुमार, प्रभा कुमारी, ममता भारती, प्रियंका कुमारी आदि थे।

# पुनपुन और दरधा नदी खतरे के निशान से उपर

## तटवर्ती इलाके में मंडराया बाढ़ का खतरा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लगातार हो रही बारिश से नदियां इन दोनों उफान पर है। ऐसे में मसौढी में पुनपुन एवं दरधा नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी है। हर 2 घंटे पर चार सेंटीमीटर जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। जिसको लेकर पुनपुन एवं दरधा नदी के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने सभी पदाधिकारी को हाई अलर्ट पर रखा है। केंद्रीय जल आयोग निगरानी गंगा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुनपुन में 51.8 मीटर जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। वही दरधा नदी में 57.48 मीटर की जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है ऐसे में इन दोनों नदियां इन दोनों उफान पर है और लगातार जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। दोनों नदियां खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी है। हर 2 घंटे पर 4 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही है। विभाग के मुताबिक पानी घटने के संभावना अभी नहीं दिख रही है। पुनपुन नदी में लगातार जलस्तर की बढ़ोतरी से आसपास के इलाकों में एक बार फिर से बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है, लोगों में दहशत हो रही है वहीं जिला प्रशासन के द्वारा धनरूआ में एक नाव की भी व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया गया है।

# एफआरएस पर बेहतर कार्य करने वाली सेविका व महिला पर्यवेक्षिक को सीडीपीओ ने दिया प्रशस्ति पत्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आंगनबाड़ी सेवाओं में पारदर्शी लाने को लेकर समाज कल्याण विभाग ने अब एफआरएस सिस्टम लागु किया है, जहाँ माध्यम से अब लाभुकों को आंगनबाड़ी केंद्र पर आकर खुद टीएचआर लेना पड़ेगा। इस सिस्टम से पोषाहार वितरण में होने वाले अनियमितता नहीं होगी। ऐसे में मसौढ़ी सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने एफआरएस से बेहतर कार्य करने वाले आंगनवाड़ी सेविका और महिला पर्यवेक्षिकों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें पुरस्कृत किया है। सिडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि फ़ेस रिकॉग्निशन सिस्टम एवं ई केवाईसी के द्वारा चिन्हित लाभुक गर्भवती, धात्री, कुपोषित, अति कुपोषित को टीएचआर वितरण की जानकारी देने के लिए सेविकाओं को पहले ही प्रशिक्षण दिया गया है। जहाँ पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से लाभूकों को टीएचआर वितरण के लिए फ़ेस रिकॉग्निशन सिस्टम एंड ईकेवाईसी के द्वारा योग्य लाभुक गर्भवती, धात्री, कुपोषित, अति कुपोषित को एंट्री करना होता है। आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण ट्रैकर ऐप में एफआरएस तकनीक से टीएचआर वितरण सुनिश्चित की जाती है। इस नई तकनीक में टीएचआर वितरण के लिए पोषण ट्रैकर ऐप में लाभुक का मोबाइल नंबर, ईकेवाईसी एवं फोटो अपलोड करना होता है। तकनीक से लाभुक का फोटो पहचान होने पर टीएचआर वितरण किया जाता है। महिला पर्यवेक्षिका में कुमारी नीलू सिन्हा, संजुक्ता प्रसाद, अर्चना कुमारी, कुमारी रुबी, राधा कुमारी, मोनिका भारती, सुगंधा कुमारी एवं सेविका में सुजाता कुमारी, मंजूषा कुमारी, सरिता कुमारी, सुषमा कुमारी, सरिता सिंह, नीलम कुमारी, ममता कुमारी, पुष्पा देवी के अलावा प्रखंड समन्वयक इंद्रजीत कुमार, सोनू कुमार डाटा ऑपरेटर आदि को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# गंगा ने दिखाया रौद्र रूप, दर्जनों घरों में घुसा बाढ़ का पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** गंगा ने रौद्र रूप के कारण दियारे के लोग सहमे हुए हैं। गंगा नदी खतरे के निशान पार कर गया है. गंगा का जलस्तर तीन घंटे 5 सेंटीमीटर की रफ्तार से वृद्धि हो रहा है। मंगलवार को शाम को खतरे के निशान से पौने दो फुट उपर गंगा का पानी बह रहा। लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर के कारण दियारे के तटवर्ती व निचले इलाकों में गंगा का पानी तेजी के साथ घुसा गया है।

**बाढ़ के पानी से फसल डूबी, लोग पलायन की तैयारी में जुटे**

बाढ़ के पानी से दियारे में खेतों में लगी एक हजार एकड़ फसल डूब चुकी है। कई गांवों के लोग पलायन की तैयारी में जुट गए हैं। यदि जलस्तर बढ़ने का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो 24 घंटे के अंदर पूरे दियारे जलमग्न हो जायेगा। गंगा नदी में आये उफान से दियारे के निचले इलाके पूरी तरह जलमग्न हो गये है। बाढ़ का पानी तेजी से गांवों को भी चारों से तरफ से घेरने लगा है. इससे दियारा क्षेत्र के कई गांवों पानी से घिर कर टापू में तब्दील हो चुकी है. गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण दियारे के गंगहारा, हेतनपुर, पुरानी पानापुर, मानस , कासीमचक व अकिलपुर पंचायत के दर्जनों गांवों के करीब तीन लाख आबादी पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

**दियारे के सात पंचायतों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूटा**

दियारे के सात पंचायतों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया है. दियारे में एक-गांव से दूसरे गांव जोड़ने वाले ग्रामीण सड़क पर बाढ़ का पानी आ जाने से यातायात बंद हो गया है। तेजी से बढ़े जलस्तर के कारण दियारे के चारों ओर सैलाब ही सैलाब दिखने लगा है.

**खतरे के निशान से पौन दो फुट उपर बह रही गंगा**

बाढ़ नियंत्रण केंद्र के अनुसार दानापुर में गंगा खतरे के निशान से पौने दो फुट उपर बह रही है. मंगलवार को शाम में देवनानाला पर गंगा का जलस्तर 168.80 फुट रिकॉर्ड किया गया। कनीय अभियंता ने बताया कि गंगा का जलस्तर में वृद्धि हो रही है. उन्होंने बताया कि इलाहाबाद में घट रहा है, जबकि बनारस व बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर में वृद्धि हो रहा है और इंद्रपुरी में सोन नदी का भी वृद्धि हो रहा है इससे गंगा के जलस्तर और वृद्धि होने की संभावना बना हुआ है। उन्होंने बताया कि बताया कि शहरी व सेना क्षेत्र के सभी सुलिंग गेट व फाटक को बालू भरा बोरा से बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि पर विशेष नजर रखी जा रही है वही दियारे के माधोपुर के राजगीर राय, हरशामचक के अनिल राय, पानापुर के जयपाल राय, दुधिया के वकील राय, मानस के डा जय किशोर सिंह गौतम, दुधिया के जदयू नेता संजय सिंह, केद्रलपुरा के सुरत महतो, बंगलापर के नंद कुमार राय, विशुनपुर के सुखनंद राय समेत आदि ग्रामीणों ने बताया कि संभावित बाढ़ को देखते हुए पलायन करने की तैयारी में जुट गए है। लोगों ने बताया कि संपर्क मार्ग पर तीन-चार फुट बाढ़ का पानी बह रहा है. इससे इससे आवागमन प्रभावित हो गया है।

**दियारा को बाढ़ ग्रस्त घोषित करने की मांग**

पूर्व जिला पार्षद सदस्य ओम प्रकाश यादव, पूर्व मुखिया दिनेश राय, पूर्व प्रमुख सुनील राय, जदयू नेता संजय सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि रंजीत यादव व समाजसेवी रामभजन सिंह यादव ने मुख्यमंत्री, आपदा प्रबंधन मंत्री, डीएम व एसडीओ से दियारे में सरकारी स्तर पर नाव का परिचालन करने की मांग की है और दियारे को बाढ़ ग्रस्त घोषित करने की मांग की है. अभी तक प्रशासन द्वारा कोई उचित पहल नही किया गया है. इससे दियारे के लोगों में रोष व्याप्त है।

**बाढ़ को देखते हुए एसडीआरएफ टीम की मांग**

एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रशासन सजग है. उन्होंने बताया कि 22 नाव का निबंधित करा लिया गया है. उन्होंने बताया कि गंगा के जलस्तर और वृद्धि होती है और लोगों पलायन शुरू करते है तो बाढ राहत शिविर का स्थल भी चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि पोलथीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। दानापुर व मनेर सीओ को संभावित बाढ को देखते हुए अलर्ट रहने को कहा गया है।

# फुलवारीशरीफ वार्ड 10 में जलजमाव बना मुसीबत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 10 स्थित आनंदमयी कॉलोनी के लोग इन दिनों गंदे पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं. 15 दिन पहले बनी नाली गिर चुकी है, जिससे सारा गंदा पानी मेन रोड पर बह रहा है. इस वजह से कॉलोनी के लोगों को रोजमर्रा के जीवन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके चलते नाली ढह गई और पानी सड़कों पर फैलने लगा. बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है, वहीं बुजुर्ग और महिलाएं भी घरों से निकलने से कतरा रहे हैं. सड़कें फिसलन भरी और बदबूदार हो चुकी हैं, जिससे बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने नगर परिषद से इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है. उनका कहना है कि जब भी कोई निर्माण कार्य होता है, उसकी निगरानी ठीक से नहीं होती, और कुछ ही दिनों में सारा पैसा और मेहनत बेकार चली जाती है। स्थानीय लोगों का गुस्सा अब बढ़ता जा रहा है. यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने की चेतावनी भी दे रहे हैं. फिलहाल, आनंदमयी कॉलोनी में गंदगी, बदबू और जलजमाव के कारण हालात बदतर बने हुए हैं।

# मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के लाखों रुपये के विद्युत उपकरण लेकर ठेकेदार हुआ फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत गांव-गांव में इन दिनों किसानों को मुफ्त में बिजली देने पर काम किया जा रहा है। ऐसे में मसौढ़ी प्रखंड के नूरा पंचायत स्टोर सेंटर बना कर भदौरा, कराई हरवंशपुल समेत कई गांव में सिल्वर कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के तहत है यह काम किया जा रहा है। लेकिन ठेकेदार के वर्क ऑडर और सामन

**प्राथमिकी दर्ज**

मिलने के बिद वह फरार हो गया है। तकरीबन 8 लाख का विद्युत उपकरण लेकर भाग जाने का को लेकर सिल्वर कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर गजेंद्र प्रसाद पिता राम लखन प्रसाद सीतारामपुर कुल्टी पश्चिम बंगाल के निवासी हैं जिन्होंने मनोज कुमार पिता अवधेश महतो गंगौर मधुबनी के निवासी पर मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया है। गजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मनोज कुमार को भदौरा कराय हरवंशपुर में कृषि फीडर के बिजली पोल तार लगाने के लिए वर्क आर्डर दिया गया था लेकिन कुछ दिन के बाद वह केवल तार स्ट्रक्चर से ट्रांसफार्मर लेकर फरार हो गया है जिसकी तकरीबन 8 लाख में कीमत है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# भूमि अधिग्रहण के विरोध में उबला आक्रोश

## 25 को सीएम आवास घेराव की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद/पटना।** संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को औरंगाबाद जिले के पांडेय कर्मा और इगनू डीहवार गांव पहुंचा, जहां हाल ही में सैकड़ों बीघा फसलों को पुलिस बल की मौजूदगी में रौंद दिए जाने की घटना के बाद किसानों में आक्रोश है। किसानों ने बताया कि भारतमाला परियोजना के तहत बिना मुआवजा दिए उनकी धान की खड़ी फसल को ट्रैक्टरों से नष्ट कर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन की कार्रवाई को अन्यायपूर्ण करार देते हुए कहा कि बिना मुआवजा और स्पष्ट अधिग्रहण प्रक्रिया के खेतों को रौंदना केवल किसानों के साथ नहीं, बल्कि राष्ट्र के अन्न भंडार पर हमला है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो 25 अगस्त को पटना में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने खेतों का मुआयना कर किसानों से बातचीत की। पीड़ित किसान गुप्तेश्वर यादव ने बताया कि उनके पास मात्र चार बीघा जमीन है, परिवार की आजीविका उसी पर निर्भर थी। विरोध करने पर उनकी पत्नी के साथ बदसलूकी की गई। किसान नेताओं ने सरकार पर कॉरपोरेट को लाभ पहुंचाने और किसानों को कुचलने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन कंपनी के एजेंट की तरह काम कर रहा है। मोर्चा ने कहा कि यह संघर्ष अब आर-पार का होगा और पटना कूच के जरिए सरकार को चेताया जाएगा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि मतदाता भी है।

# तटबंध टूटने से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राहत कार्य चलाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप मिश्रा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को त्राहिमाम संदेश भेजकर जिले के सबौर प्रखंड के चायं टोला गांव के पास एक तटबंध के टूट जाने से उत्पन्न बाढ़ की गंभीर स्थिति के मद्देनजर युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चलाने की मांग की है। राज्य के मुख्यमंत्री को मंगलवार को भेजे गए त्राहिमाम संदेश में वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि गंगा के बढ़ते जलस्तर के भीषण दबाव से एक तटबंध टुटने के कारण चायंटोला गांव सहित आसपास के कई गांवों में पानी घुस गया है और एक बड़ी आबादी बाढ़ से प्रभावित हो गई है। उन गांवों के अधिकांश घरों और सरकारी स्कूल में पानी प्रवेश कर गया है। वहीं गंगा के तेजी से कटाव के कारण ग्रामीण दहशत में है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग द्वारा कटाव निरोधी कार्य धीमी गति से चलायी जा रही है।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर शिव मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** सावन महीने की अंतिम सोमवारी पर ओबरा मुख्यालय समेत विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने सोमवार तड़के ही मंदिरों का रुख किया और भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर बेलपत्र, दूध, दही, जल, और भांग अर्पित कर पूजा-अर्चना की। देवकली शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा रहा। भक्तों ने ''हर हर महादेव'' के जयघोष के साथ शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाए और भगवान शिव को दुग्धाभिषेक करते हुए परिवार की सुख-शांति और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा की। मंदिर परिसर में मौजूद प्रधानाध्यापिका रंजना कुमारी ने बताया कि वे वर्षों से सावन की सोमवारी को देवकली शिव मंदिर में पूजा करती रही हैं और भगवान शिव की कृपा से उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी हुई हैं। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण किया और प्रसाद वितरण किया। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा देवी मंदिर परिसर स्थित शिवालय और पुनपुन नदी किनारे शिव मंदिर में भी भारी भीड़ देखी गई। पुरुष, महिलाएं और युवा भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से पूजा की और भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा। सावन की अंतिम सोमवारी पर यह नजारा केवल देवकली तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ओबरा अंचल के अन्य सभी शिवालयों ऽ छोटे-बड़े ऽ में दिनभर पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर चलता रहा। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम सावन की इस पावन तिथि को देखने को मिला।

# मध्यस्थता के माध्यम से सुलहनीय मामलों का हो निपटारा : सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन के लिए मध्यस्थता पर जोर दिया जा रहा है। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में दुसरे दिन हसपुरा एवं गोह प्रखंड में अवस्थित ग्राम कचहरी में कार्यरत न्याय मित्रों के साथ मध्यस्थता विशेष अभियान-मध्यस्थता राष्ट्र के लिए' जो पुरे भारत में चलाया जा रहा है। सचिव द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय एवं दाउदनगर अनुमंडलीय न्यायालय में लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण हेतु 90 दिनों का यह विशेष अभियान है जिसकी सफलता सुनिश्चित करने हेतु सभी न्याय-मित्रों की भागीदारी एवं सहयोग आवश्यक है। सचिव द्वारा उपस्थित सभी न्याय-मित्रों को मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारित होने वाले वादों की प्रकृति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इसके तहत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा, आपराधिक समझौता योग्य, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य उपयुक्त



सिविल मामलों को निस्तारण कराया जायेगा जिसके लिए आपका सहयोग अत्यन्त ही महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि आप सभी ग्राम कचहरी में कार्यरत और आप पंचायत से जुड़े एक दूसरे व्यक्ति को भली-भांति जानते हैं, साथ ही साथ आप सभी न्यायालय से भी जुड़े हैं, जिसके कारण आप सभी का कार्य क्षेत्र व्यापक हो जाता है जिसका फायदा आपके पदस्थापन ग्राम कचहरी के लोगों के साथ-साथ अन्य लोगो को भी मिले इसके लिए आपके द्वारा इस अवसर पर आवश्यक सहयोग एव पहल किये जाने की आवश्यकता है। न्याय-मित्रों को मध्यस्थता से सम्बन्धित पम्पलेट भी उपलब्ध कराया गया जिससे कि ग्राम-कचहरी में उसे वितरित करते हुए लोगो का सहयोग प्राप्त किया जा सके। सचिव द्वारा बताया गया दिनांक 06.08.2025 को तीसरी बैठक मदनपुर एवं कुटुंबा प्रखण्ड के साथ अपराह्न 12.00 बजे से किया जायेगा जिसके लिए सम्बन्धित प्रखण्ड के न्याय-मित्रों को निर्धारित समयानुसार उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया गया। इस बैठक में न्याय मित्र के अध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा ने भी अपने सहपाठी न्याय-मित्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस अभियान में बढ़चढ़ कर सभी न्याय मित्र सहयोग करें क्योंकि यह राष्ट्रव्यापी अभियान है और आपके सहयोग से जो वाद निस्तारित होते हैं।

## एक नजर

### नहर में गिरने से मिस्त्री की मौत

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रूपसपुर थाना क्षेत्र के रूपसपुर नहर से जलालपुर जोडने वाले रास्ते में कमर पानी भर जाने के कारण नहर में गिरने से एक युवक नहर गिर कर डूब कर मौत हो गई. एसडीआरएफ टीम ने काफी प्रयास के बाद नहर डूब युवक का शव बरामद किया है. मृतक पहचान शाहपुर थाने के सिंकद्पुर केला बगाना निवासी दीन सिंह के रूप में हुई है. मृतक इलेक्ट्रिक मिस्त्री था. मौत की सूचना मिलने पर परिजनों चित्कार कर उठे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मंगलवार को सुबह करीब दस बजे 37 वर्षीय युवक जलालपुर जाने के लिए रूपसपुर नहर के जोडने वाले कमर भर लांघ कर जा रहा है और मोबाइल से बात करते जा रहा था. इसी दौरान पैर नहर के गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दिया। सूचना देने के बाद करीब चार घंटे के बाद एसडीआरएफ टीम पहुंची और नहर में डूबे युवक का काफी मशक्कत के बाद शव बरामद किया गया. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौप दिया।

### मारपीट कर किया जख्मी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के उस्मानचक गांव में बना रहे शराब की सूचना देने पर एक व्यक्ति की घात लगाकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा गया है कि ललित कुमार पिता स्वर्गीय चंद्रदीप सिंह जब मजदूर की तलाश में घर से निकलकर कहीं जा रहे थे उसी वक्त घात लगाए हुए बबलू मांझी पिता स्वर्गीय रौशन मांझी, रौशन मांझी की पत्नी मिलकर लाठी डंडा से मरने लगे। मैं संभाल पाता कि लोग लाडी.डंडा चलाने लगे जिससे काफी चोटें लग गई थी। मुझे अंदेशा है कि पुलिस को शराब बनाने की हमने कंप्लेंट की थी इस वजह से हमें मारपीट का जख्मी कर दिया है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### घर में घुसकर महिला की पिटाई

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के उसमानचक गांव में एक घर में रात के अंधेरे में घुसकर शराब के नशे में महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया हैं। जहां पर पीड़िता ने थाने में आवेदन लिखकर गुहार लगाते हुए लिखा है कि हमें अनुसूचित जाति शब्द बोलकर गाली गलौज देते हुए हमारे साथ मारपीट की है जब हम घर में बैठे थे तो शराब के नशे में घर में घुसकर पहले हमारे साथ दुर्व्यवहार किया। विरोध करने पर वह मारपीट की उसके बाद फिर वह घर चला गया फिर घर से लाठी लेकर आया और हमारे घर का सारा समान तोड़ने फोड़ने लगा, विरोध करने पर गालियां दी और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल किया। उस्मानचक के ललित सिंह नाम के व्यक्ति पर आरोप लगाकर प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### शराब पीकर कर रहा था हंगामा, गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शराब पीकर कर रहा था हंगामा पत्नी ने बुला दी पुलिस, हुई जेल, मामला केवड़ा थाना क्षेत्र के पोठही गांव की है। जहां पर एक व्यक्ती रवि कुमार पिता चंदेश्वर सिंह शराब के नशे में घर पर पहुंचकर हो हंगामा कर रहा था। विरोध करने पर पत्नी से मारपीट कर रहा था। पीड़ित पत्नी श्रुति कुमारी ने फोन कर पुलिस बुला दी और शराब के नशे में पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। केवड़ा थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया यह शराब पीने के मामले में दो बार पहले से भी जेल जा चुका है एक महीना पहले ही यह जेल से छूटा है फिर शराब पीकर वह हंगामा कर रहा था ऐसे में उसकी पत्नी के शिकायत पर इसे जेल भेजा गया है।

### नदी का पानी सड़क पर आया

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लगातार हो रहे बारिश ने नदी के जलस्तर को ज्यादा कर दिया है जिसके चलते बाढ़ प्रखंड के पूरा गांव के पास महाने नदी का पानी सड़क को पार करते हुए दूसरी तरफ जाने लगा है। जिसके चलते कई गांव के ग्रामीणों को बाढ़ आने जाने में कठिनाई होना शुरू हो गया है इतना ही नहीं इलाके में धान की फसल को भारी नुकसान भी हुआ है। साथ ही सड़क पर जीव जंतुओं का बसेरा हो जाने के चलते पैदल चलने वाले राहगीरों को जहरीले जीव जंतु से बचकर चलना पड़ रहा है नदी का पानी धीरे-धीरे बढ़ ही रहा है ।

### कपिलदेव संगीत महाविद्यालय में सावन महोत्सव जारी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सदर प्रखंड मुख्यालय स्थित कपिलदेव संगीत महाविद्यालय परिसर में सात दिवसीय सावन महोत्सव के चौथे दिन वृंदावन से पधारी दीदी नंदनी ने श्रद्धालुओं को शिव तत्व के आध्यात्मिक रहस्यों से परिचित कराया। उन्होंने अपने प्रवचन में सावन माह में भगवान शिव की पूजा के महत्व को विस्तार से बताया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु गहरे आध्यात्मिक भाव में डूब गए। दीदी नंदनी ने कहा कि भगवान शिव में पवित्रता, ज्ञान और साधना तीनों का अद्भुत संगम है। यही कारण है कि उन्हें देवों के देव 'महादेव' कहा जाता है। शिव सहजता से प्रसन्न होने वाले देवता हैं, इसलिए वे आशुतोष कहलाते हैं। मृत्यु पर नियंत्रण रखने के कारण उन्हें मृत्युंजय की संज्ञा दी गई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमृत का पान तो सभी करना चाहते हैं, लेकिन भगवान शिव ने जनकल्याण के लिए विषपान किया। यह त्याग उन्हें असाधारण बनाता है और देव, दैत्य व मनुष्य–तीनों ही उनके उपासक हैं। उन्होंने शिव के प्रतीकों की भी व्याख्या की–चंद्रमा को शीतलता का प्रतीक बताया, तो सर्पमाला, सिंहखाल का आसन और नंदी की सवारी को शिव के नियंत्रण और अहिंसा के भाव से जोड़ा। दीदी ने कहा कि शिव तत्व सृजन और विनाश दोनों को धारण करते हैं, क्योंकि नवजीवन के लिए पुरातन मोह का अंत आवश्यक होता है। शिव पुराण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें शिव की महिमा का गहराई से वर्णन है और सावन माह में शिव भक्ति के पीछे यही अध्यात्मिक दर्शन छिपा है। उन्होंने यह भी कहा कि सावन में की गई भक्ति मनुष्य को आंतरिक सुख, मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्ज़ा प्रदान करती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक दिनेश पांडेय, शिक्षक राजीव पांडेय, सुशील पांडेय, मनोज सिंह, आशुतोष कुमार, श्रवण कुमार, नेहा सिंह, मृत्युंजय कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने दीदी नंदनी के प्रवचन से प्रेरणा ग्रहण की और शिव भक्ति में भावपूर्ण डुबकी लगाई।

### माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले के विधायक गोपाल रविदास एवं अन्य लोगों पर हुए मुकदमे के खिलाफ मंगलवार को मसौढी धनरूआ पुनपुन समेत विभिन्न प्रखंड में भाकपा माले के द्वारा प्रतिवाद मार्च का आयोजन करते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन और सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की यह लोकतंत्र का अधिकारों का हनन है। इस लोकतंत्र में हर किसी को विरोध प्रदर्शन धरना करने का अधिकार है जब किसी पीड़ित के न्याय मांगने के लिए लोग सड़क उतरते हैं तो उन पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें डराना चाहती हैं, लेकिन भाकपा माले के इन चीजों से डरने वाला नहीं है, वह हमेशा गरीबों के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ेगा, फुलवारीशरीफ में बिते दिनो दो मासूम बच्चों को जिंदा जला देने की घटना घटी थी, उसमें अपराधियों को पकड़ने के बजाय न्याय मांगने वाले माले विधायक पर प्राथमिक की दर्ज की गई है। यह जदयू भाजपा के इशारे पर की जा रही है आगामी चुनाव की हार की बौखलाहट से फुलवारीशरीफ की विधायक गोपाल रविदास को डराया जा रहा है। मसौढी में प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व प्रखंड सचिव राकेश कुमार और नागेश्वर पासवान ने की वही धनरूआ में अकलू पासवान वीरेंद्र प्रसाद ने की।

# सिराज-प्रसिद्ध की गेंदबाजी ने पलटा मैच

## ओवल टेस्ट : दोनों ने मिलकर 17 विकेट लिए, यशस्वी भारत के इकलौते सेंचुरियन ; जीत के रहे यह 5 हीरो

**ओवल (एजेंसी)।** ओवल का मैदान, पांचवें टेस्ट के आखिरी दिन 27 हजार दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। इंग्लैंड को जीत के लिए केवल 35 रन बनाने थे, जबकि भारत जीत से 4 विकेट दूर था।दिन का पहला ओवर करने पहुंचे प्रसिद्ध कृष्णा की पहली दो गेंदों पर चौके लगे। अब इंग्लैंड जीत से महज 27 रन दूर था, लेकिन अगले दो ओवर में सिराज ने जैमी स्मिथ और जेमी ओवर्टन का विकेट लेकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया।इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने जोश टंग को बोल्ड कर दिया। इस वजह से चोटिल क्रिस वोक्स एक हाथ से बल्लेबाजी करने पहुंचे। इंग्लैंड की पारी फिर संभलती दिखाई दी, जब एटकिंसन ने सिराज की बॉल पर छक्का मार दिया, लेकिन सिराज ने अगले ओवर में उन्हें बोल्ड करके मैच भारत के नाम कर दिया। 5 हीरो, जिन्होंने भारत को हारा हुआ मैच जिताया।आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और 4 विकेट बाकी थे। जैमी ओवर्टन ने प्रसिद्ध कृष्णा पर लगातार दो चौके लगाकर दबाव बनाया। ऐसे में भारतीय कप्तान गिल ने मोहम्मद सिराज को गेंद थमाई। उन्होंने अपने पहले ओवर में ही जैमी स्मिथ (2 रन) को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच करा दिया।इतना ही नहीं, अगले ओवर में जैमी ओवर्टन (9 रन) को पवेलियन भेजकर अंग्रेजों को दबाव में डाल दिया। फिर जब इंग्लैंड जीत से मात्र 7 रन दूर था, तब सिराज ने आखिरी उम्मीद गस एटकिंसन (17 रन) को यॉर्कर पर बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी। उन्होंने ओवल टेस्ट में कुल 9 विकेट झटके।




### प्रसिद्ध कृष्णा- रूट को आउट कर मुश्किल में डाला

जसप्रीत बुमराह के बाहर होने की वजह से प्रसिद्ध कृष्णा को इस मुकाबले में मौका मिला। उन्होंने दोनों पारियों में 4-4 विकेट लेकर अपने चयन को पूरी तरह जस्टिफाई भी किया। पहली पारी में उन्होंने ओपनर जैक क्रॉली, जेमी स्मिथ, जेमी ओवर्टन और गस एटकिंसन के विकेट लिए। वहीं, दूसरी पारी में प्रसिद्ध ने बेन डकेट, जो रूट, जैकब बेथेल और जोश टंक को पवेलियन की राह दिखाई।दूसरी पारी में उन्होंने रूट का विकेट तब निकाला जब यह स्टार बल्लेबाज अकेले दम पर इंग्लैंड को जीत दिलाने में लगा था। चौथे दिन के खेल में उन्होंने रूट के बाद युवा बल्लेबाज जैकब बेथल का विकेट भी निकाला और यहां से इंग्लैंड की टीम दबाव में आ गई।

### वाशिंगटन - 39 बॉल में फिफ्टी, 374 का टारगेट

तीसरा दिन...भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 357 के स्कोर पर 8 विकेट गंवा दिए थे। रवींद्र जडेजा 53 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसी स्कोर पर जोश टंग ने मोहम्मद सिराज को भी पवेलियन भेज दिया। अब आखिरी विकेट ही बचा था और टीम इंडिया के पास 334 रन की बढ़त थी, जो जीत के लिए काफी नहीं थी।यहां से वाशिंगटन सुंदर ने विस्फोटक बल्लेबाजी शुरू की। उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा के साथ आखिरी विकेट के लिए 25 बॉल पर 39 रन की साझेदारी की और टीम का स्कोर 396 रन पहुंचा दिया। इस तरह टीम इंडिया 374 रन का टारगेट सेट करने में कामयाब हुई।

### यशस्वी - सेंचुरी लगाकर मजबूत शुरुआत दिलाई

भारत पहली पारी में 23 रन से पिछड़ रहा था। यहां से वापसी करने के लिए टीम को दूसरी पारी में बड़े स्कोर की जरूरत थी, लेकिन ओपनर केएल राहुल 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम इंडिया पर दबाव था क्योंकि दूसरे दिन स्टंप्स तक भारत के दो बैटर पवेलियन लौट चुके थे।ऐसे में यशस्वी जायसवाल ने 164 बॉल पर 118 रन की शतकीय पारी खेली और पारी को संभाला। उन्होंने नाइट वॉचमैन आकाश दीप के साथ तीसरे विकेट के लिए 150 बॉल पर 107 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने भारत की वापसी कराई। यशस्वी जायसवाल पहली पारी में मात्र 2 रन पर आउट हो गए थे।



## टिम डेविड पर लगा जुर्माना, वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी20 में किया आचार संहिता का उल्लंघन

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टिम डेविड पर 28 जुलाई को सेंट किट्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डेविड को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए द्बष्टट आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है। इसके अलावा, डेविड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के पांचवें ओवर में हुई, जब अल्जारी जोसेफ ने डेविड को लेग साइड में एक गेंद फेंकी, जिसे वाइड नहीं दिया गया। डेविड ने अपनी बाहें फैलाकर और गेंद को वाइड करार देने का इशारा करके अपनी असहमति जताई और फिर अपनी बाहें फैलाए हुए ही अंपायर की ओर चल पड़े। डेविड ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के रॉन किंग द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर जाहिद बसाराथ और लेस्ली रीफर, तीसरे अंपायर डेइटन बटलर और चौथे अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट ने आरोप लगाए। लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत, और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

## नीदरलैंड तीन टी20 मैचों के लिए करेगा बांग्लादेश का दौरा




**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश पहली बार द्विपक्षीय श्रृंखला में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीमें तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेंगी। यह श्रृंखला 30 अगस्त से शुरू होगी और तीनों मैच सिलहट में खेले जाएंगे। नीदरलैंड की टीम 26 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी और श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन दिन प्रशिक्षण लेगी। पहला टी20 मैच 30 अगस्त को, दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 1 और 3 सितंबर को होगा, ये सभी मैच सिलहट के एसआईसीएस स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह श्रृंखला 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले बांग्लादेश के लिए महत्वपूर्ण तैयारी का काम करेगी। नीदरलैंड्स इससे पहले एक बार बांग्लादेश में खेल चुका है, 2014 टी20 विश्व कप के दौरान। दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं, जिनमें से चार में बांग्लादेश ने जीत हासिल की है। 2012 में नीदरलैंड ने दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी की थी, आगामी दौरे से पहले उनका एकमात्र द्विपक्षीय मुकाबला होगा। दोनों टीमें पिछली बार आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में आमने-सामने हुई थीं, जहां बांग्लादेश ने 25 रनों से जीत हासिल की थी।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरूष हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा।




इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे।

मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।

एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा। टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा, 'हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है।

## टेस्ट सीरीज में पहली बार 9 बैटर्स के 400+ रन

**द ओवल (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी ड्रॉ रही। भारत ने इंग्लैंड को पांचवां टेस्ट 6 रन से हरा दिया। इसी के साथ सीरीज 2-2 पर खत्म हुई।यह टेस्ट इतिहास की पहली सीरीज रही जिसमें 9 बैटर्स ने 400 से ज्यादा रन बनाए। भारतीय कप्तान शुभमन गिल एक सीरीज में हाईएस्ट रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने। इसी सीरीज में जो रूट टेस्ट क्रिकेट के सेकेंड टॉप स्कोरर बने।टेस्ट क्रिकेट में भारत की रनों के हिसाब से अब तक की सबसे छोटी जीत 6 रन की है। सोमवार को ओवल टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को 6 रन से हरा दिया। भारत की दूसरी सबसे छोटी जीत 13 रन से हुई थी। यह जीत 2004 में वानखेड़े स्टेडियम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली थी।टेस्ट इतिहास में पहली बार किसी सीरीज में 9 बल्लेबाजों ने 400 से ज्यादा रन बनाए। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के नाम था। 1975-76 की सीरीज में 8 बल्लेबाजों ने 400+ रन बनाए थे।शुभमन गिल एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने। उन्होंने 5 मैचों में 4 शतक के साथ 754 रन बनाए। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1978 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 टेस्ट की सीरीज में 732 रन बनाए थे।

## मुझे भरोसा था कि जीत दिला सकता हूं: सिराज




**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने ओवल टेस्ट 6 रन से जीत लिया है। इसी के साथ इंग्लैंड में 5 मैचों की सीरीज में 2-2 की बराबरी हासिल की। सोमवार को मिली इस जीत के हीरो मोहम्मद सिराज ने मैच के बाद कहा- आज सुबह जब मैं सोकर उठा तो मुझे भरोसा था कि जीत दिला सकता हूं।

सिराज ने कहा-मैंने गूगल से एक फोटो डाउनलोड किया और उसे अपने वॉलपेपर पर लगाया कि मैं कर सकता हूं। 31 साल के तेज गेंदबाज सिराज कप्तान शुभमन गिल के साथ पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस में आए और मीडिया से बातचीत की।

मोहम्मद सिराज ने हैरी ब्रूक के कैच ड्रॉप पर कहा-ब्रूक का विकेट गेम चेंजिंग मोमेंट था, अगर मैंने वो कैच ले लिया होता, तो मैच शायद इस स्थिति में पहुंचता ही नहीं। ब्रूक ने बेहतरीन पारी खेली।जीवनदान मिलने के बाद हैरी ब्रूक ने 111 रन की पारी खेली। उन्होंने जो रूट के साथ 195 रनों की अहम साझेदारी की। इस साझेदारी ने इंग्लैंड को रन चेज में आगे कर दिया था। बाद में आकाश दीप ने ब्रूक को बोल्ड करके इस साझेदारी को ब्रेक किया।

सिराज ने लॉर्ड्स टेस्ट में अपने दुर्भाग्यपूर्ण आउट होने पर कहा-लॉर्ड्स में आउट होना दिल तोड़ने जैसा पल था, जड्डू भाई (रवींद्र जाडेजा) ने मुझे यही कहा था कि मैं खेलते रहूं और अपने पिता के बारे में सोचते रहूं कि उन्होंने यहां तक मुझे पहुंचाने के लिए कितनी मेहनत की थी।याद दिला दें कि मोहम्मद सिराज लॉर्ड्स टेस्ट के आखिरी दिन के आखिरी सेशन में एक लुड़कती हुई बॉल पर आउट हो गए थे। इससे भारत को 22 रन की दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा था। इसी जीत के साथ इंग्लैंड ने सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की थी।

## एक हाथ से बैटिंग करने उतरे क्रिस वोक्स, मैनचेस्टर में जडेजा ने स्टोक्स के ड्रॉ का प्रपोजल ठुकराया

**ओवल (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट 6 रन से जीत लिया। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर रही। पांचवें मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और उनके चार विकेट बचे थे, लेकिन टीम ने 28 रन बनाने में चार विकेट गंवा दिए। मैच के आखिरी दिन इंग्लिश पेसर क्रिस वोक्स चोट के बावजूद बैटिंग करने उतरे। उनके कंधे में मैच के पहले दिन चोट लग गई थी। हालांकि, उन्हें एक भी बार स्ट्राइक नहीं मिली, लेकिन उन्होंने नॉन स्ट्राइक एंड से दौड़कर रन जरूर बनाए। वहीं, सीरीज के चौथे मैच में रवींद्र जडेजा ने इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के ड्रॉ का प्रपोजल ठुकरा दिया था। ऐसे ही इस सीरीज में कई मोमेंट्स देखने को मिले।इंजर्ड क्रिस वोक्स मैच में लेफ्ट हैंड से बैटिंग करने उतरे। वोक्स मैच के पहले दिन चोटिल हो गए थे। मिड-ऑफ पर फिल्डिंग कर रहे वोक्स ने बाउंड्री पर डाइव लगाई और चौका बचाने में कामयाब रहे, लेकिन इस दौरान वे अजीब तरह से गिरे और कंधा चोटिल कर बैठे। फिर उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा।




### युवराज के पिता योगराज बोले

## गिल की कप्तानी में मैच्योरिटी की क्लास

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने सोमवार को ओवल टेस्ट में इंग्लैंड टीम को हराकर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। टीम इंडिया के इस प्रदर्शन के बाद पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने शुभमन गिल की कप्तानी की जमकर तारीफ की है। योगराज सिंह सिक्सर किंग युवराज सिंह के पिता हैं।



इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में आखिरी दिन 6 रन की रोमांचक जीत के बाद योगराज सिंह ने कहा कि पूरी सीरिज में गिल ने जो मेच्योरिटी दिखाई, उसे देखकर लगा ही नहीं कि वह पहली बार टीम की कमान संभाल रहे हैं। योगराज सिंह ने इसका श्रेय शुभमन गिल के पिता और अपने बेटे युवराज सिंह को दिया।

उन्होंने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर गई टीम इंडिया का हर खिलाड़ी घायल होने के बावजूद डटा रहा। पंत भी चोट के बावजूद खेलने उतरे। यह सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि जंग की जीत है। मैंने पहले भी कहा है कि टीम चयन के समय अगर मगर नहीं होना चाहिए। अब ऐसे सिलेक्टर्स, एडमिनिस्ट्रेटर्स और कोच (गौतम गंभीर) हैं, जिनकी सोच बिल्कुल साफ और देशहित में है।

योगराज ने कहा कि इस समय टीम मैनेजमेंट का पूरा नजरिया सकारात्मक है और वे देश और टीम के लिए सोचते हैं। उन्होंने मीडिया की भूमिका की भी तारीफ करते हुए कहा कि इस बार सभी ने बेहतरीन काम किया। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी टीम इंडिया को जीत की बधाई दी है।उन्होंने कहा कि पहले शुभमन गिल की कप्तानी पर सवाल जरूर उठे। यह सिलेक्ट नहीं हुआ व सेलेक्ट नहीं हुआ। मीडिया क्रिटिसिज्म बंद होने पर टीम को शाबाशी मिली है।



## सोनीपत में मां-बेटे ने जीते 6 गोल्ड

### पहली बार नेशनल पावरलिफ्टिंग में लिया हिस्सा, गुजरात में हुई चैंपियनशिप

**सोनीपत (एजेंसी)।** सोनीपत की 40 वर्षीय महिला टीचर ज्योति और उनके 16 साल के बेटे मौलिक ने पहली बार नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।

गुजरात के मेहसाणा में हुई इस चैंपियनशिप 2025 में दोनों ने शानदार प्रदर्शन किया और अब विजेता बनकर सोनीपत लौटे हैं। ज्योति विकास नगर की रहने वाली हैं और सेक्टर 23 में अपने बेटे के साथ रहती हैं।

वे मॉडल संस्कृति स्कूल में प्राइमरी टीचर हैं। दिनभर पढ़ाने के बाद वे हर शाम दो घंटे बेटे के साथ जिम में मेहनत करती हैं। मां-बेटे की यही लगन अब सफलता की मिसाल बन गई है।

ज्योति बताती हैं कि वे पिछले लंबे समय से फिटनेस के लिए जिम कर रही थीं, लेकिन पावरलिफ्टिंग की तैयारी उन्होंने सिर्फ एक महीने पहले शुरू की। इसके बावजूद उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेकर तीन अलग-अलग इवेंट में गोल्ड मेडल जीते। वे मिक्स कैटेगरी, 63 किलो वेट कैटेगरी और 40 वर्ष आयु वर्ग में उतरीं। डेड लिफ्ट में 70 किलो, स्क्वाट में 75 किलो और बेंच प्रेस में 30 किलो वजन उठाकर उन्होंने हर वर्ग में टॉप किया।

11वीं में पढ़ाई कर रहे मौलिक ने भी सब-जूनियर वर्ग में 63 किलो वेट कैटेगरी में तीनों इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर मां के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सफलता की कहानी लिखी। पहली बार प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर उसने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

ज्योति ने बताया कि उन्होंने और मौलिक ने सिर्फ 20 किलो की रॉड से प्रैक्टिस शुरू की थी। लेकिन आज वे 200 किलो तक वजन उठाने में सक्षम हैं। जब उनकी फिटनेस और ताकत में सुधार हुआ तो उन्होंने पावरलिफ्टिंग में भाग लेने का निश्चय किया। उन्होंने कहा कि जब प्रतियोगिता नजदीक होती है, तो वे पांच से छह घंटे तक अभ्यास करती हैं।ज्योति ने बताया कि वह और उनका बेटा ही अब परिवार हैं। पति से अनबन के चलते वे अलग हो चुकी हैं। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। सुबह की टीचिंग और शाम की ट्रेनिंग में समय को बांटकर उन्होंने अपने बेटे के साथ खुद को पूरी तरह फिट और मजबूत बनाया। उनकी मेहनत रंग लाई और दोनों ने पहले ही प्रयास में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।ज्योति और मौलिक की जोड़ी सिर्फ खेलों में नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों से जूझने में भी मिसाल बन चुकी है।

# दो शव बरामद

**अनिल कुमार / नबिटा ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो लोगों का शव बरामद किया गया है। पहला मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेयपुर नहर के समीप का है जहां एनएच-19 किनारे से एक युवक का शव बरामद किया गया है। हालांकि युवक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शव की शिनाख्त को लेकर पुलिस विभिन्न स्त्रोतों से पता लगा रही है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पांडेयपुर नहर के पास एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने युवक को उठाकर सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृश्यता के अनुसार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। युवक की पहचान को लेकर शव 72 घंटे के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। इसके वावजूद यदि युवक की पहचान नहीं हो सका तो सरकारी प्रक्रिया के तहत शव का अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा। दूसरा मामला ओबरा थाना क्षेत्र का है जहां नवनेर मोड़ पास बड़की नहर मार्ग से अज्ञात बुजुर्ग का शव मिला है। मृतक के शरीर पर कहीं भी चोट या दाग के निशान नहीं है। मौके से एक शॉल मिला है। बीमारी से मौत की आशंका है। पोस्टमार्टम के बाद पहचान के लिए दोनों शवों को थाने में सुरक्षित रखा गया है। 72 घंटे तक पहचान नहीं होने के बाद पुलिस सरकारी प्रावधान के अनुरूप शव का अंतिम संस्कार कराएगी। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

# औरंगाबाद की चार सीटों पर जदयू की दावेदारी के संकेत

## कुटुंबा सहित चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जनता दल यूनाइटेड ने एक बड़ा राजनीतिक संकेत देते हुए औरंगाबाद जिले की चार विधानसभा सीटों के लिए अपने प्रभारी नियुक्त किए हैं। इससे यह संदेश सामने आया है की जनता दल यूनाइटेड जिले की इन चार विधानसभा सीटों पर अपनी दावेदारी के इरादे रखती है। इन चार सीटों में कुटुंबा, नवीनगर, रफीगंज, और ओबरा विधानसभा सीटें शामिल है। गोह और औरंगाबाद को इसमें शामिल नहीं किया गया है जहां पिछली बार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ने चुनाव लड़ा था। जिन चार सीटों पर जनता दल यूनाइटेड ने अपने प्रभारी तैनात किए हैं उनमें एक चौंकाने वाला नाम कुटुंबा भी है क्योंकि यहां पिछली बार हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (से) ने चुनाव लड़ा था। लगता है कि इस बार जदयू अपनी इस पुरानी सीट पर फिर से अपना दावा करने के मूड में है। जदयू की इस घोषणा के राजनीतिक निहितार्थ लगाए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर एनडीए के घटक दलों की पेशानी पर भी इस घोषणा से बल पड़ गए हैं। दरअसल एनडीए का कुनबा वर्ष 2020 के चुनाव के बाद से काफी बढ़ा है और उसमें लोक जनशक्ति पार्टी (रा), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) राष्ट्रीय लोक मोर्चा भी शामिल हैं। विदित हो कि औरंगाबाद जिले की 6 विधानसभा सीटों में कम से कम दो सीटों पर लोजपा रामविलास के नेता अपना दावा मानते हैं जबकि एक सीट (कुटुंबा) पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) तथा एक सीट (गोह) पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा की नजर है। ऐसे में अगर जनता दल यूनाइटेड 6 में से चार सीटों पर दावा ठोकने की स्थिति में आता है तो हम, रालोमो और यहां तक की लोजपा (रा) तक के लिए स्थिति असहज हो सकती है। पिछली बार गोह विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी दोनों ने ही चुनाव लड़ा था और रालोसपा महज कुछ वोटों के अंतर से तीसरे स्थान पर रही थी। भाजपा को यहां दूसरा स्थान मिला था। इसी प्रकार रफीगंज में जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी दोनों ने चुनाव लड़ा था लेकिन इन दोनों से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार प्रमोद कुमार सिंह ने वोट प्राप्त किए थे जो अब लोजपा में शामिल हैं। वैसे उनके जदयू में शामिल होने की भी अटकलें लगाई जा रही हैं। ओबरा में पिछली बार राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी और जनता दल यूनाइटेड तीनों ने चुनाव लड़ा था लेकिन लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार ने इन दोनों दलों से ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया था। इस नाते लोजपा इस सीट पर अपना दावा मान रही है। गठबंधन में कुटुंबा सीट पिछली बार हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेकुलर को चली गई थी। यहां से लोक जनशक्ति पार्टी ने भी चुनाव लड़ा था और उसे तीसरा स्थान प्राप्त हुआ था। लेकिन लोजपा के लिए इस बार स्थिति सहज नहीं है। नवीनगर में जदयू की स्थिति पर कोई विवाद नहीं नजर आ रहा क्योंकि यहां से जदयू के पास सक्षम उम्मीदवार भी हैं और ये सीट जदयू की परंपरागत सीट मानी जाती है। वैसे राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एनडीए के नए पार्टनरों लोजपा, रालोमो तथा हम से जदयू को अपनी सीटों की कमी का संकट महसूस हो रहा है इसलिए उसने आक्रामक तेवर दिखाते हुए अपनी दावेदारी के संकेत देने के लिए प्रभारी की नियुक्ति की है ताकि सीटों के लिए जब वास्तविक दावेदारी पेश की जाए तो जदयू के निगोशियेसन में ये कदम फायदेमंद रहे।

# औरंगाबाद के पूर्व जिलाधिकारी राजकेश्वर राम का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व जिलाधिकारी राजकेश्वर राम का निधन कल झारखंड के हजारीबाग स्थित आवास पर हो गया। वे 82 वर्ष के थे और कुछ दिनों से बीमार थे। स्व. राजकेश्वर राम अपने पीछे पांच पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए। उनकी पत्नी का निधन पहले ही हो गया था। यह सूचना स्व. राजकेश्वर राम के पुत्र एवं देव प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार शैलेन्द्र ने दी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजकेश्वर राम 3 जुलाई 1998 से 13 जून 2000 तक औरंगाबाद में जिलाधिकारी रहे। उन्होंने औरंगाबाद के अलावा लखीसराय के भी जिलाधिकारी का बखूबी दायित्व संभाला था। साथ ही समाज कल्याण विभाग के अपर सचिव भी थे। औरंगाबाद में बतौर जिलाधिकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव और 2000 के विधानसभा चुनाव को उन्होंने सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया था। उनका कार्यकाल पूरी तरह से विवाद रहित रहा और अपने कार्यकाल के दौरान वे जनता से बहुत सहजता से मिलते थे और उनकी बातों को ध्यान से सुनते थे। उनके निधन पर परिवार में मातम छा गया है, वहीं उनके शुभचिंतकों में भी मायूसी छाई हुई है। सभी ने पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और इस दुख की घड़ी में परिवार को हिम्मत देने की कामना की।

# कुटुंबा में 441.79 एकड़ भूमि पर बनेगा बड़ा औद्योगिक केंद्र, विकास की नई उड़ान को मिली मंजूरी

## भूमि के अधिग्रहण पर कुल 2 अरब 84 करोड़ होंगे खर्च | बिहार के औद्योगिक नक्शे पर चमकेगा नया सितारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के औद्योगिक विकास को एक नई गति देने वाली महत्वाकांक्षी योजना को राज्य सरकार की स्वीकृति मिल गई है। राज्य मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए कुटुंबा प्रखंड में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार के तहत एक बड़े औद्योगिक केंद्र के निर्माण की मंजूरी दे दी। इस निर्णय से न केवल क्षेत्र में औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार, आर्थिक सशक्तिकरण और आधारभूत संरचना के विस्तार को भी नई दिशा मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु 441.79 एकड़ भूमि के अधिग्रहण पर कुल ?2 अरब 84 करोड़ 28 लाख 24 हजार 415 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरी झंडी दे दी है,



जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के भविष्य को संवारने वाला निर्णय बताया।

### औद्योगिक केंद्रः विकास का इंजन बनेगा

इस परियोजना के तहत विकसित किया जाने वाला औद्योगिक केंद्र सिर्फ एक निर्माणाधीन संरचना नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी पहल होगी। इससे न सिर्फ औरंगाबाद, बल्कि पूरे मगध प्रमंडल में औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। लघु, मध्यम और बड़े उद्योगों की स्थापना की संभावनाओं को नई उड़ान मिलेगी, जिससे स्थानीय उत्पादों को बाज़ार मिलेगा और आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में एक ठोस कदम सिद्ध होगा। इस केंद्र की स्थापना से कुटुंबा और आसपास के इलाकों में रोजगार के हजारों नए अवसर सृजित होंगे। स्थानीय युवाओं को हुनर के मुताबिक काम मिलेगा, जिससे बेरोजगारी की समस्या में काफी हद तक कमी आएगी। साथ ही, कुटुंबा क्षेत्र के कृषि-आधारित उत्पादों, जैसे कि तिलहन, दलहन, और सब्जियों के प्रसंस्करण उद्योग लगने की संभावना बढ़ेगी, जिससे किसानों की आमदनी में इज़ाफा होगा।

### सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य में बदलाव

औद्योगिक केंद्र के विकास से क्षेत्र में आधारभूत ढांचे जैसे सड़क, बिजली, जल आपूर्ति, परिवहन और डिजिटल नेटवर्किंग को बेहतर किया जाएगा। इससे स्थानीय जीवनस्तर में व्यापक सुधार आएगा। साथ ही, क्षेत्रीय बाजारों, छोटे व्यापारियों और सेवा प्रदाताओं के लिए नए अवसर खुलेंगे, जिससे संपूर्ण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आएगा। स्वीकृति की घोषणा होते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को साकार करता है। उन्होंने आशा जताई कि सरकार इसे समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करेगी ताकि इसका लाभ जल्द से जल्द जनता को मिल सके। कुटुंबा प्रखंड में प्रस्तावित यह औद्योगिक केंद्र सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि औरंगाबाद जिले के आर्थिक पुनर्ज़ागरण का प्रतीक बन सकता है। यह निर्णय बताता है कि सरकार अब जिला स्तर पर संतुलित और समावेशी विकास को लेकर गंभीर है। यदि इसे प्रभावी ढंग से कार्यान्वित किया गया, तो यह क्षेत्र राज्य के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर सकता है।

# थर्नेट के साथ अधेड़ गिरफ्तार, दो फरार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** एसटीएफ और हसपुरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के फलस्वरूप बख्तियारपुर गांव से अवैध हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जबकि दो फरार हो गये। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम गिरजा पासवान है। इसके पास से एक देसी थर्नेट, दो लोहे का बैरल जैसा दिखने वाला पाईप एवं लोहा का दो लॉकर बरामद किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास ने बताया कि अपराध की योजना बना रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जबकि दो व्यक्ति फरार हो गए। इसके पास से थर्नेट सहित लोहे की अन्य समान बरामद की गयी है। पूछताछ में पता चला कि मामले में दो अन्य व्यक्ति शामिल है जिसका पुलिस तलाश कर रही है। फरार होने वालों में बख्तियारपुर गांव निवासी रौशन विश्वकर्मा और जितेश विश्वकर्मा शामिल है। साथ ही इनका अपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

# नवीनगर में बनेगा 720 सीटों वाला डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय

## पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

**सूरज कुमार / नबिटा ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के नबीनगर प्रखंड में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि जुड़ने जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में नबीनगर में 720 सीटों वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना पर कुल 65 करोड़ 80 लाख 11 हजार रुपये खर्च होंगे। यह आवासीय विद्यालय सामाजिक न्याय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। विद्यालय में 720 छात्रों के लिए आधुनिक आवासीय भवन, कक्षाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, खेल-कूद एवं अन्य सह-पाठयक्रम गतिविधियों की व्यवस्था की जाएगी। इसका उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक वातावरण उपलब्ध कराना है। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के बच्चों के लिए एक सुनहरा अवसर बताया है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अब अच्छी शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना



पड़ेगा, बल्कि वे अपने ही इलाके में रहकर उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस मौके पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद एवं नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह निर्णय मुख्यमंत्री की सर्वजन हितैषी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह विद्यालय भी इसी विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। पूर्व सांसद ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं लागू की हैं और यही कारण है कि जनता का भरोसा उन पर लगातार बना हुआ है। उन्होंने आशा जताई कि यह विद्यालय नबीनगर को शैक्षणिक हब के रूप में विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर स्थापित होने वाला यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता और प्रगतिशील मूल्यों को भी बढ़ावा देगा। स्थानीय प्रशासन द्वारा शीघ्र भूमि चयन और निर्माण कार्य शुरू करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

# पिस्टल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दो युवक को अवैध हथियार के साथ देवकुंड थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवकों की पहचान अरवल जिले के शहर तेलपा थाना क्षेत्र के घराना गांव निवासी अखिलेश चौधरी के 19 वर्षीय पुत्र नितीश कुमार एवं बिज्जू चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र चुन्नु कुमार के रूप में की गई है। इनके पास से एक पिस्टल बरामद किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोमवारी मेला से ये दोनों युवक पकड़े गए। सूचना थी कि ये दोनों पिस्टल के



साथ मेला क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है और अपराध की योजना बना रहे है जिसके आलोक में पहुंची पुलिस को देख ये दोनों भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर धर दबोचा। तलाशी के क्रम में नितीश कुमार के पास से एक पिस्टल बरामद किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उन्होंने बताया कि इनका अपराधिक इतिहास का पता लगता जा रहा है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

# स्पर्शाघात से युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के दक्षिणी उमगा पंचायत अंतर्गत मुंशी बिगहा गांव में करंट लगने से एक युवक झुलस गया। आनन-फानन में परिजन मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गणेश भुइंया के पुत्र आशिक भुइंया के तौर पर हुई है। पिता ने बताया कि सोमवार देर रात घर से शौच के लिए निकला था। रास्ते में हाइटेंशन तार टूटकर गिरा था। अंधेरे में उसे कुछ दिखा नहीं। अचानक टूटे तार पर पैर पड़ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। भागते-भागते मौके पर पहुंचा। किसी तरह से कनेक्शन काटकर उसे करंट की चपेट से छुड़ाया। इसके बाद भी उसकी जान नहीं बची।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य में करें सहयोग : बीडीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय के बहुदेशीय सभागार भवन में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख सोनी देवी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक का संचालन बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने किया। बीडीओ ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार पंचायत सचिव को रजिस्ट्रार की दर्ज़ा दे दी है। अब जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए पंचायत सचिव ही सक्षम पदाधिकारी होंगे। पिपरौरा पंचायत के मुखिया धनंजय यादव एवं वार पंचायत के मुखिया शिवपूजन राम ने कहा कि सोलर लाईट कंपनी द्वारा पंचायतों में लगा तो दिया गया है। लेकिन एक दिन भी नहीं जला है। जब कंपनी को शिकायत किया जाता है तब उसके द्वारा धमकी दी जाती है कि मुखिया के विरुद्ध थाना में एफआईआर कराई जाएगी। चेईंनवादा पंचायत के मुखिया विकाश कुमार सिंह ने कहा कि घर घर कचरा उठाव करने वाले स्वच्छता अभियान में लगे स्वच्छता ग्राहियों को 9 माह से मानदेय का भुगतान नहीं हो पाया है। बैठक में उप प्रमुख, सीओ मो. अकबर हुसैन आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# दस्त रोको अभियान को बनाएं सफल : सीएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बच्चों में डायरिया से होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से दस्त रोको अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान आगामी 14 सितंबर तक चलेगा, जिसमें आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर ओआरएस और जिंक की गोलियां वितरित करेंगी। लोगों को स्वच्छता और डायरिया से बचाव के बारे में जानकारी भी देंगी। यह बातें सिविल सर्जन डॉ. भोला भाई ने जिला मुख्यालय के शाहपुर मुहल्ला स्थित अभ्यास मध्य विद्यालय के प्रांगण में आहूत जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कही गईं। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आशा, एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है जो




ओआरएस व जिंक के वितरण कार्य में सक्रिय भूमिका निभायेगी। साथ ही घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी, बचाव के उपाय व सही उपयोग की विधि की जानकारी लोगों को देने का कार्य करेंगी। डीपीएम मो. अनवर आलम द्वारा बताया गया कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण डायरिया है। बरसात के मौसम में गंदगी एवं दूषित पानी के कारण डायरिया की बढती सम्भावना को देखते हुए सरकार द्वारा दस्त रोको अभियान का क्रियान्वयन प्रतिवर्ष किया जाता है। इसी क्रम में आज अभ्यास मध्य विद्यालय में एक जिला स्तरीय कार्यक्रम आहूत करने के साथ-साथ अदरी नदी किनारे स्लम में जाकर सिविल सर्जन एवं अन्य जिला स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा ओआरएस पैकेट का वितरण किया गया तथा लोगों को डायरिया के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लाभार्थियों एवं उपस्थित लोगों को जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ. नकीब, यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधि मो. नैयर हसनैन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी एवं यूनिसेफ के बीएमसी श्याम खत्री द्वारा किया गया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य रामकुमार राम, यूनिसेफ के एसएमसी अर्शी अली खान आदि उपस्थित रहे।

